फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 29, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, सोमवार, 6 मार्च, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : जीत के बाद हरमनप्रीत कौर बोलीं- कप्तानी का दरोमदार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए करता है प्रोत्साहित

अन्दर : आटे-दाल का भाव याद दिलाता गेहूं

# सीबीआई-ईडी के खिलाफ विपक्ष लामबंद

## नौ विपक्षी नेताओं ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के मामले पर अरविंद केजरीवाल समेत विपक्ष के नौ नेताओं ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। चिट्ठी में कहा गया है कि इस बात से आप सहमत होंगे कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, उन कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक लोकतंत्र से तानाशाही की ओर बढ़ रहे हैं।

पत्र में कहा गया कि 26 फरवरी 2023 को दिल्ली में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी काफी लंबी कवायद के बाद और बिना कोई सबूत साझा किए की गई। सिसोदिया पर लगाए गए सभी आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। इस कार्रवाई से पूरे देश की जनता में रोष है। मनीष सिसोदिया को स्कूल शिक्षा में शानदार बदलाव लाने के लिए जाना जाता है। ऐसे में सिसोदिया की

**एकजुट विपक्ष**

**सिसोदिया की गिरफ्तारी दुनिया के सामने राजनीतिक साजिश**

**2014 में भाजपा के केंद्र की सत्ता में आने के बाद अधिक कार्रवाई**

गिरफ्तारी दुनिया के सामने राजनीतिक साजिश का उदाहण पेश करती है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्य भाजपा शासन में खतरे में हैं।

पत्र में आगे कहा गया कि 2014 में भाजपा के केंद्र की सत्ता में आने के बाद अब तक जिन नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों ने मामले दर्ज किए हैं, उनसे पूछताछ की है, उन्हें गिरफ्तार किया है या उनके आवासों या परिसरों पर छापेमारी की है, वे ज्यादातर विपक्षी पार्टियों से संबंधित हैं। रोचक बात यह भी है कि उन नेताओं के खिलाफ जांच की रफ्तार धीमी पड़ गई है, जिन्होंने अब भाजपा का दामन थाम



लिया है। चिट्ठी में ऐसे नेताओं का उदाहरण भी दिया गया है। कहा गया कि पूर्व कांग्रेस नेता और अब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा (भाजपा) के खिलाफ ईडी और सीबीआई ने 2014 और 2015 में शारदा चिट फंड मामले में जांच बैठाई थी। हालांकि, सरमा के भाजपा में आने के बाद जांच ठंडे बस्ते में चली गई। चिट्ठी में पूर्व तृणमूल कांग्रेस नेता सुवेंदु अधिकारी और मुहुल रॉय का भी जिक्र किया गया। चिट्ठी में कहा गया कि महाराष्ट्र के नारायण राणे समेत कई नेताओं के नाम ऐसे ही उदाहरण पेश करते हैं।चिट्ठी में उन विपक्षी नेताओं के बारे में भी बताया गया, जो इस वक्त केंद्रीय एजेंसियों की जांच सामना कर रहे हैं। इनमें लालू प्रसाद यादव (राजद), संजय राउत (शिवसेना उद्धव गुट), अजम खां (सपा), नवाब मलिक, अनिल देशमुख (एनसीपी) और अभिषेक बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस) के नाम शामिल हैं। चिट्ठी में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली जैसे राज्यों में राज्यपाल और सरकार के बीच चल रही तनातनी का भी जिक्र किया गया है।

पत्र में यह भी कहा गया कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में सरकार के कामकाज में राज्यपाल का हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिसके कारण केंद्र और राज्यों के बीच दूरियां बढ़ रही हैं। पत्र में आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में राज्यपाल जानबूझकर संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। पत्र के जरिए नेताओं ने केंद्रीय एजेंसियों की धूमिल हो रही छवि, उनकी स्वायत्तता और निष्पक्षता पर लगातार उठ रहे सवाल पर भी गहरी चिंता जताई है। चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी नेताओं में अरविंद केजरीवाल (आप), के. चंद्रशेखर राव (बीआरएस), ममता बनर्जी (तृणमूल कांगेस), भगवंत मान (आप), तेजस्वी यादव (राजद), फारूक अब्दुल्ला (जेकेएनसी), शरद पवार (एनसीपी), उद्धव ठाकरे (शिवसेना, यूबीटी), अखिलेश यादव (सपा) के हैं।

# वाराणसी में कार ने तीन को रौंदा, मौत



जनसंदेश न्यूज

**सारनाथ।** सारनाथ थाना क्षेत्र के सिंहपुर रिंगरोड के पास दिल दहलाने वाला हादसा हुआ। यहां ऑटो का इंजतार कर रहे एक ही परिवार के चार लोगों को बेकाबू कार ने रौंद दिया। घटनास्थल पर महिला समेत दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी जबकि चौथे को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद कार सड़क किनारे पलट गयी और चालक भी घायल हो गया। आक्रोशित लोगों ने कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशितों को शांत कराया और आगे की कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार सारनाथ थाना क्षेत्र के हृदयपुर निवासी विशाल राजभर उर्फ पुल्लू अपनी पत्नी इंद्रावती और दोनो नतिनी संध्या (तीन माह) अंशिका (3 साल) के साथ चोलापुर के भटूपुरावा गांव में बेटी पूजा के ससुराल में मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए निकला था।

इस दौरान विशाल राजभर की एक और बेटी आरती भी वहां थी लेकिन वह अपने पति के साथ बाइक से निकल गयी और अपनी तीन महीने की बेटी संध्या को मां इंद्रावती को पकड़ा दिया। सिंहपुर रिंगरोड बस स्टैंड के पास सभी दिन के तीन बजे ऑटो का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान तेज गति से आयी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े सभी को रौंदते हुए कुछ दूरी पर जाकर पलट गयी। हादसे में इंद्रावती और दोनों बच्चों की मौके पर मौत हो गयी जबकि विशाल उर्फ पुल्लू को स्थानीय लोगों की मदद से बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कार में जमकर तोड़फोड़ की।

घटना पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर उन्होंने सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंची सारनाथ पुलिस, तहसीलदार राजस्व और सहायक पुलिस आयुक्त प्रकाश राय ने कानूनी कार्रवाई और मदद का भरोसा देकर भीड़ को शांत कराया। घटना में चोटिल कार चालक सवार तीन को जिला अस्पताल भिजवाया गया। कार पर नंबर प्लेट मध्य प्रदेश का है। ऐसे में पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि कार का मालिक कौन है।

**दुखद**

**मृतकों में दो मासूम भी शामिल चौथे की हालत गंभीर**

**मुंडन समारोह में बेटी के घर जाने के लिए ऑटो का परिवार कर रहा था इंतजार**

**घटनास्थल पर पहुंचे मंत्री अनिल राजभर के प्रतिनिधि**

हादसे की जानकारी होने पर घटना स्थल पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने अपने प्रतिनिधि को संजय सिंह को भेजा। संजय सिंह ने मृतक के परिवार को उचित मदद का भरोसा दिया, साथ ही आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

# एक्सप्रेसवे-नेशनल हाईवे पर सफर होगा महंगा

**नई दिल्ली।** सरकार एक बार फिर महंगाई के झटके लगाने की तैयारी कर रही है और इस बार सड़कों पर गाड़ी चलाना और महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) एक्सप्रेस वे और नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत 1 अप्रैल से एनएचएआई टोल की दरों में 5 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकती है। यानी आपका नेशनल हाइवेज और एक्सप्रेसवे वाली सड़कों पर गाड़ी चलाना महंगा होने जा रहा है।

गौरतलब है कि वर्तमान में एक्सप्रेस-वे पर 2.19 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से टोल टैक्स वसूल किया जा रहा है। इसमें अब 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। 25 मार्च तक सभी पीआईयू से संशोधित टोल दरों का प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। सड़क और परिवहन मंत्रालय की मंजूरी के बाद 1 अप्रैल से इन्हें लागू किए जाने की संभावना है। कार और हल्के वाहनों के लिए टोल दरों में 5 फीसदी की बढ़ोतरी होगी, भारी वाहनों के टोल टैक्स में 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।

ईस्टर्न पेरिफेरेल एक्सप्रेस-वे, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे से लेकर यमुना एक्सप्रेस-वे पर टोल की दरें बढ़ने जा रही हैं और आगामी एक अप्रैल से इन शानदार हाईवेज पर सफर करने के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना होगा। गौरतलब है कि एक्सप्रेस वे पर वर्तमान समय में लगभग 20 हजार वाहनों की आवाजाही प्रतिदिन हो रही है। एक्सप्रेस वे पर वाहनों की आवाजाही की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। एक अनुमान के मुताबिक आने वाले समय में एक्सप्रेस वे पर लगभग 50 से 60 हजार वाहन प्रतिदिन गुजरने लगेंगे। लोगों को चौतरफा महंगाई के झटकों से जूझना पड़ रहा है और हाल ही में 1 मार्च को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में बड़ा इजाफा हुआ है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा हुआ है और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में तो 350.50 रुपये की भारी-भरकम बढ़ोतरी कर दी गई है।

**जेब होगी ढीली**

**नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर बढ़ेंगी टोल की दरें**

**लगातार बढ़ रही है एक्सप्रेसवे पर वाहनों की आवाजाही**



## मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी बरी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस हेल्पलाइन 100 पर एक फोन कॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी एक व्यक्ति को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष किसी को जान से मारने की धमकी साबित करने के लिए कोई सबूत दिखाने में विफल रहा। आनंद परबत पुलिस ने जनवरी 2019 में प्रधानमंत्री के खिलाफ हेल्पलाइन पर कॉल करने और अपमानजनक भाषा और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मोहम्मद मुख्तार अली के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आरोप पत्र दायर किया था। धारा 506 आपराधिक धमकी से संबंधित है और इसका दूसरा भाग उन लोगों के खिलाफ लगाया जाता है जो मौत या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देते हैं। पुलिस के मुताबिक, मुख्तार अली ने दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर न सिर्फ प्रधानमंत्री को मारने की धमकी दी, बल्कि उनको अपशब्द भी कहे थे।

CUET CHS
BHU / DU / AU
ENTRANCE EXAM - 2023
9th & 11th
B.Sc, B.Com, B.A, LL.B
Selection
1218 in CUET
155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. सिगरा बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही, वाराणसी
9335418689, 9335720660

## भारतीय नौसेना ने किया ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने रविवार को अरब सागर में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। नौसेना के अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रह्मोस प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। इसमें रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा डिजाइन किया गया स्वदेशी सीकर और बूस्टर लगाया गया है। नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल ने अरब सागर में सफलता पूर्वक सटीक हमला किया। ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण कोलकाता श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत से किया गया। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है। मिसाइल का सफल परीक्षण आत्मनिर्भरता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ऐसी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करती है जिन्हें पनडुब्बी, युद्धपोतों, युद्धक विमानों या फिर जमीन से लांच किया जा सकता है।

# त्रिपुरा में सीएम के नाम पर फंसा पेंच

**अगरतला।** त्रिपुरा में नए सीएम के नाम को लेकर पेंच फंसता दिख रहा है। सीएम को लेकर विधायकों में कोई आम सहमति बनती नहीं दिख रही है। इसी के चलते पूर्वोत्तर में भाजपा के संकटमोचक कहे जाने वाले हिमंत बिस्वा सरमा को पार्टी की स्थानीय इकाई के भीतर गुटबाजी खत्म करने के लिए त्रिपुरा भेजा गया है। सरमा मुख्यमंत्री पद के लिए सर्वसम्मत उम्मीदवार की राह तय कर सकते हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि निवर्तमान मुख्यमंत्री माणिक साहा को एक वर्ग पसंद कर रहा है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब के समर्थक भी शामिल हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायक दल के नेता का चयन करने के लिए नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की एक बैठक होगी, लेकिन तारीख अभी तय नहीं हुई है।

**सियासत**

**बीजेपी विधायकों में गुटबाजी खत्म कर हिमंत सरमा बनेंगे संकटमोचक**

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि साहा संभवतः केंद्रीय नेतृत्व की पसंद हैं क्योंकि वह गैर-विवादास्पद साबित हुए हैं और उनसे उम्मीद है कि वे आदिवासी क्षेत्रों को शांत रखने के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करेंगे, जिन्होंने अपनी ग्रेटर तिप्रालैंड राज्य की मांग पर टिपरा मोथा के लिए बड़े पैमाने पर मतदान किया है। पार्टी के नेता जल्द ही 8 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा भाग लेने वाले हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री भौमिक धनपुर विधानसभा सीट से सहज अंतर से निर्वाचित हुए हैं। देब की जगह पिछले साल 14 मार्च को जब साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया था, तब मंत्री राम प्रसाद पॉल के नेतृत्व में भाजपा विधायकों के एक समूह ने पार्टी विधायकों की एक बैठक के दौरान नाराजगी व्यक्त की थी।

राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार शेखर दत्ता ने कहा कि समझौते के तहत भौमिक को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, "यह समझना होगा कि भाजपा ने साहा के नेतृत्व में कठिन परिस्थितियों में चुनाव लड़ा और जीता। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री ने भी अपने प्रचार अभियान के दौरान साहा को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के तौर पर पेश किया था।

# अब आत्मनिर्भर बन रहे युवा : सीएम योगी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लखनऊ में आयोजित लखनऊ कौशल महोत्सव में शामिल हुए और युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वह रविवार को कॉल्विन तालुकेदार कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कौशल मिशन ने युवाओं को नई उड़ान, नई पहचान और नया मंच प्रदान किया है। इसके तहत युवा अब आत्मनिर्भर बन रहे हैं। संस्थाओं और उद्योगों के सहयोग से युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सर्वाधिक युवा देश है। उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक युवा हैं। युवाओं को अपनी उड़ान के लिए एक मंच चाहिए। जब पीएम ने राष्ट्रीय कौशल मिशन की शुरूआत की थी तो लोगो को लगता था कि ये मिशन क्या कर पायेगा। मिशन ने युवाओं को एक नई पहचान दी है। सीएम योगी ने कहा कि आज समय आ गया है कि हम स्थानीय संस्थानों को भी उद्योग के साथ जोड़कर आने वाले समय के लिए मेहनत की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी इकाई को कौशल विकास के साथ जोड़े। उन्होंने कहा हाल ही में प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ 150 आईटीआई के समझौता ज्ञापन (एमओयू) को आगे बढ़ाया है, जिसमें हर साल 35,000 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। हम नए दौर के अनुरूप उनके कौशल विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे।" मुख्यमंत्री ने कहा कि टीटीएल ने अपनी सहयोगी इकाइयों में उन युवाओं को शामिल करने की गारंटी दी है और अगले दस वर्ष तक वह राज्य सरकार के साथ इस कार्यक्रम से जुड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं सभी निवेशकों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार उनके निवेश की सुरक्षा की पूरी गारंटी देती है। सरकार न केवल सुरक्षित बल्कि लाभदायक निवेश के जरिये आपके कारोबार के विकास में योगदान देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने राज्यपाल को होली की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल को राम राज्य नामक पुस्तक भी भेंट की।

**कौशल महोत्सव**

**मुख्यमंत्री योगी कौशल महोत्सव में हुए शामिल, युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए**

**बोले-प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय कौशल मिशन ने युवाओं को नई उड़ान, नई पहचान और नया मंच प्रदान किया**




# अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका, चार घायल

**बहराइच।** जिले के रामपुर धोबिया बाजार में रविवार सुबह अवैध पटाखा फैक्टरी में गोला बनाते समय धमाका हो गया। धमाके की गूंज आसपास क्षेत्रों में भी सुनने को मिली। धमाके में एक बालक समेत चार लोग घायल हुए हैं। खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर बाजार निवासी जुम्मन घर में अवैध पटाखा बनाने का कारोबार करता है।

सहालग होने के चलते इस समय प्रतिदिन पटाखा घर के अंदर बनता है। रविवार को जुम्मन घर में ही पटाखा बना रहा था तभी अज्ञात कारणों से विस्फोट हो गया। विस्फोट के चलते एक बालक और तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। विस्फोट की जानकारी पर खैरीघाट के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी और चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। इनमें सभी महिलाओं की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि पटाखा बनाते समय विस्फोट हुआ है। मामले की जांच चल रही है। रामपुर धोबिया बाजार में पटाखा फैक्टरी से विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास गांव के लोगों के कानों तक धमाके की गूंज पहुंची।

**इलाका थर्राया**

**आसपास गांव के लोगों के कानों तक धमाके की गूंज**

## फ्लाइट में फिर सामने आया पेशाबकांड

**मुंबई।** अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट में नशे में धुत एक भारतीय आदमी ने अमेरिकी यात्री के ऊपर पेशाब कर दी। घटना 3 मार्च की बताई जा रही है। मामला अब सामने आया है। ये फ्लाइट न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही थी। एयरलाइन का कहना है कि घटना के बाद आरोपी ने माफी मांग ली थी। लेकिन, एयरलाइंस ने आरोपी पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने कहा- फ्लाइट 292 में अमेरिकी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला एक छात्र शराब के नशे में धुत होकर यात्रा कर रहा था। छात्र का नाम आर्य वोहरा है। उसने सोते समय पेशाब कर दी, जो लीक होकर पास बैठे यात्री पर गिर गई। इस बात की शिकायत क्रू से की गई।

**नशे में धुत पैसेंजर ने साथी यात्री पर किया पेशाब**

# असद-गुड्डू समेत 5 आरोपियों पर ढाई लाख का इनाम

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के फरार मेन शूटर्स पर घोषित इनाम बढ़ा कर ढाई-ढाई लाख कर दिया गया है। इसकी घोषणा डीजीपी डॉ डीएस चौहान ने की है। फरार मेन शूटर्स का पता बताने वालों को ढाई-ढाई लाख का इनाम देने की घोषणा की गई है। उमेश पाल हत्याकांड में लीड रोल में सामने आया शूटर असद पुत्र अतीक अहमद पर भी ढाई लाख का इनाम रखा गया है। वहीं शूटर अरमान और बगल की दुकान पर पहले से घात लगाकर खड़ा शूटर गुलाम मोहम्मद पर ढाई-ढाई लाख का ईनाम रखा गया है। उमेश पाल पर हमला करते समय सीसीटीवी फुजेज में दिखाई दे रहे बमबाज शूटर गुड्डू मुस्लिम पर भी ढाई लाख का इनाम घोषित किया है। वहीं एक और मेन शूटर साबिर पर भी ढाई लाख का इनाम घोषित किया गया है। बता दें कि प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेमसराय बाजार जीटीरोड पर 24 फरवरी शुक्रवार को शाम करीब 4:45 बजे बीजेपी नेता व अधिवक्ता उमेश पाल पर दुस्साहसिक हमला हुआ। हमलावरों चौतरफा घेरकर गोली व बम बरसाये। जिसमें उमेश पाल उनकी सुरक्षा में लगे दो गनर सिपाहियों की मौत ही गयी थी। प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में शामिल मेन शूटरों पर 50 हजार से बढ़ाकर 2.50 लाख रुपए का इनाम कर दिया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ने इनाम बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा था, जिस पर मुहर लग गई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की कुछ दिन पहले प्रयागराज में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी माफिया से नेता बना अतीक अहमद है, जो वर्तमान में गुजरात की एक जेल में बंद है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत के आधार पर धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, सहयोगी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम तथा नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर धारा 147 (दंगा), 148 (दंगे, घातक हथियार से लैस), 149 (गैरकानूनी सभा के प्रत्येक सदस्य को सामान्य वस्तु के अभियोजन में किए गए अपराध का दोषी), 302 (हत्या), 307, 506 और 120 बी और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जया पाल ने आरोप लगाया कि उनके पति उमेश पाल राजू पाल हत्याकांड में मुख्य गवाह थे। वर्ष 2006 में अतीक अहमद और उसके सहयोगियों ने उनका अपहरण कर लिया और उन्हें अपने पक्ष में अदालत में बयान देने के लिए मजबूर किया था।

**उमेश पाल हत्याकांड**

**राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश की उनके आवास के बाहर गोली मारकर की गई थी हत्या**

**धूमनगंज के सुलेमसराय बाजार जीटीरोड पर 24 फरवरी को हुआ था हमला**



# ट्रक के धक्के से घायल बाइक सवार की मौत

**दुखद**

### मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रपट दर्ज

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय हाइवे ओवर ब्रिज पर शनिवार को दिन में दो बजे ट्रक की टक्कर में बाइक सवार मनोज यादव (26) और उसकी बहन उर्मिला (42) गंभीर रूप से घायल हो गये थे। मोहनसराय चौकी इंचार्ज शिवानंद सिसोदिया की मदद से दोनों को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान रविवार को मनोज की मौत हो गयी जबकि बहन का उर्मिला का इलाज जारी है। मौत की जानकारी होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के भाई विनोद यादव ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।



मनोज यादव की पत्नी आरजू देवी और परिवार के लोग मौत की जानकारी के बाद बेसुध हैं। मनोज आठ माह के बच्चे का पिता था। लोहता थाना क्षेत्र के सरवनपुर निवासी मनोज यादव लंका थाना क्षेत्र के डाफी नैपुरा गांव में अपनी बीमार बहन उर्मिला के घर गया हुआ था। यहां से उर्मिला को लेकर वह बाइक से दवा दिलाने रूपापुर जा रहा था। मोहनसराय हाईवे स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मारी और दोनों नीचे गिरे। मनोज को ज्यादा चोट आयी थी। स्थनीय पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया था। लेकिन इलाज के दौरान मनोज की मौत हो गयी।

## गंगा में कूदी किशोरी मल्लाहों ने बचायी जान

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के मलहिया इलाके में स्थित विश्व सुंदरी पुल से 17 वर्षीय किशोरी ने रविवार रात छलांग लगा दी। इस दौरान वहां मौजूद मछुआरों ने तत्परता दिखाते हुए किशोर को बचा लिया और रमना चौकी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। उसकी हालत चिंताजनक बनी है। किशोरी की पहचान सौम्या भारती के तौर पर हुई।

## सात को देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी

**वाराणसी।** होली के अवसर पर होलिका दहन के अगले दिन आबकारी अधिनियम की धारा 59 के अन्तर्गत कानून व्यवस्था व लोक शांति बनाये रखने के लिए जनपद वाराणसी की समस्त देशी शराब व विदेशी मदिरा, बीयर, भांग व ताड़ी की समस्त दुकानें 7 मार्च को बंद रहेगी। इसके साथ ही सम्पूर्ण गोमती जोन व वरुणा जोन के थाना चौबेपुर व चोलापुर के अन्तर्गत आने वाली समस्त आबकारी दुकानों को 8 मार्च को पूर्ण दिवस बंद रखने का आदेश जिला प्रशासन की ओर दिया गया है। यह आदेश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने दिया है।

### मधुमेह एवं हृदय रोग जटिलता पर व्याख्यान

वाराणसी। कार्डियाबकान सोसाइटी एवं पैलेसिया अन्तर्विभागीय शोध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेमिनार कार्डियाषमान में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि अनियमित दिनचर्या के कारण लोगों मे हृदय रोग व मधुमेह की समस्या हो रही है। इसके लिए अपनी लाइफ स्टाइल को बदलना होगा।

## खाद्यान्न घोटाले में शामिल पूर्व कोटेदार गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### ईओडब्लू निरीक्षक सुनील वर्मा की टीम ने आरोपी को घर से दबोचा

**वाराणसी।** ईओडब्लू वाराणसी की टीम ने बलिया में साल 2002 -2005 के बीच सरकार की ग्रामीण रोजगार योजना के तहत पैसा गबन का आरोपी पूर्व कोटेदार दबोचा।



योजना के तहत गरीब और बाल श्रमिकों के परिवार को रोजगार देकर खाद्यान्न और नकद धनराशि का भुगतान किया जाना था। इसकी जिम्मेदारी आलाधिकारियों के अलावा ग्राम्य विकास से जुड़े अधिकारियों को दी गई। लेकिन मानको की अनदेखी कर योजना को असफल कर दिया गया। इसकी जांच ईओडब्लू को सौंपी गयी। जांच में जनपद के अधिकारियों, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ साथ सेक्रेटरी, कोटेदार और ग्राम प्रधान को भी दोषी पाया है। ऐसे में दोषियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिदेशक ईओडब्लू आरके विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू ने टीम गठित कर इसकी जिम्मेदारी निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा को दी। सुनील वर्मा की टीम ने सटिक जानकारी पर रविवार को गबन में शामिल अभियुक्त कोटेदार श्रीराम प्रसाद निवासी सुल्तानपुर (हल्दीचट्टी) थाना हल्दी बलिया को उसके घर से दबोचा। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक के अलावा निरीक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, अरविंद कुमार, मुख्य आरक्षी शशिकांत सिंह रहे।

## संक्षेप

### प्रशांत सिंह अध्यक्ष और रामकुमार बने महामंत्री



**रामनगर।** दी लायर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में रविवार को चुनाव अधिकारी लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा की देख रेख में चुनाव संपन्न हुआ। अधिवक्ता प्रशांत सिंह सिंह अध्यक्ष और रामकुमार यादव उर्फ राजू महामंत्री को निर्विरोध चुने गये। इनके अलावा अन्य पदाधिकारी भी निर्विरोध चुने गये। लक्ष्मेश्वर के अनुसार सुरेंद्र यादव संगठन के नए उपाध्यक्ष और दिनेश यादव कोषाध्यक्ष बने। सभी का कार्यकाल एक साल का होगा। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने में अधिवक्ता उमेश पाठक, विष्णु श्रीवास्तव,विध्नेश्वर चौरसिया,खालिद सिद्दकी, योगेंद्र पाठक ने योगदान दिया।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**चोलापुर।** चोलापुर थाना के महावीर बाजार में रविवार की चार पहिया वाहन के चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि गोद में बैठा एक साल का बच्चा बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार जमुवा बाजार के इटई निवासी जितेंद्र पटेल (25) पत्नी अर्चना पटेल और एक साल के बच्चे को लेकर चोलापुर के लखराव स्थित अपने ससुराल के लिए निकले थे। शाम करीब शाम तीन बजे महावीर मंदिर के सामने सड़क पर बने कट से बाइक निकालते वक्त पांडेयपुर से आजमगढ़ के तरफ से आ रही कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये जबकि बच्चा छिटककर दूर जा गिरा। मामले की जानकारी होने पर लोगों ने कार चालक को कुछ दूरी पर दबोचा और पुलिस को सौंपा। कार में चालक के अलावा तीन अन्य सवार थे। पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

## टॉप टेन अपराधियों पर लगाएं गुंडा एक्ट :सीपी



**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और एडिशनल सीपी अपराध एंव मुख्यालय संतोष कुमार सिंह ने शनिवार की देर रात टीपी लाइन में मातहतों संग क्राइम समीक्षा बैठक की। सीपी ने तीनों जोन के तहत आने वाले थानों में दर्ज टॉप टेन अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करने को कहा।

होली और शब-ए-बारात को लेकर तीनों जोन के डीसीपी को निर्देशत किया गया। उन्हें जोन वार नकली शराब व कच्ची शराब के खरीद-बिक्री पर नजर बनाये रखने और सूचना मिलने पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और उनकों प्रॉपर चेक करने को कहा गया। आपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई को कहा गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगतार फूट पेट्रोलिंग व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से संवाद करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीसीपी काशी जोन राम सेवक गौतम,डीसीपीजोन गोमती जोन विक्रान्त वीर, डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह, डीसीपी यातायात प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस उपायुक्त (सूरक्षा) सूर्यकान्त त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## शोषण के विरोध में15 को रास्ता रोको आंदोलन

**वाराणसी।** ईपीएस -95 पेंशनरों के शोषण के विरोध में आगामी 15 मार्च रोडवेज के पेंशनर रास्ता रोको आन्दोलन करेंगे। उत्तर प्रदेश के समस्त मंडलों के प्रतिनिधियों की राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने बताया कि 15 मार्च को उत्तर प्रदेश में सात स्थानों पर रास्ता रोको आंदोलन पर निर्णय लिया गया, जिसमें वाराणसी गोरखपुर कानपुर लखनऊ बरेली मेरठ आगरा शामिल है। समिति की ओर से आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी से अपील की गयी है। ईपीएफ-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश वाराणसी जोन के पूर्वी क्षेत्र सचिव शिव कुमार सिंह ने बताया कि 15 मार्च को कैंट स्टेशन पर दस बजे से आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा। बताया कि लगातार वार्ता के बाद भी पेशनरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है ऐसे में आन्दोलन से ही अपनी बात पहुंचायी जायेगी।


# अब राष्ट्रीय स्तर पर होगी लिखित परीक्षा

**अग्निवीर**

### सेना में आईटीआई और एनसीसी समेत नेशनल खिलाड़ियों को वेटेज

**वाराणसी।** सेना में अग्निवीर बनने के लिए पुरानी व्यवस्था में बदलाव किया गया है अब लिखित परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर होगी। इसके तहत ट्रेड के आईटीआई होल्डर, एनसीसी सर्टिफिकेट वाले और खिलाड़ियों को लिखित परीक्षा में बोनस अंक मिलेगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी के निदेशक ऋषि दुबे ने रविवार को दी।

कर्नल ऋषि दुब ने बताया कि एनसीसी में सी सर्टिफिकेट और रिपब्लिक-डे के परेड में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 25 अंक, एनसीसी में केवल सी सर्टिफिकेट पर 20 अंक, बी सर्टिफिकेट पर 15 और ए सर्टिफिकेट वाले अभ्यर्थियों को 10 अंकों का बोनस मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय खेल स्पधाओं में मेडलिस्ट खिलाड़ियों



को 25 अंक, नेशनल पदक जीतने वालों को 20, राज्य स्तरीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 15 अंकों का बोनस मिलेगा। जबकि आईटीआई किये अभ्यर्थियों को 50 अंकों की छूट मिलेगी।

वहीं दूसरी तरफ अग्निवीर भर्ती परीक्षा की संभावित तारीख कार्यालय की तरफ से 17 अप्रैल बतायी गयी। हालांकि इसकी अधिकृत जानकारी सेना के वेबसाइट पर जारी की जाएगी। परीक्षा के लिए वाराणसी में 10 सेंटर होंगे, जबकि गोरखपुर में नौ सेंटर होंगे। परीक्षाएं 15 दिन तक चलेगी और तीन शिफ्ट में करायी जायेंगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधा के अनुसार कहीं का भी सेंटर डाल सकता है। पांच विकल्प देने होंगे। इनमें से कोई सेंटर आवंटित किया जा सकेगा। सेना भर्ती कार्यालय से जुड़े जिलों वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही, आजमगढ़, बलिया, मऊ, देवरिया, गोरखपुर के अभ्यर्थियों की रैली रणबांकुरे मैदान में ही होगी।

### पारदर्शिता के लिए डीजी लॉकर से लिंक

निदेशक ने बताया कि इस बार पारदर्शिता के लिए सेना के वेबसाइट को डीजी लॉकर से लिंक किया गया है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी यह ध्यान दें कि अपना डीजी लॉकर क्रिएट कर उसमें प्रमाणपत्र सुरक्षित रखकर उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि किसी भी संशय की स्थिति में मदद के लिए सेना का हेल्पलाइन नंबर- 7996157222 वाराणसी सेना भर्ती कार्यालय का हेल्पलाइन नंबर - 05422506655, 7518900198 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जेल से फरार अपराधी राजू बंगाली पर मुकदमा दर्ज

**ऐक्शन**

### जेल से भागकर पत्नी के यहां जाकर दी धमकी, तलाश में लगी पांच थानों की पुलिस

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जेल पुलिस को चकमा देकर फरार बदमाश राजू सिंह उर्फ बंगली पर जेलर की तहरीर पर लालपुर पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। वहीं पुलिस फरार राजू बंगली की तलाश में जुट गयी है। अभी उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा। देर रात उसकी तलाश में पांच थाने की पुलिस दबिश देती रही लेकिन उसका सुराग नहीं लगा।

राजू बंगली जेल के बैरक नंबर एक में अपनी पत्नी से दुष्कर्म, मारपीट और जबरन देह व्यापार कराने का दबाव बनाने के मामले में बंद था। शनिवार दोपहर दो बजे मुलाकातियों में शामिल हो गया और हाथ में मुहर का थप्पा लगवाया। इस तरह उसने जेल पुलिस को चकमा दिया और भाग निकला। मामले की जानकारी तब हुई जब कैदियों को जेल प्रशासन मिलान कराने लगा पता चला कि राजू बंगाली गायब है। आनन-फानन में लालपुर पांडेयपुर और चौबेपुर की पुलिस को उसकी तलाश में लगाया गया। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि वह टकटकपुर में दो मंजिला मकान में पाइप के सहारे अपनी पत्नी के कमरे में पहुंचा है और धमकी दे रहा है। उक्त सूचना पर जब पुलिस वहां दबिश देती वहां से निकल गया। उसकी तलाश में जेल प्रशासन के अलावा लालपुर-पांडेयपुर, कैंट , शिवपुर, चौबेपुर, चोलापुर थाने की पुलिस दबिश दे रही हैं।

# 42 किलो छेना मौके पर ही कराया नष्ट

**कार्रवाई**

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रवर्तन दलों ने अबतक किया 148 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 82 सैंपल एकत्र

**जनसंदेश न्यूज**



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से रविवार को भी खाद्य सामग्री के प्रतिष्ठानों और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कार्य जारी रहा

**वाराणसी।** जनपद में होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से रविवार को भी छापेमारी जारी रही। महकमे के प्रवर्तन दल ने चितईपुर क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठान में साफ-सफाई का ध्यान रखे बगैर छेने की मिठाइयां बनाने और उसी परिस्थिति में बेचते पाये जाने पर 11760 रुपये मूल्य का 42 किलो छेना मौके पर ही नष्ट करा दिया।

खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के उद्देश्य से विभाग के सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह मुहिम चल रही है। उन्होंने बताया कि रविवार को चितईपुर, खनांव, नुआंव, नरायनपुर डाफी, करखियांव, कर्मजीतपुर, सुंदरपुर, लंका, कचनार, मोहनसराय, कटेहर, जैतपुरा इलाके में स्थित 37 प्रतिष्ठानों का मुआयना कर खोवा, छेना, गुलाब जामुन, पनीर, मैदा, नमकीन, दूध, बर्फी, बेसन, पापड़ आदि के 21 सैंपल एकत्र किये गये।

उन्होंने बताया कि बीते एक मार्च से जारी अभियान में अबतक कुल 148 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 86 नमूने लिए जा चुके हैं। महकमे के प्रवर्तन दलों में मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी अमित, खाद्य सुरक्षाधिकारी रमेश सिंह, राकेश, योगेश कुमार राय, गोविंद यादव, रजनीश कुमार, अवनीश कुमार सिंह, मानवेंद्र कुमार सिंह, सीताराम सिंह कुशवाहा, राजू पाल, विजय बहादुर, बेबी सोनम, सुप्रिया सिंह, रीता, शीत कुमार सिंह, सम्राट श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रताप नारायण सिंह, सरोज कुमार, महातिम यादव, राजकुमार यादव रहे ।जजज

## चार साल से दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम चार साल के मासूम बच्ची को चॉकलेट का लालच दुराचार के आरोपी को पुलिस ने दबोचा। अभियुक्त की पहचान करधना (भटपुरवा) गांव निवासी आरोपी युवक जुलकर नैन 'बोम्मल' के तौर पर हुई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि शुक्रवार की शाम चार साल की मासूम बच्ची को पास के युवक ने चॉकलेट का लालच देकर कमरे में ले जाकर बच्ची के साथ दुराचार करने के मामले में इसके खिलाफ शनिवार को रपट दर्ज हुई थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, एसआई हरिकेश यादव, कांस्टेबल आशुतोष सिंह, विकास यादव, कमलेश यादव समेत अन्य लोग रहे।

## रचना का रचित होना व्यक्ति के जीवित होने का प्रमाण: डा. मुक्ता

**संबोधन**

### देव लखनवी रचित ‘चरखी’ पुस्तक का हुआ विमोचन

**वाराणसी।** बेलिहाजी. अंदाज एवं प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट लमही के संयुक्त तत्वावधान में देव लखनवी रचित ₹चरखी₹ पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ में युवा काव्य पाठ भी हुआ। मुख्य अतिथि डॉ मुक्ता ने कहा,₹ रचना का रचित होना व्यक्ति के जीवित होने का प्रमाण है। रचनाएं वह बीज की तरह होती है, जो आगे चलकर वृक्ष का रूप लेती है। देव लखनवी की रचनाएं भी आगे चलकर एक वटवृक्ष बनकर तैयार होगा। साथ में निजाम बनारसी ने कहा कि युवा कवि तो युवा है पर इनकी कविताएं परिपक्व देंगी। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह, अंकिता वर्मा, असला अंबर, नंदिता कृष्णा, ऋषिकेश रोशन, साजिद हयात, सरताज फकीर, श्रुति गुप्ता मकबूल आलम, प्राप्ति, प्रतिभा, लाल चंद्र, सोनू, सुनील, रेहान, दिव्या, की काव्य प्रस्तुति के साथ में सांस्कृतिक आयोजन भी किया गया। इस मौके पर सच्चितानंद व राजीव गोंड और प्रीतेश आचार्य, डा शुभा श्रीवास्तव ने बच्चों का सम्मान किया। संचालन डॉ ज्योति सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद कुमार ने दिया। स्वागत पुस्तक के रचयिता देव लखनवी ने किया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य साहित्य प्रेमी जन सुधि जन उपस्थित रहे।



**शुद्धि-पत्र**

जनसंदेश टाइम्स वाराणसी संस्करण के दिनांक 05.03.2023 में पेज नम्बर 02 पर प्रकाशित ग्रामपंचायत सोनबरसा, बलिया के विज्ञापन में भूलवश वि0 ख0 का नाम मुरलीछपरा की जगह बैरिया छप गया है। अतः वि0 ख0 का नाम मुरलीछपरा सही पढ़ा जाये। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परवा, वि0 ख0 छानबे, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत फेज 2 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा क्रय, साइकिल रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली, मिनी जेसीबी व आरआरसी सेंटर हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.03.2023 से निविदा सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 13.03.23 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समाप्त हो जाएगी। निविदा उसी दिन दिनांक 13.03. 2023 को 3:00 बजे तक खोली जाएगी।

सचिव — प्रमोद कुमार
ग्राम प्रधान — दिनेश कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरौठी पांडेय, वि0 ख0 छानबे, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत फेज 2 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा क्रय, साइकिल रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली, मिनी जेसीबी व आरआरसी सेंटर हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.03.2023 से निविदा सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 13.03.23 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समाप्त हो जाएगी। निविदा उसी दिन दिनांक 13.03. 2023 को 3:00 बजे तक खोली जाएगी।

सचिव — प्रमोद कुमार
ग्राम प्रधान — दिवाकर सिंह

## बाबा कालभैरव का वार्षिक शृंगार 25 को

वाराणसी। काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव का वार्षिक शृंगार 25 मार्च को भव्य रुप से आयोजित किया जायेगा। काल भैरव मंदिर के महंत पं.सुमीत उपाध्याय ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष इस शृंगार का आयोजन किया जाता है, बताया कि बाबा के इस शृंगार में 56 प्रकार का भोग बाबा का अर्पित किया जायेगा, विभिन्न सुगंधित पुष्पों से पूरा मंदिर परिसर सजाया जायेगा।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** सेंट जेवियर्स लॉ कॉलेज मेहनाजपुर आजमगढ़ में( संबंध महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़) मे ला विभाग हेतु स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य एक पद व प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी। **प्रबंधक : 9415172266**

## मनबढ़ दुकानकार ने प्रोफेसर को पीटा

**ये दुस्साहस**

### पुलिस से शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी

**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के पंचवटी चौराहे पर दुकानदारों ने रविवार की शाम हरिश्चंद्र कॉलेज के एक प्रोफेसर को पीट दिया। इतना ही नहीं पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जानकारी के अनुसार प्रोफेसर धीरेंद्र पांडेय अपनी मां के इलाज के लिए रामनगर होते हुए चंदौली जा रहे थे। पंचवटी चौराहे के पास एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक चालक को समझा रहे थे तभी मौके पर ट्रक चालक का पक्ष लेते हुए स्थानीय दुकानदार आकाश यादव उनसे उलझ गया, बात बढ़ी और प्रोफेसर को लगा पीटने। ये देख अन्य दुकानदार भी हाथ साफ करने लगे। इस बीच पुलिस वहा पहुंची तो सभी भाग निकले। प्रोफेसर धीरेंद्र पांडेय ने रामनगर थाने में तहरीर दी है।

चंदौली जिले के मुगलसराय थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी डॉ.धीरेंद्र कुमार पांडेय वाराणसी के हरिश्चंद्र कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। रविवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे अपनी मां उर्मिला देवी को इलाज कराने चंदौली के एक होम्योपैथिक डॉक्टर के पास कार से जा रहे थे। वे जैसे ही रामनगर के पंचवटी चौराहे पर पहुंचे पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। उनको हल्की चोट भी आई। वे गाड़ी से उतरकर ट्रक चालक को नीचे उतरने को कहने लगे। इतने में पास के चाय पान के मनबढ़ दुकानदार और रास्तापुर निवासी आकाश यादव ने ट्रक चालक का पक्ष लेते हुए प्रोफेसर पर हमला कर दिया। धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि मैं तुमलोगों की शिकायत करूंगा, इसपर पास के सभी दुकानदारों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। ड्यूटी कर रहे सिपाही सुनील गोंड ने आरोपियों को वहां से खदेड़ा। चौकी इंचार्ज शिव सहाय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है और मारपीट के आरोपी की तलाश की जा रही है।

## हाथरस गैंगरेप मामले में प्रदर्शन




**वाराणसी।** हाथरस में दलित लड़की के साथ हुए जघन्य गैंगरेप और हत्याकांड मामले में वर्षो बीत जाने के बावजूद न्याय न मिलने पर आक्रोश जताते हुए दखल संगठन की ओर से प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन और ज्ञापन लेने किसी अधिकारी के न आने पर नाराजगी जताई गई।

प्रदर्शन के बाद मामले में न्याय के लिए ज्ञापन लेने कोई नही आया, प्रदर्शन स्थल पर एलआईयू के लोग लगातार कहते रहे कि अधिकारी आ रहे है लेकिन ज्ञापन लेने मगर देर दोपहर तक बार बार बात करने के बावजूद कोई ज्ञापन तक लेने नहीं आया।

**आक्रोश**

### ज्ञापन लेने भी कोई अधिकारी नहीं आया

लैंगिक भेदभाव के खिलाफ काम करने वाले नारीवादी संगठन ‘दखल’ ने 2020 में हाथरस में दलित लड़की के साथ हुए इस दुखद और निर्मम काण्ड के खिलाफ पहल ली है।

कचहरी वाराणसी स्थित अम्बेडकर पार्क पर महिलाएं छात्राएं और बनारस के नागरिक समाज के लोगों ने पीड़िता को न्याय दो , दोषीजनों पर कार्यवाही हो, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करो, लैंगिक भेदभाव बंद करो, पितृसत्ता खत्म हो आदि नारे लिखे प्लेकार्ड लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन स्थल पर लोगो के बीच में बात रखते हुए डॉ इंदु पांडेय ने कहा की हम सबको याद करना चाहिए की 2020 में सितंबर महीने में एक शर्मनाक और नृशंस घटना घटी थी। प्रदर्शन करने वालो में प्रमुख रूप से नीति, नन्दलाल मास्टर, महेंद्र, सोनी, सानिया, शालिनी, विनय सिंह, मूसा, सना, रामधीरज, संतोष, सुरेश, राजकुमार गुप्ता,फादर आनंद, अश्वनी, रणधीर, राहुल, पारमिता, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-मुरलीछपरा विकास खण्ड-मुरलीछपरा, बलिया**

पत्रांक : मैमो-01/01.03.2023 — दिनांक-06.03.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

विकास खण्ड मुरलीछपरा के ग्राम पंचायत-मुरलीछपरा में (SLWM) के योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले कार्य के लिए ई रिक्शा व ठेलिया हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म दिनांक 06.03.2023 से 09.03.2023 तक दिन में ग्यारह बजे से दो बजे तक अपनी सीलबन्द निविदा ग्रामपंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा 10.03.2023 दिन में तीन बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्रामपंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक से किसी भी कार्य दिवस मे प्रातः 11.00 बजे से 03.00 बजे तक लिया जा सकता है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
कन्हैया कुमार
ग्रामपंचायत-मुरलीछपरा, विकास खण्ड-मुरलीछपरा, जनपद-बलिया

ग्राम प्रधान
गुलशन देवी
ग्रामपंचायत-मुरलीछपरा, विकास खण्ड-मुरलीछपरा, जनपद-बलिया



# वाराणसी



# ‘बाबा’ धाम में अब मोटे अनाज का लें प्रसाद

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**प्रदेश सरकार के निर्देश पर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में मिलेट्स के तैयार ‘श्रीअन्न प्रसादम’**

**जनपद की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रहीं बाजरा, गुड़, तिल और घी से लड्डू**

**वाराणसी।** काशी से निकली बात पूरी दुनिया में पहुंचती है। काशी विश्वनाथ धाम से दिया गया संदेश संपूर्ण विश्व में फैले सनातनी मानते हैं। योगी सरकार की पहल पर ‘बाबा’ को चढ़ाया गया मोटे अनाज का चढ़ा हुआ लड्डू प्रसाद के रूप में बिकने लगा है। ‘श्रीअन्न प्रसादम’ के नाम से यह लड्डू उत्तर प्रदेश ग्रामीण स्वरोजगार मिशन से संबद्ध स्वयं सहातया समूह की महिलाएं तैयार कर रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्तमान वर्ष 2023 को ‘मोटा अनाज वर्ष’ यानि ‘इंटरनेशनल मिलेट ईयर’ घोषित किया है। मोटा अनाज कई प्रकार के पोषक तत्वों से युक्त होता है। इससे तैयार खाद्य सामग्री खाने की अपील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दुनिया से कर रहे हैं। उन्होंने मोटे अनाज का नाम ‘श्रीअन्न’ करते हुए इसके पोषण तत्वों के कारण जनता से इसे अपनी भोजन की थाली में सम्मिलित करने की अपील की है।

वहीं, योगी सरकार ने भी इसे बढ़ावा देने के लिए बजट में इसके लिए अलग से प्रावधान किया है। शासन के निर्देश पर श्रीअन्न से बने प्रसाद की बिक्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में आरंभ कर दी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि स्वयं सहातया समूह की महिलाओं से काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए मोटे अनाज का प्रसाद बनवाया जा रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार मिशन यानि एनआरएलएम के उपायुक्त दिलीप कुमार सोनकर ने बताया कि पहले से काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रसाद बना रही थीं। अब वह ‘श्रीअन्न प्रसादम’ भी बना रही हैं। इसका मूल्य पहले से बेचे जा रहे प्रसाद के बराबर ही है। श्रीअन्न प्रसादम की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा गया है।



**शुद्ध घी एवं खोवा का भी स्वाद**

श्रीअन्न प्रसादम बना रहीं बेला पापड़ स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता जायसवाल के अनुसार यह प्रसाद बाजरा, गुड़, तिल, काजू, बादाम, शुद्ध देशी घी और खोवा से बनाया जा रहा है। फिलहाल 100 एवं 200 ग्राम वजन में के लड्डू के पैकेट ‘बाबा’ के दरबार में प्रसाद स्वरुप बिक्री के लिए रखा गया है।




## होली पर जल निकासी की बेहतर व्यवस्था

**वाराणसी।** होली के मद्देनजर नगर निगम की ओर से शहर में जल निकासी की व्यवस्था का पूरा इंतजाम किया गया है। जिसके लिए सीवर और नालों की सफाई अभी से शुरू कर दी गई है। नगर निमग सीमा के पांचों जोन में आने वाले 100 वार्डों में जल निकासी के लिए कर्मियों के क्षेत्रों का निर्धारण तय कर दिया गया है। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। होली पर पानी की खपत काफी बढ़ जाती है। जिससे अक्सर ही जल निकासी की भी समस्या होती है। जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए निगम की ओर से जोन वार अधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही संबंधित क्षेत्रों में सीवर और नालियों की सफाई एवं समय रहते मरम्मत कराने के लिए भी कहा गया है।

## औद्योगिक पार्क बने तो लगें कल-कारखाने

जितेंद्र श्रीवास्तव

**जमीन का रोड़ा**

**योगी सरकार ने लागू की है एमएसएमई पार्क योजना**

**मिलेगी स्टाम्प ड्यूटी में छूट तीन प्रकार की सब्सिडी भी**

**वाराणसी।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने एमएसएमई पार्क नामक योजना लागू की है। बताया जा रहा है कि जमीन की उपलब्धता न होने से एमएसएमई पार्क को कागज से बाहर लाने में उद्योग विभाग खुद को असहज पा रहा है। यदि जमीन की उपलब्धता हो जाती तो औद्योगिक पार्क का निर्माण होता और छोटे-छोटे सैकड़ों कल-कारखाने लगते। जब कल-कारखाने लगते तो हजारों लोगों को रोजगार भी मिलता। यहीं वजह है कि इस योजना को लागू हुए करीब पांच साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक इसे धरातल पर उतारा नहीं जा सका है।



योगी सरकार ने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के तहत एमएसएमई पार्क की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना लाई थी। योजना के तहत निजी क्षेत्र की ओर से 20 से लेकर 100 एकड़ तक के क्षेत्रफल में एमएसएमई पार्क विकसित किया जाना था। उद्यमियों की मानें तो एमएसएमई पार्क विकसित करने के लिए जमीन खरीदने वाले डेवलपर को स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट मिलने की बात है। जबकि पार्क में उद्योग की स्थापना के लिए जमीन खरीदने वाले पहले खरीदारों को स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत छूट देने का प्रस्ताव था।

उद्योग विभाग के सूत्रों की मानें तो औद्योगिक पार्क के निर्माण के दौरान डेवलपर को तीन तरह की सब्सिडी का भी प्रावधान है। इसके तहत निजी क्षेत्र को औद्योगिक पार्क के लिए जमीन खरीदने पर बैंक से लिए गए कर्ज पर अदा किये गए ब्याज पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। इतना ही नहीं, औद्योगिक पार्क में सड़क, नालियां व अन्य अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने के लिये गए बैंक लोन पर अदा किये गए ब्याज पर भी सब्सिडी दी जाती। पार्क में स्थापित की जाने वाली औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों के रहने के लिए आवास बनाने की खातिर लिये गए कर्ज पर अदा किये गए ब्याज पर भी सब्सिडी मिलती। इन तीनों प्रकार की सब्सिडी उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 में इन मदों के लिए प्रस्तावित प्रोत्साहनों का करीब 20 प्रतिशत दिया जाना है।

उद्योग विभाग के अधिकारी फिलहाल इस योजना पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। उनका सिर्फ इतना ही कहना है कि विभाग भी चाहता है कि निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क बने। इसके लिए 20 से लेकर 100 एकड़ तक एकमुश्त जमीन की उपलब्धता आड़े आ रही है। जमीन की तलाश लगातार जारी है। यदि किसी काश्तकार के पास इतनी जमीन हो तो वह खुद भी उद्योग विभाग से सम्पर्क कर औद्योगिक पार्क विकसित कर सकता है।

# जान जोखिम में डालकर हो रहा नौका विहार

**घोर लापरवाही**

**सुरक्षा का नहीं रखा जा रहा ख्याल, बिना लाइफ जैकेट के ओवरलोड चल रहीं नावें**

**प्रशासन ने मूंद लीं हैं आंखें, नगर निगम के साथ जल पुलिस की सक्रियता सवालों के घेरे में**

**वाराणसी।** काशी के गंगा घाटों पर भ्रमण करने के लिए आने वाले सैलानियों को गंगा में बिना लाइफ जैकेट के ही नाविकों द्वारा नौका विहार कराया जा रहा है। बिना लाइफ जैकेट के नौका विहार कराने पर नाविकों पर जुर्माने की भी प्रावधान है। पहले कहा गया था कि बिना लाइफ जैकेट गंगा में नाव संचालन कानूनन जुर्म होगा। पूर्व में घटी नाव दुर्घटना में लोगों की गई जान से चेतने का क्या दिखावा किया गया था। प्रशासन का इस बारे में अलर्ट न रहना तो घोर लापरवाही है। बगैर लाइफ जैकेट और ओवरलोड नावों के संचालन को रोकने के लिए न तो नगर निगम और न ही जल पुलिस की ओर से कोई बात हो रही है। होली करीब है और जाहिर है लोग नावों का यूं ही संचालन करते दिखेंगे। पूर्व में जिलाधिकारी की ओर से बगैर लाइफ जैकेट पहनाए नौका विहार कराने वालों पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया था। डीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि गंगा में लाइफ जैकेट के बिना नाव संचालन पर रोक लगाई गई है। इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त एक्शन लिए जाने के साथ ही जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा उन्होंने गंगा में चलने वाली नाव में लगे डीजल इंजन से होनेवाले प्रदूषण पर भी चिंता जताई थी। प्रतिदिन गंगा की लहरों पर बिना लाइफ जैकेट के लोगों को गंगा के आर-पार नावों के सफर पर जाते देखा जा सकता है। प्रशासन द्वारा गंगा में सुरक्षा के साथ निबंधित नावों को ही चलाने का निर्णय सरकार का है। लेकिन बिना निबंधन के ही ओवरलोडेड नावें गंगा में आ-जा रही हैं।



**लाइफ जैकेट की जगह रबर का ट्यूब**

ओवरलोड के कारण पटना में कई नाव दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन दुर्घटनाओं में अबतक कईयों की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर लाइफ जैकेट की जगह कुछ नावों पर रबर के ट्यूब देखने को मिल रहे हैं। होली पर गंगा घाटों पर शहर वासियों सहित देसी और विदेशी सैलानियों की जमघट लगती है। जिसमें ज्यादातर नौका विहार करते हैं। ऐसे में गंगा में नौका विहार करने वालों की संख्या आम दिनों से ज्यादा देखने को मिलती है। जिससे दुर्घटना की संभावना और भी बढ़ जाती है।

**नौका संचालकों पर होगी कार्रवाई**

झमता से ज्यादा सैलानियों को बैठाने पर प्रतिबंध है, ऐसा करने पर नौका संचालकों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा होली पर मदिरा पान करने वालों को बोट पर बैठने नहीं दिया जाएगा। वहीं कोई भी नाव गंगा पार रेती पर नहीं जाएंगी। सुरक्षा के लिए जल पुलिस की चार बोटों के साथ एनडीआरएफ और पीएससी की कुल लगभग 17 बोट तैनात रहेंगी।- **मिथिलेश यादव, जल पुलिस प्रभारी**

# घर से दूर हैं, कोई बात नहीं, खेलें वर्चुअल होली

**फागुनी मौसम**

**दूर बैठे रिश्तेदारों-नातेदारों पर करें रंगों की बौछार**

**वाराणसी।** फागुनी मौसम हो और आप घर से दूर किसी अन्य शहर में हो। उस पर आपकी व्यस्त जिदंगी हो। ऐसे में होली का लुत्फ भला कैसे उठाएं? इस सवाल का मस्त-मस्त जवाब है। वर्चुअल होली खेलिए। यहां भी होली का हर रंग मौजूद है। होली के पूर्व अवकाश न मिलने या फिर आवागमन के साधनों के अभाव के चलते बहुत लोग अपने घरों पर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में नेट फ्रेंडली युवा आजकल वर्चुअल होली में अपने यार-दोस्तों और दूर बैठे ही परिवार वालों को रंग रहे हैं। कई सोशल नेटवर्किंग साइट्स के अलावा होली पर बनी खास वेबसाइट पर जाकर आप अपने चाहने वालों को वर्चुअल रंगों से सराबोर कर सकते हैं। इन ऑनलाइन वेबसाइट से आप तरह-तरह के होली के ग्रीटिंग कार्ड्स, होली के कोटेशंस, गुदगुदाते एसएमएस और अन्य कई तरह से होली शुभकामनाएं अपने शुभचिंतकों तक पहुंचा सकते हैं, वो भी अपने मनपसंद रंगों में भर कर। अब तो वर्चुअल होली कार्ड भी इतने मजेदार है कि इसे पाने वाला भी किसी दूसरे को फारवर्ड किये बिना रह नहीं पाता।

**होली गीत, हुड़दंग रचनाएं और भी बहुत कुछ :** हालांकि गेम्स के अलावा आप इंटरनेट से बेहद लुभावने स्क्रीन सेवर भी डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें होली आपके मोबाइल स्क्रीन पर लगातार चलती रहेगी। इतना ही नहीं, ब्लॉग्स पर होली की खासी धुन मची है। यहां आपको होली की हुड़दंग रचनाओं के अलावा होली के गाने डाउनलोड करने का मौका भी मिलता है। नेट पर होली के तमाम तरह के फिल्मी और गैर फिल्मी गाने आप देख-सुन सकते हैं। लेकिन यह काम सावधानी से करें, कई जगह होली केवल व्यस्कों वाली भी है।

# होली बाजारों में उमड़ रही भीड़, खरीदार जमे

**मार्केट वॉच**

**कपड़ा, जूता, सौन्दर्य और खाद्यान्न दुकानों में बूम की स्थिति**

**रंग-अबीर-पिचकारी आदि की दुकानों पर भी उमड़े लोग**

**वाराणसी।** होली बाजारों में रविवार को जबर्दस्त भीड़ उमड़ी। कई बाजारों में तिल रखने की जगह नहीं थी। कपड़ा-जूता और खाद्यान्न की दुकानों पर बूम की स्थिति रहीं। मिठाई की दुकानों पर रेडिमेड गुझियां की डिमांड सर्वाधिक रही। बच्चों के साथ परिजनों ने खरीदारी की पर पॉकिट के हिसाब से। भीड़ ऐसी की पैदल चलना भी दुश्वार। रेडिमेड गारमेंट्स शोरूम के सेल्समैनों के पुकार की एक बानगी-‘आवा-आवा होलिया का कपड़ा लेते जा, ए भौजी, एक बहना, ए भइया, अइसन कपड़ा कतहू ना पइबा।’

बाजार दशाश्वमेध का रहा हो या फिर नयी सड़क, बेनिया, हथुआ मार्केट, लहुराबीर, मलदहिया, मालवीय मार्केट, विशेश्वरगंज, लक्सा, गुरुबाग, रथयात्रा, महमूरगंज, मंडुवाडीह, अर्दली बाजार, कचहरी, शिवपुर, पांडेयपुर, आशापुर आदि इलाकों में खुली कपड़े के प्रतिष्ठान रहे हो या फिर जूता-चप्पल-सैंडिल के। चटपटे नमकीन की बात हो या फिर ड्राई फूट्स की। इन दुकानों पर भीड़ खूब निकली। रंग-अबीर-गुलाल-पिचकारी-रंगीली टोपियों के लिए बच्चे खासे जिद करते नजर आए। इन बाजारों में अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों ने मनपसंद खरीदारी की। दुकानों पर उमड़ी भीड़ देख यह नहीं लगा कि महंगाई भी किसी चिड़िया का नाम है। प्रतिष्ठानों के कर्मचारी ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए लुभावने स्लोगन के साथ आवाज दे रहे थे। ग्राहकों ने भी छूट और ऑफर का जमकर लाभ उठाया। हर किसी ने अपनी पसंद के अनुसार तैयार परिधान, जूता, चप्पल, सैंडिल, सौन्दर्य प्रसाधन, बेल्ट आदि खरीदा। ड्राई फूट्स में मेवा, मखाना, किशमिश, काजू आदि की बिक्री हुई। रेडिमेड खाद्य सामग्रियों में पापड़, चिप्स, फिंगर के अलावा तरह-तरह के चटपटे नमकीनों की बिक्री भी खूब हुई। ठंडई की दुकानों पर भी भीड़ कम नहीं थी। देशी-विदेशी मदिरा की दुकानों पर भी ग्राहक खूब निकले।

## होली पर पानी की कमी नहीं होगी

**वाराणसी।** होली पर काशी वासियों को पानी की समस्या न हो इसके लिए नगर निगम की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। त्योहार के दिन नगर निगम सीमा में आने वाले सभी क्षेत्रों में पानी की किल्लत नहीं रहेगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों सहित ट्यूबवेल ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया है। होली पर लाखों लीटर पानी की खपत के मद्देनजर निगम की ओर से पहले से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार कर्मियों को पहले से ही आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पानी के सप्लाई की समस्या में किसी प्रकार की बाधा न हो इसके लिए जलकल को भी अलर्ट पर रहने को कहा गया है। ताकि शहर वासियों का त्योहार पानी के आभाव में फिका न पड़े। नगर अयुक्त शिपू गिरी ने बताया कि रंगों के त्योहार पर शहर वासियों को पानी की किल्लत नहीं होगी। इसके लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है। संबंधित अधिकारियों को भी इसके लिए निर्देशित किया गया है। नगर निगम और जलकल को इसकी पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जहां पहले से सप्लाई की समस्या है, उन स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। वहीं निर्बाध पानी की सप्लाई के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा ट्यूबवेल ऑपरेटरों को भी निर्देशित किया जा रहा है।

# दिल्ली से वाराणसी लौटने का हवाई किराया 20 हजार


**टिकट महंगा**

**ट्रेनों में सीट न मिलने के चलते घर आने के लिए लोग लेंगे हवाई यात्रा का सहारा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** होली पर महानगरों से घर आने वाले लोगों को ट्रेनों में सीटें ना मिलने के चलते अब हवाई जहाज का ही सहारा बचा है ऐसे में हवाई यात्रा भी महंगी हो गयी है। त्योहारी सीजन में मुंबई और दिल्ली से लौटने वालों की संख्या ज्यादा है। आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध डाटा के अनुसार रविवार को दिल्ली से वाराणसी लौटने का कम से कम किराया 15 से 20 हजार रुपये है।

होली पर घर लौटने वालों की भीड़ के बीच ट्रेनों और विमानों में सीटें फुल हो गई हैं। इससे विमानों का किराया 60 से 70 फीसदी तक बढ़ गया है।



अब दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू, हैदराबाद, कोलकाता आदि शहरों से घर लौटने वालों को अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ रही है। मुंबई से वाराणसी आने के लिए रविवार को 15 से 27 हजार रुपये तक किराया दिखता नजर आया।

बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग दिल्ली मुम्बई में बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं, घर आने के लिए उन्हें एक दिन पूर्व ही अवकाश मिल पाता है ऐसे में उन्हें हवाई यात्रा का ही सहारा मिल रहा है। इसको देखते हुए हवाई कंपनियों ने भी टिकट में उछाल कर दिया।

**एयरपोर्ट मुख्य मार्ग के सुंदरीकरण को चला बुलडोजर**



**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य मार्ग पर बुलडोजर चलवा कर सड़क के दोनों तरफ किये गए अतिक्रमण व अबैध कब्जे को हटाया गया। प्रसाशन के द्वारा दो दिन पहले मुनादी करवा कर दुकान दारो व अतिक्रमण करने वालो को सख्त हिदायत दिया गया था कि एयरपोर्ट मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कर दे वही मुख्य मार्ग पर बनाये गए निर्माण एवं गुमटी को हटवा लिया जाय अन्यथा दो दिन के बाद प्रसाशन अपने माध्यम से अतिक्रमण हटाने का कार्य करेगा। वाराणसी में होनो जा रहे जी 20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए शहर से हवाई अड्डे तक सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है इसी कड़ी में रविवार को हवाई अड्डा मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाते हुए सड़क को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। वही सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा एयरपोर्ट मुख्य द्वार पर बने एक तीन सितारा होटल के पोर्च को हटाने के लिए दो दिन का मोहलत भी दिया गया है। और अतिक्रमण हटाये गए भाग में सड़क के चौड़ी करण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। सड़क का चौड़ी करण करने के साथ ही दोनो तरफ रेलिंग लगाने की तैयारी भी चल रही है। मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल सहित नगरनिगम पीडब्लूडी सहित राजस्व की टीम मौजूद रही।

## चितरंजन पार्क के गुमटी दुकानदारों के लिए लगा लोन मेला

**वाराणसी।** दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क के गुमटी दुकानदारों के लिए नगर निगम आसान लोन मेले का आयोजन कर रहा है। जिसमें विभिन्न बैंकों द्वारा दुकानदारों को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

बता दें कि दशाश्वमेध घाट पुनर्विकास परियोजना से प्रभावित चितरंजन पार्क स्थित नगर निगम के गुमटी आवंटियों के लिए आसान ऋण की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा दशाश्वमेध प्लाजा में लोन मेले का आयोजन किया गया है। जहां से गुमटी दुकानदार सुविधा ले सकते हैं। उक्त जानकारी नगर निगम जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने दी।

# कैंट रोडवेज पर बस रेस्टोरेंट का लें लुत्फ

**कवायद**

**बेकार पड़ी बसों को देंगे नया रुप कोच रेस्टोरेंट की तर्ज पर करेंगे विकसित**

**होली के बाद शुरू होगा मंथन जारी करेंगे टेंडर बढ़ेगी निगम की आय**

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** रोडवेज बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़े यात्रियों को अब बोर होने की जरुरत नहीं, रोडवेज स्टैंड पर भी रेस्टोरेंट जैसे व्यंजनों का यात्री लुत्फ उठा सकते हैं। बच्चों के लिए चाउमीन, बर्गर होगा तो बड़ों के लिए डोसा, मचूरियन व फ्राइड राइस, जी हां अब कोच रेस्टोरेंट की तर्ज पर वाराणसी कैंट रोडवेज बस स्टैंड पर बस रेस्टोरेंट की सुविधा निगम की ओर से उपलब्ध करायी जायेगी। इसके लिए स्थानीय स्तर अधिकारियों की ओर से मंथन शुरू कर दिया गया है।

रोडवेज के वाराणसी परिक्षेत्र के तहत आने वाले चौधरी चरण सिंह अन्तर्राज्जीय बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक बेहतर पहल करने की योजना बनायी जा रही है, इसके तहत बेकार पड़ी बसों को बस रेस्टोरेंट के रुप में तब्दील किया जायेगा, फिलहाल अभी एक बस को ही रेस्टोरेंट का आकार देंगे, यात्रियों की ओर से मांग बढ़ने पर ज्यादा की संख्या में बस रेस्टोरेंट के रुप में स्थापित करेंगे।



बनने के बाद कुछ इस तरह से दिखेगा बस रेस्टोरेंट

**25 लोगों के बैठने की व्यवस्था**

बस रेस्टोरेंट को रोडवेज बस स्टैंड परिसर में ही स्थापित किया जायेगा, इस रेस्टोरेंट में बस से सफर करने वाले यात्रियों के साथ ही शहर के अन्य लोग भी विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। एक बस में अभी लगभग 25 लोगों की बैठने की व्यवस्था की जायेगी। होली के बाद इस पर मंथन शुरू कर जल्द ही लोगों के लिए यह उपलब्ध होगा।

**दक्षिण भारतीय सहित अन्य व्यंजन**

रेस्टोरेंट के तहत आने वाले शाकाहारी व्यंजनों में शामिल चाउमिन के साथ ही सूप, फ्राइड राइस, मंचुरियन के साथ ही दक्षिण भारतीय व्जंजनों का भी स्वाद लिया जा सकता है। अधिकारियों की मानें तो यह रेस्टोरेंट 24 घंटे यात्रियों के लिए खुला रहेगा। टेंडर के जरिये इसको ठेके पर देकर संचालित किया जायेगा।

> यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है, इसी क्रम में बस रेस्टोरेंट का कान्सेप्ट लाया जा रहा है। होली के बाद इस पर मंथन शुरू कर इस योजना को मूर्त रुप दिया जायेगा।
>
> **गौरव वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, वाराणसी परिक्षेत्र, उ.प्र.रा.स.प.नि**

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

डॉ० विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-227778
(रविवार अवकाश)
फोन: 0542-2300795

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अल्ट्रासोनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

रिटेल डायरेक्ट्री

शिव रुद्राक्ष
अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स
एजुकेशन डायरेक्ट्री

We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co-Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES Montessori to Class 5th
UP TO 30 APRIL 2023

# यात्रियों का हमराही बनेगा 'यूपी राही'

**पहल**

## यात्री घर बैठे यूपी रोडवेज की बसों में सफर के लिए कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग

## क्यूआर कोड, यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने की मिलेगी सुविधा

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** परिवहन को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुदृढ़ बनाने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। यूपी रोडवेज को रेलवे और एयर कनेक्टिविटी की तरह ही समृद्ध बनाया जायेगा। बसों के मेंटीनेंस से लेकर बस डिपो को आधुनिकतम सुविधाओं से लैस करने के साथ ही, यूपीएसआरटीसी ने टिकट बुकिंग एवं पैसेंजर फीडबैक एप को भी लांच कर दिया है।

एप यात्रियों को न सिर्फ घर बैठे बस में यात्रा के लिए एडवांस बुकिंग में सक्षम बनाएगा, बल्कि उन्हें कैशलेस सुविधा भी प्रदान करेगा। यही नहीं, एप पर यात्री अपने सफर से संबंधित समस्याओं, चालक-परिचालक के व्यवहार, बस की स्थिति और अन्य संबंधित मुद्दों पर अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। इस एप की शुरूआत से बस में यात्रा करने वाले प्रदेश के लाखों यात्री अब हैसल फ्री यात्रा कर सकेंगे। यूपी राही एप के औपचारिक शुभारंभ के साथ ही यह एप आधिकारिक रूप से काम करने लगा है। यात्री इसे गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। यह एप हिंदी और अंग्रेजी में काम कर रही है।

**डिजिटल माध्यम से बुक हो सकेंगे टिकट:** इस एप के माध्यम से यात्री डिजिटल माध्यम से टिकट बुक कर पाएंगे। हालांकि एप डाउनलोड करने के बाद उन्हें सबसे पहले खुद का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वह एप पर मौजूद सभी सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। सबसे महत्वपूर्ण फीचर इस एप में टिकट बुकिंग को लेकर है। अभी आप बस में सफर के दौरान ही कैश या डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदते हैं। हालांकि, उसमें कई तरह की समस्याओं की जानकारी मिलती थी। कैश के संबंध में कभी कंडक्टर के पास खुले पैसे नहीं होते थे तो कभी यात्रियों को ज्यादा पैसे देने पड़ जाते थे। इसी तरह कैशलेस में भी कई बार नेटवर्क की प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता था। एप की शुरूआत से इन सारे झंझटों से छुटकारा मिल जाएगा। एप के माध्यम से यात्री टिकट बुक करने के लिए क्यूआर कोड, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या किसी भी अन्य डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल कर सकेंगे। टिकट बुक करने के बाद यात्रियों को टिकट का प्रिंटआउट लेने की जरूरत नहीं होगी। वो एप पर ही टिकट बुकिंग का स्टेटस दिखाकर अपनी यात्रा कर सकते हैं।

### यात्रियों को मिलेगी सफर का फीडबैक देने की सुविधा

इसके अलावा इस एप में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण फीचर यात्रियों के फीडबैक से संबंधित है। कोई यात्री अपने सफर से संबंधित कोई जानकारी देना चाहता है तो एप में इसकी सुविधा प्रदान की गई है। अपने फीडबैक में वो क्रू के बारे में जानकारी दे सकते हैं। जैसे कंडक्टर का व्यवहार कैसा था, ड्राइवर सही से बस को ड्राइव कर रहा था या नहीं। ऐसे ही दस बिंदुओं पर यात्री अपने फीडबैक को हम तक पहुंचा सकते हैं। उनके सफर का अनुभव सीधे विभाग के अधिकारियों तक पहुंचेगा। उनके सुझावों से हमें अपनी सेवाओं में सुधार का भी अवसर मिलेगा। फीडबैक से प्राप्त सूचनाओं के संकलन से हमें कमियों और क्वालिटी को बेहतर करने में सहायता मिलेगी।

# नवनियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 13 से

**राज्य कर विभाग**

## विभिन्न पदों पर नियुक्त हुए है करीब 40 नवागत अधिकारी

## प्रशिक्षु अफसरों का विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित नव नियुक्त सहायक आयुक्त, राज्य कर अधिकारी और नव प्रोन्नत राज्य कर अधिकारियों का एक माह का प्रशिक्षण होली बाद 13 मार्च से होगा। इस दौरान इन अधिकारियों को आधारभूत, व्यवसायिक, ग्रुप डिस्कशन, कार्यशाला एवं फील्ड की आवश्यकताओं के अनुरुप व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विभागीय सूत्रों की मानें तो करीब 40 नवागत अधिकारियों को विभिन्न पदों पर तैनात किया गया है। इसमें दो नये सहायक आयुक्त, दो नये राज्य कर अधिकारी एवं नव प्रोन्नत 36 राज्य कर अधिकारी शामिल है। प्रशिक्षण का आयोजन गोमती नगर-लखनऊ स्थित विभागीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया है। इन सभी अधिकारियों को निर्धारित तिथि तक प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके पहले इन प्रशिक्षु अधिकारियों को विभागीय पोर्टल पर नौ मार्च तक पंजीकरण करा कर उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा।

विभागीय सूत्रों की मानें तो प्रशिक्षण के पूर्व कार्यभार ग्रहण करने की औपचारिकताएं भी पूरी करनी होगी। प्रशिक्षण अवधि में हॉस्टल में आवंटित कक्ष को अपनी इच्छा से बदलने की किसी प्रशिक्षु अधिकारी को अनुमति नहीं होगी।

इतना ही नहीं, प्रशिक्षु अधिकारियों को अपने कमरे में परिवार के सदस्यों, मित्रों, पति/पत्नी या किसी अन्य को भी बुलाने एवं ठहराने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशिक्षण कक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग पूरी तरह वर्जित होगा। यदि किसी के पास मोबाइल फोन मिलेगा तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। अपर आयुक्त ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

**संक्षेप**

### मार्ग मरम्मत कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन



**बड़ागांव।** स्थानीय ब्लॉक के अनेई-सिसवां-दांदूपुर मार्ग का 77.55 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विशेष मरम्मत कार्य का भूमिपूजन रविवार को विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अफसरों को यह कार्य तय समय के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। साथ ही इलाकाई लोगों से अपील की कि मार्ग मरम्मत कार्य की प्रगति के बारे में समय-समय पर जानकारी देते रहें। डॉ. सिंह ने गांगकला बाजार में सड़क के चौड़ीकरण व आरसीसी रोड का भी जायजा लिया। इस मौके पर बीडीओ धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. जेपी दुबे, सत्येंद्र सिंह, पवन सिंह, अरविंद मिश्र, हौसिला पांडेय, प्रदीप सिंह इलाका, नवीन सिंह 'पिंटू', रवि मिश्र, संजय पांडेय, संतोष सिंह, धनंजय सिंह, मंगल सिंह, दिलीप सिंह, अशोक पटेल, राजू पटेल, राजू तिवारी, चंद्रमा पटेल, सुरेंद्र, विजय जायसवाल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### 'रंगी सारी गुलाबी चुनरिया' पर पेश किया वाद्य वादन




**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में वाराणसी के युवा कलाकारों द्वारा वायलिन एवं सितार वादन की प्रस्तुति की गयी। वायलिन पर प्रशांत मिश्र एवं सितार पर शिवांग मिश्र तथा इनके साथ तबले पर आदित्य मिश्र ने संगत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ राग चारुकेशी में विलंबित, मध्य और द्रुत ताल से हुआ। समापन 'रंगी सारी गुलाबी चुनरिया' पर वाद्य वादन से किया गया। कलाकारों को प्रमाणपत्र अध्यक्ष संग्रहालय दीनदयाल हस्त कला संकुल अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा तथा संचालन अंकिता खत्री कर रही थीं।

### संगीतमय देवी भागवत कथा पर निकलेगी मंगल कलश यात्रा



**वाराणसी।** श्री दुर्गा सप्तशती पर अधारित नव दिवसीय देवी भागवत प्रवचन का आयोजन 11 से 19 मार्च तक डाफी स्थित वाटिका में होगा। 20 मार्च को सार्वजनिक हवन कथा पूजन एवं भंडारे से प्रवचन का समापन होगा। यह जानकारी देवी उपासिका साध्वी गीताम्बा तीर्थ ने रविवार को रविदास पार्क,नगवा स्थित श्री दुर्गा माता छाया शक्तिपीठ स्थित अपने आश्रम में दी। उन्होंने बताया कि देवी भागवत प्रवचन का शुभारंभ सीरगोवर्धनपुर स्थित चौरा माता मंदिर से 11 को अपराह्न तीन बजे मंगल कलश यात्रा से होगा। मंगल कलश

# बीएचयू सिंहद्वार बंद कर छात्रों ने दिया धरना

जनसंदेश न्यूज

**आंदोलन**

## छात्रों ने कहा, पुलिस ने की एक पक्षीय कारवाई



**वाराणसी।** रविवार की सुबह छात्रों ने पुलिस प्रशासन पर एक पक्षीय कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए सिंहद्वार बंद करा दिया और प्रदर्शन कर धरना दिया। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर लंका इंस्पेक्टर और चितईपुर एसओ समेत भारी फोर्स पहुंची और छात्रों को समझाने-बुझाने का प्रयास की। करीब आधे घंटे बाद छात्र मामले की जांच कर उचित कार्यवाई के आश्वासन पर माने और धरना समाप्त किया।

वही छात्रों का आरोप था कि बीते शुक्रवार को बीएचयू परिसर में मारपीट हुई थी। जिसमें रंजीत यादव सहित कई नामजद और अज्ञात के खिलाफ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। छात्र रंजीत ने बताया कि मेरे ऊपर जो मुकदमा दर्ज किया गया है। वो गलत है। मैं घटना के वक़्त प्रयागराज में परीक्षा देने गया था। लेकिन फिर भी पता नही किस साजिश के तहत मेरा नाम डाल दिया गया। जबकि दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन उनका मुकदमा तक दर्ज नही किया गया। पुलिस की एक पक्षीय कार्यवाही का ही हम लोग विरोध कर रहे थे।

# भाजयुमो के वार्ड संगठन का गठन

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल रामनगर की रविवार को हुई बैठक में वार्ड संगठन के ढांचे को दुरुस्त किया गया। इस दौरान नये वार्ड अध्यक्षों की तैनाती की गयी बैठक में पुराना रामनगर वार्ड अध्यक्ष अविनाश सिंह, रामपुर वार्ड अध्यक्ष बजरंग बली एवं भगवानपुर वार्ड अध्यक्ष सूरज पांडेय को बनाया गया। महानगर महामंत्री ओम तिवारी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संविधान, प्रदेश व केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। तय हुआ कि जिन लोगों का मतदाता सूची मे नाम नहीं आ पाया है, उनका मतदाता सूची मे नाम जोड़वाने का कार्य मोर्चा के पदाधिकारी करेंगे। मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष तिरूपति मिश्रा, महामंत्री विकास बघेल, सुचित पाठक, आलोक कुमार, रोहित यादव, विवेक दुबे, शिवम दूबे, चंदन जायसवाल, आनंद, इंदू सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, बजरंग बली, अविनाश सिंह, सूरज, प्रतुल कुमार, रवी बघेल, राजेश, ओम कसेरा आदि उपस्थित थे।

# जैपुरिया बाबतपुर में मना होली महोत्सव



**आयोजन**

## बच्चों संग शिक्षकों ने खेली होली

**वाराणसी।** सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रझछात्राओं ने अपने दोस्तों व शिक्षक-शिक्षकाओं को गुलाल लगाया मित्रों को जहां होली की बधाई दी वहीं गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। जैपुरिया बाबतपुर कैम्पस में अपने संदेश में विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा कि हम सबको अपने अंदर के द्वेष को समाप्त कर सबसे मिलजुल कर रहना चाहिए। प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने होली खेलते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखने की बात कही और बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी बचाने का संदेश दिया। होली महोत्सव के अवसर पर जैपुरिया विद्यालय के स्वागत कक्ष में विशेष साजझसज्जा की गई जो छात्रझ छात्राओं व आगंतुको के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

### आवासीय बच्चों द्वारा विशेष होली

होली महोत्सव के अवसर पर जैपुरिया बाबतपुर के आवासीय छात्रों के लिए विशेष आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र झ छात्राओं ने अबीर गुलाल से होली खेलते हुए होली के गानों पर नृत्य किया व विशेष व्यंजनों का आनंद लिया। मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक अनिल के. जाजोदिया, आयुष्मान बजाज व शैक्षणिक प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डेय ने बच्चों को होली की बधाई दी व उनके साथ होली का आनन्द लिया।

# सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड रिजर्व

**होली की तैयारी**

## किसी भी तरह की चिकित्सकीय सुविधा के लिए तैनात रहेंगे चिकित्सक

## होली पर इमरजेंसी होने पर एक फोन पर पहुंचेगी 108 नंबर की एम्बुलेंस

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** होली पर किसी भी तरह ही चिकित्सकीय सुविधा के लिए सरकारी अस्पताल को पूरी तरह से तैयार कर दिया गया है। सभी इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह से मुस्तैद किया गया है। होली पर्व पर किसी भी इमरजेंसी होने पर 108 डायल करने पर एम्बुलेंस आप तक पहुंच जायेगी।

सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि होली के दिन किसी तरह की घटना पर अस्पताल पहुंचने वालों को तुरंत बेहतर इलाज मिले इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा समेत अन्य अस्पतालों में इमरजेंसी में बेड रिजर्व कराया गया है। इसके लिए इमरजेंसी में अलर्ट किया गया है।

एक फोन पर 108 नंबर की एंबुलेंस भी पहुंचेंगी। वाराणसी के सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि होली के दिन किसी तरह की घटना पर अस्पताल पहुंचने वालों को तुरंत बेहतर इलाज मिलेगा। मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, शास्त्री अस्पताल रामनगर, दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल, स्वामी विवेकानंद अस्पताल के साथ ही शहरी और ग्रामीण सीएचसी, पीएचसी की इमरजेंसी में बेड रिजर्व कराया गया है। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक से प्राथमिक उपचार के बाद ऑनकॉल भी तुरंत विशेषज्ञ इमरजेंसी में आकर मरीजों का इलाज करेंगे।

सीएमओ ने बताया कि अगर किसी तरह की घटना पर अस्पताल या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाने की जरूरत पड़े तो फोन से 108 नंबर डायल कर एंबुलेंस को बुलाया जा सकता है।

### बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में मुस्तैद रहेगी टीम

जिले के सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों की तरह ही बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भी होली के मद्देनजर डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की टीम मुस्तैद रहेगी। ट्रॉमा सेंटर प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने बताया कि लंका, भेलूपुर थाने सहित अन्य जगहों से जुड़े पुलिस अधिकारियों से भी समन्वय स्थापित कर किसी भी छोटी, बड़ी घटना की सूचना देने को कहा गया है। शनिवार को इमरजेंसी में मरीजों के इलाज, जांच संबंधी पूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# अब महानगर कमेटी में भी जमीनी वर्करों को तवज्जो

**वाराणसी।** कांग्रेस ने आगामी निकाय चुनाव और उसके बाद लोकसभा इलेक्शन को देखते हुए में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की क्षमता का उपयोग करने का खाका तैयार किया है। संगठन के छोटे वर्करों को विभिन्न दायित्व सौंपकर उन्हें संगठन में अधिक से अधिक अवसर देने समेत पार्टी में उनकी प्रतिभा का योगदान प्राप्त करने की कवायद है। जिसके तहत अब महानगर कमेटी के अंतर्गत भी ब्लॉक स्तरीय कमेटियां गठित होंगी। साथ ही विभिन्न मंडल बनाएंगे। इस बारे में प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए पार्टी मुख्यालय भेजा गया है।

संगठन के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उदयपुर चिंतन शिविर तथा छत्तीसगढ़ में आयोजित महाधिवेशन में संगठन को जमीनी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पार्टी संविधान में संशोधन किया गया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी और प्रयागराज के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर अब जिला कमेटी की तर्ज पर महानगर कमेटी यानि शहरी क्षेत्र में भी ब्लॉक अध्यक्ष तैनात करेंगे।

उन अध्यक्षों के अधीन मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष और उनकी कमेटियां बनायी जाएंगी। इस दिशा में तैयार कार्ययोजना के अंतर्गत वाराणसी महानगर में 14 ब्लॉक का तय किये गये हैं। उनमें रामनगर, सारनाथ, खजुरी, काजी सदुल्लापुरा, अलईपुरा, कटेहर, कालभैरव, सिगरा, बेनिया, भदैनी, बंगाली टोला, सुंदरपुर, छित्तनपुरा शहर तथा कैंट छावनी के तौर पर चिह्नित हुए हैं। इसी प्रकार छावनी और नगर निगम में वार्डों की संख्या के अनुसार 21 मंडल का निर्धारण किया गया है। पांच-छह वार्डों को मिलाकर एक मंडल बनाएंगे। उन मंडलों के नाम काशी की महान विभूतियों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर रखे जाएंगे। श्री चौबे ने बताया कि एक पखवारे के भीतर शीर्ष नेतृत्व से स्वीकृति मिलने के बाद ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष तैनात करेंगे।

# लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने पर बल

**राष्ट्रीय सेमिनार**

## विधि संकाय-बीएचयू की तरफ से हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने पर जोर दिया। वह विधि संकाय-बीएचयू की तरफ से रविवार को आयोजित 'संसदीय लोकतंत्र के 75 वर्ष : पुरावलोकन और संभावना' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने लोकतंत्र के चार स्तंभों की बात की और सभी की भूमिका को सराहा। कहा कि न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र है। जो भी न्यायालय तक पहुंचता है, उसको अवश्य ही न्याय मिलेगा। यह भी कहा कि विधि ऐसी होनी चाहिए, जो आम आदमी भी आसानी से समझ सके।

उन्होंने अन्याय के दो प्रकारों का जिक्र किया। कहा कि अन्याय छोटा हो या बड़ा, वह दोनों ही समान ही है। इसे रोकने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। स्वागत संकाय प्रमुख प्रो. अजय कुमार ने किया। धन्यवाद आयोजन सचिव प्रो. रजनीश पटेल ने दिया। सेमिनार को जवाहर लाल नेहरू विवि के प्रो. आनंद कुमार, राम मनोहर लोहिया विवि के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान ने भी संबोधित किया। इस दौरान तकरीबन 150 प्रतिभागी समेत संकाय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।



भोजूबीर से यूपी कॉलेज की ओर जाने वाले तिराहे पर उपले से सजायी गई है होलिका

# अच्छे दिन लाने के बजाय महंगाई बढ़ा रही सरकार

**आयोजन**

## संविधान एवं लोकतंत्र बचाओ मंच की ओर से आयोजित एकजुटता सम्मेलन में वक्ताओं ने लगाए आरोप

## वामपंथी दलों, कांग्रेस, राजद आदि के लोगों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल




गोलघर स्थित पराड़कर भवन सभागार में संविधान व लोकतंत्र बचाओ मंच की ओर से एकजुटता सम्मेलन का आयोजन किया गया

**वाराणसी।** केंद्र सरकार क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से सभी सरकारी उपक्रमों को कमजोर कर रही है। सार्वजनिक संपत्तियों को कौड़ी के दाम में चहेते उद्योगपतियों को बेचा जा रहा है। जी-20 सम्मेलन के बहाने अपनी पीठ ठोक रही सरकार चीन की घुसपैठ पर चुप्पी साधे हुए है। संसद में जनहित की कोई बात होती नहीं दिख रही है। विपक्ष को लगातार उपेक्षित और प्रताड़ित किया जा रहा है। मीडिया कंपनी सरकार के उद्योगपति मित्रो की है इसलिए विपक्ष की कोई बात दिखाने का कोई सवाल ही नहीं उठता। भ्रष्टाचार मिटाने के वादे संग अच्छे दिन लाने के सपने दिखाने वाली सरकार स्वयं ही भ्रष्टाचार में लिप्त है।

गोलघर स्थित पराड़कर भवन सभागार में रविवार को संविधान एवं लोकतंत्र बचाओ मंच की ओर से आयोजित एकजुटता सम्मेलन में वक्ताओं ने यह आरोप लगाए। कार्यक्रम में कांग्रेस, राजद एवं वामपंथी दलों सहित आमलोग भी शामिल थे। इस मौके पर वर्तमान सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लेकर लोगों ने असहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल में कैसे एक टीवी चैनल को अडानी ने खरीदा और जनता के सरोकारों का सवाल उठाने वाली पत्रकारिता का भी एपिसोड किस प्रकार बंद हुआ, इसे पूरी दुनिया ने देखा।

उन्होंने कहा कि गैस सिलिंडर की सब्सिडी बंद कर मूल्य वृद्धि और बिजली के दाम में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। वाराणसी में साड़ी का मुख्य कारोबार इस फैसले से प्रभावित होने की कगार पर है। गरीब बुनकर बद से बदतर हालात में जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इलेक्टोरल बांड के सहारे राजनीतितक दलों को मिलने वाले चंदे का 80% से भी ज्यादा ले रहा सत्ता दल इस पैसे का स्त्रोत नहीं बता रहा है। कोविड काल में पीएम केयर फंड बनाकर एकत्र धनराशि के आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक मंच पर उपलब्ध नहीं है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि हाथरस प्रकरण में लीपापोती हो रही है। वहीं, प्रदेश सरकार अपराधियों को मिट्टी में नहीं बल्कि कानून और संविधान को मिट्टी में मिला रही है जो अफसोसनाक है। इस मौके पर अन्य कई मुद्दों को लेकर वक्ताओं ने सरकार की आलोचना करते हुए संघर्ष के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

विजय नारायण, डॉ. हीरालाल, डॉ. राजेश मिश्र, अरविंद सिंह, प्रजानाथ शर्मा, अमरनाथ राजभर, जयशंकर सिंह, सुरेंद्र यादव, कुंवर सुरेश सिंह, हाजी रईस अहमद, राधेश्याम सिंह, रामधीरज, नंदलाल पटेल, राकेश पाठक, शमशेर सिंह, रंजूबाला सिंह पटेल, शिवनाथ यादव, दिग्विजय सिंह, पंकज चौबे, वीरेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, अरुण सोनी, धनंजय त्रिपाठी, डॉ. छेदीलाल निराला, मो. महफूज, मो. अहमद अंसारी, अजय जायसवाल, अफरोज, साजिद, मोबिन अंसारी, अमृत पांडेय, ईश्वर सिंह, मो. ताहिर एवं संजीव सिंह आदि।

# आग से आठ मड़हे व अनाज जलकर राख

**नुकसान**

## आग बुझाने के दौरान झुलस गये चार लोग

**जनसंदेश न्यूज**


मड़हे में लगी आग को बुझाते लोग

**रेवती।** स्थानीय नगर के उत्तर पश्चिम के कोने पर स्थित भैंसहीं मौजा के एक डेरा पर रविवार को लगी आग में आठ मड़हों सहित उसमें रखा अनाज, वस्त्र, बिछौना, तख्त आदि जल कर राख हो गए। इसके साथ ही एक भैंस तथा एक गाय गम्भीर रूप से झुलस गई। आग बुझाने में चार लोग झुलसे तथा चोटिल हो गये।

जानकारी के अनुसार रेवती नगर के वार्ड नंबर 13 निवासी नन्दलाल ततवा, जवाहर ततवा तथा भरत ततवा का डेरा भैंसहीं मौजा में है। उक्त डेरा बाउण्ड्री वाल से घिरा है। डेरे पर से खेतीबारी आदि का कार्य होता है। बीच-बीच में घर के लोग आते-जाते रहते हैं। रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे के करीब उक्त डेरा पर के कुछ लोग घर पर थे तथा कुछ लोग सरसों की कटाई में लगे हुए थे।

इस बीच अज्ञात कारण से डेरे पर आग लग गई। पहले तो उठ रहे घने धुंआ के चलते लोगों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। बाद में आग की लपटें निकलने लगीं। आस-पास के लोग तुरन्त उक्त स्थल पर जुट गये तथा आस-पास स्थित दो नलकूपों को चला कर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच डेरा के अहाते में स्थित आठ मड़हे सहित उनमें रखा सरसों, चावल सहित अन्य अनाज, साइकिल, सौर ऊर्जा के प्लेट, बैट्री एवं बड़े पैमाने पर भूसा जलकर राख हो गया।

आग में भरत ततवा की एक गाय तथा एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। उधर, आग बुझाने में विकास ततवा, भरत ततवा, गुड्डू ततवा तथा निप्पू पटेल झुलस तथा चोटिल हो गए। डेरा मालिकों में से एक वीरेंद्र ततवा ने रोते हुए बताया कि घर के लोग सरसों काटने के लिए गए हुए थे तथा कुछ लोग घर पर थे।

सूचना मिलने के बाद यहां पहुंच गया। आग बुझाने के काफी प्रयास के बाद भी बहुत कुछ स्वाहा हो गया।

# अधिकारियों ने जीएसटी के प्राविधानों से कराया अवगत

**जनसंदेश न्यूज**

**बैठक**

## राज्य कर कार्यालय में हुई भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक

**बलिया।** राज्य कर विभाग के संभागीय अधिकारी संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) आजमगढ़ संभाग श्रीराम सरोज ने राज्य कर कार्यालय पर भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक किया। इसमें वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम (जीएसटी) के प्राविधानों से अवगत कराया गया।

अधिकारियों ने कहा कि ईट भट्ठा कारोबार पर छह प्रतिशत जीएसटी देयता है। यदि कोई भट्ठा 12 प्रतिशत जीएसटी देयता के विकल्प का चयन करता है तो उसे आईटीसी की अनुमन्यता होगी। कहा कि ईंट की बिक्री मुख्यतः कोयले की खपत पर निर्भर होती है। अतः मानक के अनुसार 18 टन कोयले की खपत पर लगभग एक लाख ईंट का निर्माण होता है। बिना वास्तविक खरीद के ई-वे बिल से माल मंगाने की कोई सूचना/ एसएमएस /ओटीपी प्राप्त होता है तो अविलंब कार्यालय को सूचित करें। कहा कि जिन ईट भट्ठों का पंजीयन रिटर्न न दाखिल करने के कारण निरस्त हो गया है और ईंट भट्ठा चल रहा है तो संबंधित भट्ठा मालिक अपना पंजीयन एक्टिव करा लें।

कोई नया ईंट भट्ठा या बिना पंजीयन के ईंट भट्ठा चल रहा है तो जीएसटी पोर्टल पर अविलंब पंजीयन का आवेदन करें। इस अवसर पर संयुक्त राज्य कर उपायुक्त सुरेन्द्र बहादुर, बजरंगी यादव, राज्य कर सहायक आयुक्त विवेक कुमार, रविन्द्र कुमार, रामकुमार यादव, राज्य कर अधिकारी सुरेश प्रसाद, शेषनाथ रावत, रियाजुद्दीन अंसारी, प्रदीप कुमार, शिववचन वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मंधाता सिंह, सुनिल सिंह, जवाहर सिंह, सुशील कुमार सिंह, काशीनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# संक्षेप

## स्वयंसेवियों ने निकाली साक्षरता जागरूकता रैली



**मझौवां।** अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबेछपरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन की गतिविधियां साक्षरता पर केंद्रित रही। पड़ाव स्थल प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में सभी स्वयंसेवियों ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती का स्मरण वंदन कर राष्ट्रगान व लक्ष्य गीत का गायन किया। इसके बाद डॉ. भगवान चौबे एवं डॉ. सुनील ओझा के निर्देशन में रैली निकाली गई। इसमें स्वयंसेवियों ने विभिन्न तरह के नारे लगाते हुए गोपालपुर व दुबेछपरा के मलिन बस्ती में भ्रमण किया। ग्रामीणों के बीच टोलियों में बंटकर स्वयंसेवियों ने जन जागरूकता अभियान चलाया। बौद्धिक विमर्श में कार्यक्रम अधिकारी संजय मिश्र ने कहा कि मोबाइल अपने आपमें बुरी या अच्छी नहीं है। इसका प्रयोग हमें बुरा या अच्छा बनाता है। मोबाइल का प्रयोग संयमित व विवेकपूर्ण तरीके से करने पर यह लाभकारी है। उन्होंने सप्ताह में एक दिन युवाओं से डिजिटल उपवास रखने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. परमानंद पांडेय, रविन्द्र ठाकुर, स्वयंसेवी अर्जुन सिंह, मुहम्मद आरिफ, आशु चौबे, राज मिश्र, विनीता मिश्र आदि मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर द्विवेदी के आशीर्वचन से गोष्ठी का समापन हुआ।

## कार्यक्रम संपन्न

**बलिया।** सेवा सदन स्कूल कथरिया और आरसेटी बलिया के परिसर में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम वृहद रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि एलडीएम राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि महिलाएं अब शिक्षा, नौकरी तथा व्यापार में बहुत अग्रणी होकर भूमिका निभा रही है। लोगों का महिलाओं के प्रति नजरिया बहुत अच्छा हुआ है। डीडीएम नाबार्ड मोहित यादव ने कहा कि नारी एक घर की नहीं, बल्कि देश की शान होती है। मौके पर राजनारायण, सिंह सहाय, कमलेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सुधीर कुमार सिंह ने किया।

## रानीगंज व बैरिया में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बैरिया।** इस बार की होली में हुड़दंग महंगा पड़ सकता है। होली त्योहार में शांति, सद्भाव एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के मद्देनजर स्थानीय पुलिस द्वारा रविवार को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से रानीगंज बाजार होते हुए बैरिया तिराहे तक सात किलोमीटर लंबा फ्लैग मार्च निकाला गया। एसएचओ धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में सुरेमनपुर पुलिस चौकी, बैरिया पुलिस चौकी, चांद दियर पुलिस चौकी और जयप्रकाश नगर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में होमगार्ड, पीआरडी के जवान व चौकीदार फ्लैग मार्च में शामिल रहे। एसएचओ धर्मवीर सिंह की माने तो होली में किसी को भी हुड़दंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हुड़दंग करने वाले तत्वों से कड़ाई से निपटा जाएगा। वैसे हर गांव के असमाजिक तत्वों की सूची बनाई गई है और उन पर पैनी नजर रखी जा रही है। अगर उनके द्वारा कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी करने का प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्यकार नवचंद्र तिवारी को मिला 'काव्यश्री' सम्मान



**बलिया।** साहित्यकार डॉ. नवचंद्र तिवारी को हिंदी की अति प्रतिष्ठित संस्था विश्व रचनाकार मंच द्वारा उत्कृष्ट काव्य रचना हेतु आनलाइन 'काव्यश्री' सम्मान से संस्था के संस्थापक राघवेंद्र ठाकुर एवं उनके संचालन सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस खबर से जनपद के प्रबुद्ध वर्गों, शिक्षकों, कवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों में हर्ष की लहर है। बताते चलें कि विगत 15 वर्षों से डॉ. तिवारी शिक्षण के साथ-साथ व्यस्ततम दिनचर्या में से अमूल्य समय निकाल कर साहित्य साधना भी करते हैं। इनकी कई रचनाएं देश के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में छप चुकी हैं। अपने सशक्त लेखनी के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से अखबारों के माध्यम से यह समाज को अनवरत संदेश देने का कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व भी इन्हें कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। सनबीम स्कूल के चेयरमैन संजय पांडेय, निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. अर्पिता सिंह, डॉ. गणेश पाठक, अमरनाथ तिवारी, डॉ. शशि प्रेमदेव, शिवजी पांडेय रसराज, शिव कुमार सिंह कौशिकेय, डॉ. कादंबिनी सिंह, डॉ. अरविंद उपाध्याय, डॉ. फतेहचंद बेचैन, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आदित्य कुमार अंशु आदि ने बधाई दिया।

## राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान की बैठक संपन्न

**बलिया।** राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान की बैठक रविवार को माडल तहसील में डा. भोला प्रसाद आग्नेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 8-9 अप्रैल को आयोजित संस्थान के पांचवीं राष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारी के संबंध में चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर प्रसाद साहू ने सभी भोजपुरी आन्दोलन से जुड़े व्यक्तियों को आने का न्यौता दिया। विधि मंडल के पदाधिकारी डॉ. आदित्य कुमार अंशु ने बलिया, देवरिया, गाजीपुर, बस्ती सहित अन्य जिलों के लोगों के आने की बात कही। डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय ने कहा कि भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए यह एक उचित और समर्थ संस्था है। अब जरूरी है एकजुटता के साथ लड़ने का है। इस अवसर पर शशि प्रेमदेव, श्रीराम सरगम, रमाशंकर मनहर, जितेन्द्र त्यागी, फतेह चन्द बेचैन, विवेक कुमार, शिवाजी पाण्डेय रसराज, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

## बालेश्वर सिंह अध्यक्ष व महामंत्री चुने गये जगत नारायण



**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बलिया का चुनाव रविवार को कुंवर सिंह इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ, जिसमें संघ के अध्यक्ष पद पर बालेश्वर सिंह, महामंत्री पद पर जगत नारायण मिश्र, कोषाध्यक्ष दिनेश एवं अनुज कुमार सिंह निर्विरोध चुने गये। इनकी घोषणा चुनाव अधिकारी शिव कुमार सिंह एवं चौधरी दिनेश चन्द राय ने की। इनके द्वारा बनायी गयी टीम की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव की खबर मिलते ही जिले के शिक्षकों में खुशी का माहौल बन गया। उसके बाद सभी ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। चुनाव अधिकारी शिव कुमार सिंह ने कहा कि चुने गये पदाधिकारियों पर शिक्षक समाज की नई जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्हें पूरा विश्वास है कि वह जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाएंगे। इस अवसर पर मेजर हरेन्द्र सिंह, रविन्द्र राय, अनिरुद्ध सिंह, शिव कुमार मिश्र, अक्षय कुमार राय, अरविन्द राय, राधाकिशुन पाठक, सुनील तिवारी, चन्द्रशेखर पाण्डेय, मदन पाण्डेय, हर्षवर्धन राय, केके पाण्डेय, धर्मराज सिंह, राघवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**बलिया।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रिंकू श्रीवास्तव के बलिया प्रथम आगमन पर देवरिया-बलिया सीमा पर तुर्तीपार में फूल-मालाओं एवं गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। सिकंदरपुर में भी उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय पर उनका स्वागत हुआ। सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव ने संगठनिक समीक्षा करते हुए कहा कि बहुत जल्द संगठन को धारदार बनाने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जायेगी, ताकि 2024 में जनविरोधी सरकार को हटाया जा सके। इस अवसर पर सुशील राजभर, विधायक संग्राम सिंह यादव, चिंता यादव, पुनिता सिंह सोनी, रमेशचंद्र पासवान, रविन्द्र नाथ यादव, जेडी जलालुद्दीन, नीशू श्रीवास्तव, श्रीमती पवित्री वर्मा, कंचन भारती, जुबेर सोनू, रामेश्वर पांडेय, अजय यादव, दिनेश यादव, सुभाष यादव, अरविन्द गुप्त, प्रदीप गुप्त, सुरेन्द्र यादव, देवांती देवी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजमंगल यादव तथा संचालन राजन कन्नौजिया ने किया।

# बूथ की मजबूती से मजबूत होगी पार्टी : रविन्द्र कुशवाहा


भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते सांसद रविन्द्र कुशवाहा

**बैठक**

## बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की बैठक

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय डाक बंगला में रविवार को विधानसभा स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मुख्य अतिथि सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि जब बूथ मजबूत होगा, तभी पार्टी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हर जगह भारत के सकारात्मक नेतृत्व की चर्चा हो रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने उप्र को अपराध मुक्त प्रदेश बनाया है। विकास के पथ पर अग्रसर होकर उद्योगपतियों के मन में एक सकारात्मक विश्वास पैदा किया है, जिसका असर आने वाले दिनों में दिखेगा। मौके पर पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, अरविंद कुमार, प्रयाग चौहान, सुनील सिंह, मंजय राय रिपुंजय, गुड्डू सिंह, सुरेश सिंह, गनेश, मैनेजर चौहान, दीपक सिंह, जितेंद्र सोनी, लाल बचन, गुड्डू यादव, शैरू गुप्ता, सुनैना, मयंक, राजेंद्र सिंह, रविंद्र, अजय, दिनेश, कौशल, विक्की सिंह, प्रेमचंद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शोभम राजभर तथा संचालन विनोद शंकर गुप्ता ने किया।

# बेकाबू कार ने छात्रा को रौंदा, मौत

**बलिया।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के चन्द्रशेखर नगर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बेकाबू कार की चपेट में आने से एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल के लिये भेज दिया। वहीं, इस घटना से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बिहार के थाना ब्रह्मपुर चक्की गांव निवासी ब्यूटी कुमारी (22) गुलाब देवी में परीक्षा देने के लिए भाई सुमित यादव के साथ ई-रिक्शा से चन्द्रशेखर नगर स्थित एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। चन्द्रशेखर नगर मोड़ पर उतर कर ई-रिक्शा का किराया ब्यूटी दे रही थी। उसी दौरान शहर से माल्देपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर ब्यूटी को रौंदते हुए भाग गयी। आस-पास के लोगों की सहायता से सुमित ने अपनी बहन को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। इस घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# सरकार को जनसमस्या से कोई लेना-देना नहीं

**बोले जयप्रकाश अंचल**

## अधिकारियों की लापरवाही से अभी तक नहीं बना पीपा पुल



**बैरिया।** भाजपा सरकार को जनसमस्या से कोई लेना-देना नहीं है। गंगा उस पार नौरंगा, भुआल छपरा, चौकी नौरंगा, उदयी छपरा के डेरा सहित उत्तर प्रदेश के आधा दर्जन गांवों के लोगों के आवागमन के लिए अभी तक गंगा नदी पर पीपा पुल का निर्माण नहीं कराया जाना लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की पराकाष्ठा है। यह पुल नियमानुसार 15 अक्टूबर को बन जाना चाहिए था। मार्च का महीना चल रहा है। बावजूद इसके पीपा पुल नहीं बना है।

उक्त बातें सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने रविवार को बैरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा सत्र में मैंने बैरिया विधानसभा क्षेत्र की लगभग सभी समस्याओं को उठाया था, किन्तु सरकार ने किसी भी मामले में स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला। विधायक ने कहा कि दुबे छपरा, उदई छपरा के पास गंगा में हो रहे कटान, गोपाल नगर, वशिष्ठ नगर, दत्तहा के सामने सरयू नदी में हो रहे कटान, क्षतिग्रस्त सड़कें, जर्जर विद्युत के तार व खंभे, खराब पड़े राजकीय नलकूप, लचर शिक्षा व चिकित्सा की व्यवस्था, बंद पड़े पानी टंकी, आधा-अधूरा सोनबरसा में निर्माणाधीन 100 बेड का अस्पताल का मुद्दा मैंने सरकार के सामने रखकर इसे पूरा कराने का आग्रह मुख्यमंत्री तथा संबंधित विभाग के मंत्री से किया है।

### बैरिया विस का हो समग्र विकास

**बैरिया।** विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि तिलापुर से लेकर चांद दियर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 तक रिंग बंधा बनाने, लच्छू टोला के समीप से टेंगरही तक रिंग बनाने, दुबे छपरा के पास गंगा के किनारे किनारे रिंग बांध बनाने का प्रस्ताव सदन में रखा है। लालगंज में सपा सरकार के कार्यकाल से ही विद्युत उपकेंद्र प्रस्तावित है। अभी तक उसका निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। कहा कि मैंने शिक्षामित्रों व अग्निवीरों के अलावा नौरंगा में पक्का पुल बनाने का मामला सदन में रखा है। देखना है कि यह सरकार इस संदर्भ में क्या करती है। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा है कि बैरिया विधानसभा का समग्र विकास हो। इसलिए सदन में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प नहीं है।

### जल नल योजना की स्थिति दयनीय

**बैरिया।** सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि जल नल योजना की स्थिति बैरिया विधानसभा में दयनीय है। अधिकांश पानी टंकी बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में लोग अपना प्यास बुझाने के लिए आर्सेनिक युक्त पेयजल पीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को पानी टंकी हैंड ओवर करना गलत है। क्योंकि पानी टंकी के खराब होने पर उन्हें ठीक कराने में भारी भरकम बजट की आवश्यकता होती है, जो ग्राम पंचायतों के पास नहीं है।

# तो रुक गया विश्वविद्यालय का विकास कार्य!

**यह है हाल**

## इको सेंसेटिव जोन में चल रहे निर्माण कार्यों पर एनजीटी की रोक






**बलिया।** सबकुछ अच्छा चल रहा था। भवन निर्माण कार्य की गति को देख यह महसूस हो रहा था कि बहुत जल्द जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय का विकास कार्य पूरा हो जायेगा, लेकिन अचानक नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की गाइड लाइन के विपरीत हो रहे कार्य के चलते विश्वविद्यालय के कार्य पर रोक लगा दी गयी।

कहा गया है कि सुरहाताल जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार घोषित है। इसके अनुसार सुरहाताल के चारों तरफ एक किमी का क्षेत्र संरक्षित है। जेएनसीयू के निर्माणाधीन भवन की परिधि के भीतर बताया था। मामले को लेकर एनजीटी में सुनवाई चल रही है। अगली सुनवाई के बाद एनजीटी का अंतिम निर्णय आ सकता है। फिलहाल निर्माण पर रोक लगने से संबंधित सभी अधिकारियों के साथ ही कार्यदायी संस्था की सांसें अटकी हुई हैं।

चर्चा है कि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की इमारतों का निर्माण सुरहाताल पक्षी विहार के ईओ सेंसेटिव जोन में पाए जाने पर एनजीटी ने मामले की सुनवाई करते हुए इसके निर्माण पर फिलहाल रोक लगा दी है। हालांकि विवि की तरफ से किसी के पेश न होने पर अगली सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तारीख रखी गई है। जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सरनी निवासी धर्मेंद्र सिंह ने एनजीटी के न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल को शिकायती पत्र भेजकर विश्वविद्यालय में हो रहे निर्माण कार्यों को एनजीटी की गाइड लाइन के विपरीत बताया था। इसके बाद से विवि का निर्माण सवालों के घेरे में आ गया था। बता दें कि जनपद में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए बसंतपुर में सुरहाताल पक्षी विहार के पास लगभग 51 एकड़ भूमि दी गई थी। विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण पहले फेज में 92.39 करोड़ रुपये की धनराशि से किया जा रहा है। इसके लिए 35 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी हो चुकी है। इसमें 15 करोड़ रुपये की पहली किस्त का प्रयोग किया जा चुका है और दूसरी किस्त से निर्माण कार्य चल रहा है। पहले फेज में प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन और लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है।

### पिलर लगाकर चिह्नित करें ईको संसेटिव जोन

**बलिया।** एनजीटी ने जिलाधिकारी बलिया, एसपी बलिया एवं वन मंडल पदाधिकारी काशी वन्य जीव खंड रामनगर को निर्देशित किया कि एक माह के भीतर इको संसिटिव जोन क्षेत्र का सीमांकन कराएं। अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के लिए उचित कार्रवाई करें। उपयुक्त स्थान पर साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। लोगों को बताएं कि यह निर्माण क्षेत्र नहीं है और उस पर आगे कोई निर्माण नहीं किया जाएगा। कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### शिकायतकर्ता ने यह दिया हवाला

**बलिया।** शिकायतकर्ता ने कहा था कि सुरहाताल जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार घोषित है। इसके अनुसार सुरहाताल के चारों तरफ का एक किमी का क्षेत्र संरक्षित है। जेएनसीयू के निर्माणाधीन भवन को इस परिधि के भीतर बताया था। मामले को लेकर एनजीटी में सुनवाई शुरू हुई। पहले एनजीटी ने विवि की कुलपति को नोटिस जारी कर दो माह के भीतर जवाब मांगा था। सत्यापन के लिए समिति गठित की थी। समिति की ओर से दाखिल की गई रिपोर्ट पर कोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ। समिति से पूछा था कि इमारतें ईओ सेंसेटिव जोन में है या नहीं।

### इको संसेटिव जोन में है इमारतें

**बलिया।** प्रभागीय वनाधिकारी काशी वन्य जीव प्रभाग रामनगर दिनेश सिंह, जिला वेटलैंट कमेटी बलिया के सदस्य वीके आनंद की ओर से दाखिल जवाब में कहा गया कि इमारतें ईको सेंसेटिव जोन में हैं। शुक्रवार को मामले में सुनवाई के बाद न्यायिक सदस्य अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने संयुक्त समिति की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद कहा कि प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय भवन, वाणिज्यिक भवन, एससी-एसटी छात्रावास जयप्रकाश नारायण (सुरहा ताल) पक्षी विहार की सीमा से एक किलोमीटर के ईको सेंसेटिव जोन में बनाया जा रहा है।

# 11 को लगेगा वृहद रोजगार मेला

**बलिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया, राजकीय आईटीआई बलिया एवं कौशल विकास मिशन बलिया के संयुक्त तत्वावधान में 11 मार्च को सत्यवती चिल्ड्रेन स्कूल चौकिया मोड़, बेल्थरारोड के सामने खाली स्थान के प्रांगण में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की टेक्निकल तथा नान टेक्निकल जैसे सुजुकी मोटर प्रालि, लावा इण्टरनेशनल प्रालि, डिक्सन इण्डिया लि, हैल्डेक्स इण्डिया प्रालि, मुंजल सोवा प्रालि, जय भारत मारूति लि, रेमसन्स इण्डस्ट्रीज लि, कैपरो इंजीनियरिंग, मिन्डा इण्डस्ट्रीज लि, एसिन आटोमोटीव प्रालि, जीवा कारपोलस, लार्सन एण्ड टर्बो एलएनटी, जीफोरएस सिक्योरिटी, रोहित हाइब्रीड्स सीड्स, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण, नवभारत फर्टिलाइजर्स, महामाया विकास गारमेन्ट सहित लगभग 25 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है। इन कम्पनियों द्वारा लगभग 3500 पदों पर भर्ती किया जायेगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 40 है तथा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक आईटीआई डिप्लोमा पास हैं, अपना समस्त वायोडाटा के साथ रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है।

# बलिया में विकास को लगेगा 'पंख'

**रोशन जायसवाल**

**उम्मीद**

## पांच सांसद, दो मंत्री एवं एक विधायक पर टिकी विकास की उम्मीद


वीरेन्द्र सिंह मस्त


दयाशंकर सिंह


दानिश आजाद अंसारी


केतकी सिंह


रविन्द्र कुशवाहा


नीरज शेखर


सकलदीप राजभर


हरिवंश

**बलिया।** आगामी भारतीय नववर्ष पर बलिया में बेहतर विकास हो। इसको लेकर बलियावासी सत्ता के पांच सांसद, दो मंत्री एवं एक विधायक पर उम्मीद लगाये बैठे है। हालांकि, फरवरी माह में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, माल्देपुर से कदम चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण समेत अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया। इसके अलावा बलिया-आरा नई रेल लाइन का भी डीपीआर बनकर तैयार हो चुका है।

जनपद में मेडिकल कालेज, उद्योग-धंधा की स्थापना समेत अन्य कार्यों को लेकर जनपदवासियों में उम्मीद की किरण जगी है। अब देखना यह होगा कि इन परियोजनाओं का शुभारंभ कब होता है। खुशी की बात यह है कि सत्ता पक्ष के तीन राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सकलदीप राजभर एवं राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के साथ ही लोकसभा सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, रवीन्द्र कुशवाहा, नगर विस के विधायक एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा बांसडीह की विधायक केतकी सिंह बलिया के विकास को लेकर काफी गंभीर है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से बसंतपुर से महावीर घाट तक कटहल नाला का सुंदरीकरण व पाथ-वे का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं, नगर को जाम से निजात दिलाने के लिए बाईपास बनाने की योजना स्वीकृत हो गई है। इसके अलावा राजकीय इंका में मेडिकल कालेज के लिए डीपीआर तैयार हो रहा है। वहीं, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त के प्रयास से भृगु कारिडोर बनाने की पूरी तैयारी है। सांसद रवींद्र कुशवाहा भी अपने क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है और विगत वर्षों में सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कई विकास कार्य कराया है। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर एवं सकलदीप राजभर भी बलिया के विकास को लेकर गंभीर है। वहीं, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश जी बलिया के विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लगातार अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से वार्ता करते रहते है। मंत्री दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक समाज के लिए बेहतर कार्य कर रहे है। विधायक केतकी सिंह बांसडीह क्षेत्र के विकास को लेकर कई बार मुख्यमंत्री से मिल चुकी है।

### सीएम की बरस रही कृपा

बलिया। बलिया के विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उस समय जनता से रुबरू हुए, जब 19 अगस्त 2022 को बलिया बलिदान दिवस पर पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह कहा था कि मेडिकल कालेज बहुत पहले बन चुका होता, लेकिन जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण मेडिकल कालेज नहीं बन पाया। अब बलिया में मेडिकल कालेज बनेगा। उन्होंने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र को बलिया के विकास का खाका तैयार करने की जिम्मेदारी दी थी। मुख्य सचिव पूरे दिन जनपद में रहकर विकास कार्यों पर फोकस करते हुए स्थलीय निरीक्षण किये। इसमें रोडवेज को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने, सुरहाताल को विकसित करने, मेडिकल कालेज के निर्माण व बंद पड़े उद्योग-धंधों को चालू कराने की योजना बनी थी।

# पुलिस ने शराब तस्करी पर कसा शिकंजा



जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** 'तू डाल-डाल तो मै पात-पात' की तर्ज पर बैरिया पुलिस बिहार सीमा पर कार्य कर रही है। पुलिस ने तय कर रखा है कि सीमा से बिहार में एक बूंद शराब की तस्करी नही होगी। होली के अवसर पर शराब की तस्करी मांझी के जयप्रभा सेतु के रास्ते ना हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने रविवार

**कामयाबी**

### बिहार सीमा समेत नदी घाटों पर पुलिस मुस्तैद

की सुबह से ही कमर कस लिया है।

एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में इस मार्ग से गुजरने वाले सभी वाहनों का गहन जांच किया जा रहा है। वही, सभी गंगा एवं सरयू नदी के तटों, कच्चे-पक्के रास्तों व पगडंडियों पर पुलिस तथा होमगार्ड के जवान मुस्तैद किए गए हैं, जो आने-जाने वाले सभी वाहनों एवं लोगों की जांच कर रहे हैं। एसएचओ ने बताया कि किसी भी कीमत पर शराब की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। शराब की तस्करी में अगर कोई पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ पुलिस कठोरतम कार्यवाही करेगी। बताया कि माल ढोने वाले अधिकांश वाहनों को माझी के चेक पोस्ट पर खाली कराकर जांच किया जा रहा है। वहीं, उनकी स्टैपनी और डीजल टैंक को भी खुलवा कर देखा जा रहा है। फलस्वरुप होली के अवसर पर शराब की तस्करी कर धन कमाने की मंशा रखने वालों की मंशा पर पानी फिर गया है।

## एक करोड़ की शराब पकड़े जाने की हो रही चर्चा

**बैरिया।** होली त्योहार के दृष्टिगत जयप्रभा सेतु पर बिहार पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर दो दिन पूर्व एक करोड़ रुपए से अधिक का शराब पकड़ा जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस सघन चेकिंग अभियान चला रही है। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश के चेक पोस्ट को पार कर बिहार बार्डर पर इतनी बड़ी शराब की खेप कैसे पहुंच गई? जिसे बिहार पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बता दे कि हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब दो कंटेनर में लादकर जयप्रभा सेतु के रास्ते बिहार जा रहा था कि बिहार पुलिस ने जयप्रभा सेतु पर बने बिहार के चेक पोस्ट पर उन्हें कब्जे में ले लिया। इस बाबत जब बैरिया के एसएचओ धर्मवीर सिंह से पूछा गया कि बैरिया पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाने के बावजूद इतनी बड़ी खेप कैसे बिहार में पहुंच गई तो उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस के पास हैंड स्केनर है। इसके चलते वह आसानी से शराब पकड़ ले रहे हैं। हमारे यहां हैंड स्कैनर की व्यवस्था नहीं है। बंद गाड़ियों में अन्य सामानों के बीच छिपाकर शराब ले जाने पर हम लोग नहीं पकड़ पा रहे हैं। कितने वाहनों को खाली कराकर चेक किया जाए? रोज इस रास्ते से हजारों वाहन आते-जाते हैं।

# ओमप्रकाश ने किया राजभर समाज का सौदा : महेन्द्र राजभर

**बलिया।** विधानसभा बेल्थरारोड के बिहरा हरपुर चट्टी पर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी की विशाल जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने संबोधित किया। कहा कि राजभर समाज की ताकत के बल पर पार्टी खड़ा कर ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज को केवल छलने का ही काम किया है। इसका जीता जागता उदाहरण 2022 का विधानसभा चुनाव है, जिसमें 17 सीटें मिलने के बावजूद भी ओमप्रकाश राजभर ने स्वयं एवं अपने पुत्र के अलावा किसी भी राजभर के बेटे को टिकट देकर चुनाव नहीं लड़ाया। इससे यह सिद्ध हो गया है कि ओमप्रकाश राजभर राजभर समाज के लिए भस्मासुर बन गए हैं।

श्री राजभर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी केवल बाप-बेटा की पार्टी बनकर रह गई है। इसका अगले चुनाव तक खात्मा तय है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज को लालीपाप दिखाकर वोट तो ले लिया, लेकिन सत्ता में जाने के बाद समाज के लिए कुछ भी नहीं किया। यही नहीं, अपने पुत्र के लिए एमएलसी अथवा राज्यसभा की सीट नहीं मिलने पर भाजपा के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर गठबंधन तोड़ दिया। कहा कि कुछ ऐसा ही हाल सपा के साथ गठबंधन में हुआ। ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज को एक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया है। उन्होंने जब जैसे चाहा, केवल समाज का सौदा ही किया है। अब राजभर समाज जाग चुका है और ओमप्रकाश राजभर के झांसे में नहीं आने वाला है।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव मनोज राजभर ने कहा कि सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी में हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान मिलेगा। चुनाव में भी कार्यकर्ता को ही टिकट दिया जाएगा। समाज के दबे-कुचले, वंचित, शोषित लोगों के हक एवं हुकूक की लड़ाई आप सभी के सहयोग से लड़ी जाएगी और उसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान सीमा राजभर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उनको प्रदेश प्रमुख महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मनोज राजभर, रमेश यादव, बड़े लाल चौहान, मोती मंडल, हरिहर राजभर, मनोज राजभर, रमेश यादव, गुड्डू तिवारी, रामशीष यादव, रमेश सिंह चौहान, अबू साले, रामजीत राजभर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता विश्राम राजभर ने किया।

## संक्षेप

### ब्लॉक प्रमुख ने अस्पताल को दी तीन सीटर कुर्सियां

**बेल्थरारोड।** ब्लॉक प्रमुख सीयर आलोक सिंह के दरिया दिली हर जगह चर्चा हो रही है। ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह के पास मानक के अनुरूप सरकारी धन खर्च करने की सीमा निर्धारित है। बावजूद इसके श्री सिंह ने सीएचसी सीयर को तीन सीटर छह अदद लोहे की कुर्सियां रविवार को प्रदान किया। इसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर में प्रतिदिन लगभग 600 से 700 रोगी तथा उनके सहयोगी आते है। अस्पताल में उनके बैठने की उचित व्यवस्था नही थी। इसके बावत अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह ने ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह को बातचीत के दौरान अवगत कराया था। ब्लाक प्रमुख श्री सिंह ने स्वयं निरीक्षण कर सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा. सिंह का अनुरोध स्वीकार करते हुए तीन सीटर छह अदद लोहे की कुर्सियां रविवार को प्रदान किया। अस्पताल प्रशासन की माने तो करीब तीन माह पहले ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने अस्पताल परिसर में अंधेरा से निजात हेतु एक सोलर लाईट लगवाया था। सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### सांसद व विधायक ने नहीं दिया ध्यान

**बेल्थरारोड।** सीएचसी सीयर पर मरीजों एवं तिमारदारों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। इस तरफ न तो सांसद ने ध्यान दिया और न ही क्षेत्रीय विधायक ने। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके तिमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसे लेकर क्षेत्रवासी सांसद एवं विधायक को कोसते थे। अस्पताल के अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह के एक अनुरोध पर ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने रविवार को तीन सीटर छह कुर्सियां प्रदान कर न सिर्फ स्वास्थ्य कर्मियों का दिल जीत लिया, बल्कि क्षेत्रवासियों की सेवा में सदैव तत्पर रहने का भी संदेश दिया है।

### ग्रामीणों के सहयोग से पकड़े गये दो चोर

**बांसडीह।** शनिवार की देर रात चोरी की नीयत से घर में घुसे दो चोरों को भवन स्वामी ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया और उन्हें पुलिस को सौंप दिया। पुलिस भवन स्वामी की तहरीर पर पकड़े गए चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। कस्बा के शिवरात्रि पोखरा निवासी भवन स्वामी उमेश राजभर ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि शनिवार की देर रात करीब साढ़े बारह बजे दो चोर घर में घुस कर कमरे में सामान टटोल रहे थे कि अचानक मेरी नींद खुल गई। हमने देखा कि दो चोर मेरे घर में घुसकर चोरी कर रहे थे। जब मैं शोर मचाया तो आवाज सुनकर भागने लगे, तभी मेरे घर के पड़ोस में रहने वाले परशुराम राजभर, दीपक चौहान, राजू दुबे सहित अन्य लोग आ गए और भाग रहे चोरों को दौड़ाकर घर से कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम कस्बा के उत्तर टोला निवासी संदीप चौहान पुत्र भीम चौहान एवं आकाश चौहान पुत्र हरेराम चौहान बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से मेरी दो मोबाइल बरामद हुई। इस घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पकड़े गए चोरों को कोतवाली लेकर चली गई।

### धर्म रक्षा निधि व होली मिलन समारोह संपन्न



**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद नगरा प्रखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा धर्म रक्षा निधि एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगरा स्थित डाक बंगले पर किया गया। कार्यक्रम में समस्त जिला पदाधिकारियों ने अपना निधि समर्पण किया तथा अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत सह मंत्री मंगल देव चौबे ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए तीन चीजों की विशेष आवश्यकता होती है कार्यकर्ता, कोष एवं कार्यालय। इसके तहत विश्व हिंदू परिषद वर्ष में एक बार निधि समर्पण कार्यक्रम करता है, जिससे संगठन का संचालन ठीक प्रकार से किया जा सके। श्री चौबे ने कार्यकर्ताओं के बीच संगठन द्वारा चलाए जाने वाले अस्पतालों, वृद्धाश्रमों, छात्रावासों एवं सेवा कार्यक्रमों की विधिवत चर्चा करते हुए 20 तारीख से पूर्व धर्म रक्षा निधि में अपना समर्पण करने हेतु कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बलिया जिला उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, रसड़ा कार्याध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला सहमंत्री डा. सुनील यादव, जयशंकर, विपिन, प्रेमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### शांति समिति की बैठक संपन्न



**लालगंज।** स्थानीय पुलिस चौकी प्रांगण में होली एवं शबे बरात को लेकर क्षेत्राधिकारी बैरिया उस्मान की अध्यक्षता में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली में शराब पीकर गाड़ी न चलाये। अश्लील एवं जाति विशेष से संबंधित गाना न बजायें। प्रभारी निरीक्षक दोकटी मदन पटेल ने कहा कि होली त्यौहार में अक्सर देखा जाता है कि लोग शराब पी लेते है और छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद कर लेते है। यही छोटी-छोटी बातें कभी-कभी बड़ा रूप ले लेता है। इसलिए होली को त्योहार की तरह मनाएं। हम सभी को इसका ध्यान रखना होगा, ताकि सामाजिक सौहार्द न बिगड़ने पाये। यदि कोई अराजकता फैलाएगा या हुड़दंगई करता पाया जाएगा तो पुलिसिया कार्यवाई तय है। किसी प्रकार के संदेहात्मक व्यक्ति बाजार व आस-पास दिखाई दे तो पुलिस को सूचित करें। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मोनू पाठक, अजीत तिवारी, विनोद तिवारी, मनोज गुप्ता, आनंद पाठक, मंसूर मिया, सदीक मिया, सैफुला, दिलावर आदि मौजूद रहे।

### उमरपुर दियारे में धड़ल्ले से काटे जा रहे हरे पेड़



**बलिया।** एक पुरानी कहावत है 'राजा को पता नहीं और भीलो ने बांट लिया जंगल'। यही स्थिति नरही थाना क्षेत्र के उमरपुर दियारे में बनी हुई है। लकड़ी माफियाओं की नजर उमरपुर दियारे में लगे पेड़ों पर पड़ गई है। रात-दिन बेखौफ होकर लकड़ी माफिया हरे पेड़ों को विगत् एक सप्ताह से जमीजोंद किए जा रहे हैं। सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए हर साल करोड़ों रुपए खर्च करके पेड़ लगवा रही है। बावजूद इसके जिम्मेदारों की मिलीभगत से हरे पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई हो रही है। नरही थाना क्षेत्र में कहीं भी लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। इस समय लकड़ी माफियाओं की नजर गंगा की गोंद में बसे उमरपुर दियारे में फैले जंगलों पर पड़ी है। लगातार एक सप्ताह से सेमल, नीम, बेर, बबूल सहित अन्य प्रजाति के पेड़ जमीजोंद किये जा रहे है। लकड़ी माफिया काटी गई लकड़ी को दियारे से ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर पलिया खास (बड़का खेत) गांव के सामने गंगा तट पर इकट्ठा कर ट्रक पर लादकर ले जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो कुछ ही दिन में लकड़ी माफिया चढ़ावा देकर पूरे क्षेत्र को वृक्ष विहीन कर देंगे। इस संबंध में डीएफओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम मामले की जांच करा रहे है। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस ने पीएसी बटालियन के साथ किया फ्लैग मार्च

**नगरा।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए स्थानीय पुलिस ने पीएसी बटालियन के साथ कस्बा के हनुमान चैक घोषी मार्ग, दुर्गा चैक, सिकन्दरपुर मार्ग से होते हुए बेल्थरारोड मार्ग सहित ताड़ीबड़ागांव, परिसिया, मालीपुर आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। होली व सबेबारात के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष व्रजेश सिंह के नेतृत्व मे रविवार को पुलिस ने बाजार कस्बे के सभी मार्ग पर भ्रमण कर शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश दिया। होली के त्यौहार में खलल डालने की मंशा से हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डीजे की तेज आवाज का प्रयोग प्रतिबन्धित है।

### 97 कछुओं के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** जीआरपी बलिया की संयुक्त कार्यवाही में 97 अदद सुंदरी प्रजाति के कछुआ की बरामदगी के साथ 3 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तारी किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एएसआई लल्लनजी चैधरी व एएसआई रमेश चंद्र सिंह हमराह हेड कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, कांस्टेबल अजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल संतोष कुमार पांडे, कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार जीआरपी बलिया के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन बलिया पर निगरानी व चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक की पूर्वी छोर के पास तीन व्यक्ति अपने पास दो-दो बैग व झोला लिए हुए बैठे थे, जो हम लोगों को देखकर हड़बड़ा कर अपना बैग और झोला उठाकर स्टेशन से बाहर की तरफ जाने लगे कि बलिया रेलवे स्टेशन के साइन बोर्ड के पास ही बोलकर रोक लिया गया और जाने का कारण पूछा गया, तो इधर-उधर की बात करते हुए जाने को कहने लगे संदेह होने पर झोले व बैग से बदबू आने पर बैग के बारे में पूछताछ किया गया तो बताया कि इसमें कुछ कछुआ है। नाम पता पूछने पर अपना नाम वापी मंडल पुत्र शंकर मंडल निवासी अकरायपुर थाना हावड़ा जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल उम्र 37 वर्ष, हेमंत पुत्र हिमांशु ग्राम बसवारी पोस्ट व थाना बसवारी जिला अंबेडकर नगर उम्र 38 वर्ष, हेमंत प्रसाद दास पुत्र स्व0 विमल दास ग्राम अगरपारा थाना खरोरा जिला 24 परगना पश्चिम बंगाल उम्र 65 वर्ष बताया उक्त तीनों को समय 03:15 बजे हिरासत में लिया गया। अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेलवे पुलिस बलिया को सुपुर्द कर दिया गया।

## अतिक्रमण हटाने की समाजसेवी ने की मांग

**रसड़ा।** स्थानीय विकास खण्ड के अठिला गांव निवासी समाजसेवी पवन कुमार सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर नवीन परती, बंजर, चक मार्ग व पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर उस पर पक्के मकान का निर्माण करने का आरोप लगाया है। कहा कि अठिला के भूसी का पूरा बस्ती निवासी किशोर पुत्र मुसाफिर एवं अन्य लोगों द्वारा नवीन परती, बंजर, बह, चक मार्ग व पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। उस पर पक्के मकान का निर्माण किया जा रहा है। बार-बार मना करने के बाद यह लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके सरकारी सड़क काफी सकरी और पतली बना दी गई है। मांग किया है कि जनहित में अतिक्रमण को हटाया जाय और अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही किया जाय।

# होली की खरीदारी को उमड़ रही भीड़





चौक में सजी रंग-पिचकारी की दुकानों से खरीदारी करते लोग

**बलिया।** होली रंगों और उल्लास का त्योहार है। इसकी तैयारी में लोग जोर-शोर से जुट गये है। अपने घरों की साफ-सफाई के साथ ही बाजारों में रंगों और मिठाईयों की खरीदारी के लिये भीड़ उमड़ पड़ी है। बच्चे हो या बड़े, होली का इंतजार हर किसी को बेसब्री से रहता है। जिले में होली की अच्छी खासी तैयारियां चल रही है।

दुकानदारों ने दुकानों पर तरह-तरह की वैरायटी के रंग, गुलाल व चाइनीज व देशी पिचकारियों को सजाया है। हर ओर होली का गीत सुनने को मिल रहा है। जैसे-जैसे होली का त्योहार नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे नगर के बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। रेडीमेड कपड़े और साड़ी की दुकानों पर भारी भीड़ दिखाई पड़ रही है। साथ ही रंग, गुलाल और पिचकारियों की खासी वैरायटी दुकानों पर उपलब्ध है। आलम यह है कि बाजारों में रंगों व चाइनीज पिचकारियों की भरमार है, जिसमें गुलाल, सेंटेड गुलाल, मखमल गुलाल, गोल्ड सिल्वर जैसे सूखे रंग भी उपलब्ध हैं। बाजार में बच्चों के लिए 20 रुपए से लेकर 600 रुपए तक की पिचकारी मिल रही है। हर कोई अपने बजट के हिसाब से खरीददारी कर रहा है।

होलिका पूजन पर प्रयुक्त होने वाले रंग-बिरंगी होली हार व बेर के साथ ही पिचकारी तथा रंगों की दुकानें जगह-जगह सज गई है। होली को लेकर खरीदार बाजारों में उमड़ने लगे है। इसके चलते बाजारों में भारी भीड़ बनी हुई है। उल्लास के पर्व होली पर चौक में पिचकारियों की दुकानें सजी हुई है। होली की खरीदारी को लेकर बाजारों में रौनक बनी हुई है। ग्रामीण अंचलों से भी लोग होली की खरीदारी करने के लिए नगर में उमड़ रहे है।

## वाणिज्य कर विभाग ने अधिवक्ताओं संग खेली होली



**बलिया।** वाणिज्य कर विभाग कार्यालय इंदिरा मार्केट चित्तू पांडेय चौराहा पर वाणिज्य कर अधिकारियों द्वारा व्यापार मंडल एवं अधिवक्ता संघ के साथ होली खेल सामाजिक समरसता का अनोखा संदेश दिया गया। वाणिज्य कर अधिकारियों द्वारा व्यापारी और अधिवक्ताओं को जलपान कराया गया। उसके बाद अबीर और फूलों की होली खेली गई, जिसमें जीएसटी कमिश्नर ने समाज में सदभावना पूर्वक होली खेलने का संदेश दिया। केमिकल रंगों से परहेज करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने कहा कि समाज में भाईचारे के साथ एक-दूसरे से गले मिलकर होली खेलें। जिलाध्यक्ष मंजय सिंह ने कहा कि आपसी भाईचारा स्थापित करने के साथ समाज में शांति और सौहार्द के साथ होली मनाएं। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर बजरंगी यादव, सुरेंद्र बहादुर, विवेक कुमार, मदन वर्मा, राजकुमार वर्मा, सतीश गुप्ता, अशोक गुप्ता, विजय गुप्ता, अधिवक्ता गुलाब चंद गुप्ता, बद्रीनाथ, संजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 442 शीशी अवैध देशी शराब तथा 46 केन बियर बरामद, एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को रात्रि में थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अस्तुपुरा से फागु सोनकर पुत्र लल्लन सोनकर निवासी अस्तुपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कब्जे से एक मकान मे फल गोदाम में छुपाकर रखी गयी तीन बोरियो में 442 शीशी (200 एमएल) अवैध देशी शराब बन्टी बबली व एक बोरी में 46 केन बियर (500 एमएल) प्रिमियम थन्डरबोल्ट बरामद कर गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह किराये का मकान है जहा मेरा दोस्त अजय सोनकर और हम लोग यह शराब और बियर मिलकर रखे है तथा मुहल्ले में घूम-घूम कर बचते है जो प्रोफिट होता है उसे आधा-आधा बांट लेते है। यह शराब मेरा दोस्त अजय ही लाकर मुझे देता है। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 30/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### गैंगस्टर एक्ट में 10 हजार इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा षनिवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन रोड रामलीला मैदान के पास से गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया 10 हजार अभियुक्त सत्तार अहमद पुत्र कमरुद्दीन निवासी देईथान थाना कोपागंज मऊ के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं 85/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### उपजा की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

**मऊ।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन की जनपदीय इकाई की बैठक रविवार को संगठन के मुंशीपुरा स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। बैठक में वक्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया। कहा कि संगठन पत्रकारों के हितों के संरक्षण, सवंर्धन के लिए सदैव तत्पर है। बैठक में तहसील और ब्लाक इकाइयों से गठन और सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। संरक्षक सुभाष यादव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में निष्पक्ष पत्रकारिता काफी चुनौती पूर्ण कार्य है। फिर भी लोकतंत्र स्तंभ मीडिया की भूमिका काफी अहम है। पत्रकारिता शासन, सरकार और जनसामान्य के बीच मजबूत सेतु है। हर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने का कार्य निष्पक्ष पत्रकारिता का दायित्व है। शासन अथवा प्रशासन के आक्रोश की चिंता न करके पत्रकार खबरों का संकलन और प्रकाशन करता है। इस कार्य में उसे अनेक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ता है। खास तौर से वर्तमान परिवेश में यह चुनौती और भी गंभीर हो गई है। ऐसे में उपजा पत्रकारों के हितों के संरक्षण के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे खबरों के संकलन, प्रकाशन में तथ्यों, साक्ष्यों का परीक्षण, अनुशीलन और पूरी तरह जांच पड़ताल के बाद खबरों का चयन करें। चुनौतियों से बिलकुल न घबराएं, न ही चिंता करें, हमेशा सच का अनुसरण करें। जिलाध्यक्ष संजय राय ने कहा कि संगठन पत्रकार साथियों के हितों की रक्षा करने और उनके समक्ष आने वाली किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण और निरंतर सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को परिचय पत्र जारी किया गया है। बैठक में सुभाष यादव, संजय, विजय कुमार गुप्त, विनय श्रीवास्तव, अरुण राय, वीरेंद्र, लालजी यादव, जयप्रकाश यादव, नवीन राय, आर्येन्द्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा सहित काफी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

### जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह 12 को

**मऊ।** जनपद में जायसवाल समाज द्वारा होली मिलन समारोह विश्व प्रसिद्ध वृंदावन की फूलों की होली, मयूर नृत्य व ब्रज के रास मंडल की आकर्षक झांकियों संग मनाया जाएगा। जिसका निर्णय रविवार को समाज के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गयज्ञं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जायसवाल समाज सेवा समिति जिलाध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल उर्फ लल्लू बाबू ने बताया कि इस वर्ष हो जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह आगामी रविवार 12 मार्च को गाजीपुर तिराहा स्थित विजय प्लाजा में मनाया जाएगा। जिसमें विश्व प्रसिद्ध वृंदावन की टीम द्वारा फूलों की होली मयूर नृत्य व ब्रज के रास मंडल के आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति की जाएगी। इस बैठक में संस्थापक कैलाशचन्द जायसवाल, युवा अध्यक्ष प्रतीक जयसवाल, कोषाध्यक्ष मुन्ना, पियूष जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, हिमांशु, अमित, संतोष जायसवाल व कन्हैया लाल जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री श्रीराम जायसवाल व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल ने किया।

# होली पर अराजकता फैलाने पर होगी कार्रवाई

**बोले एसडीएम**

### पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** होली के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अमन चैन कायम रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार चैहान और पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय विक्रम सिंह की अध्यक्षता में रविवार को कोतवाली परिसर में हुई। जिसमे सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की गई। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों के बारे में सूचना देने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी अवधेश चैहान ने कहा कि त्योहार किसी भी धर्म का हो इसे आपसी सौहार्द और भाईचारे से मिलजुल कर मनाने त्योहारों की खुशी और बढ़ जाती है। कहा कि होली आपसी वैमनस्यता भुलाकर सभी से गले मिलने का त्योहार है। मिलजुलकर होली मनाने से खुशी और बढ़ेगी। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कहते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आकस्मिक या विवाद की स्थिति में पुलिस को सूचना दें। खुद ही किसी विवाद को निपटाने का प्रयास करें। विवाद नहीं सुलझने पर प्रशासन को सूचित करें। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए चालीसवा गांव में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना की गई है। आग लगने की आपात स्थिति में फायर स्टेशन के फोन नंबर 9984464617 पर सूचना दें ताकि घटना रोकने में त्वरित सहायता मिल सके।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय विक्रम सिंह ने कहा कि होली और शबेरात को देखते हुए पुलिस चैकसी कड़ी कर दी गई है। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कहा कि पूर्व में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वाहनों या सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील गाना बजाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि वाहनों में अश्लील गाना बजाने वाले एक दर्जन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि दूसरे संप्रदाय की भावनाओं का ख्याल रखते हुए किसी भी संप्रदाय का व्यक्ति अगर होली खेलने का इच्छुक नहीं है तो उसे रंग लगाने से परहेज करना चाहिए। किसी विशेष संप्रदाय के धार्मिक स्थल पर होली का रंग न फेंकें। कोतवाल संजय त्रिपाठी ने बताया की कोतवाली थाना क्षेत्र के सभी गांवों में कुल 192 स्थानों पर होलिका जलाया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा ब्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किये गए हैं। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक डायमंड गुप्ता, अजय जायसवाल पूर्व प्रधान सुनील सिंह, समाजसेवी पप्पू सिंह, प्रधान प्रतिनिधि श्याम बिहारी जायसवाल, अभिषेक सिंह, अलंकार यादव, अबुजर मदनी, संजय तिवारी, इफ्तेखार अहमद, डॉक्टर इनामुल्लाह आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान भारत मेले में 1006 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही गोल्डन कार्ड धारकों के उपचार की सुविधा हेतु लगने वाले आयुष्मान भारत मेला में आज जनपद के सभी 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल मिलाकर 1006 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 83 लाभार्थियों को उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों हेतु चिन्हित किया गया। पिछले दो आयुष्मान भारत मेले में कुल 1684 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ था, जिनमें से 254 लाभार्थियों को उपचार हेतु चिन्हित किया गया था, जिनमें से 154 लोगों को अब तक इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। इनमें से ज्यादातर मरीज हर्निया, हाइड्रोसील, मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स के थे। जनपद में सरकारी अस्पतालों के साथ ही 24 प्राइवेट अस्पतालों में गोल्डन कार्ड धारकों के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। दो सप्ताह पूर्व ही डीएम ने प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही आयुष्मान भारत मेला भी लगाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए थे, जिसके दौरान गोल्डन कार्ड धारकों के स्क्रीनिंग के उपरांत इलाज की सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि शासन की मंशा अनुरूप गोल्डन कार्ड धारकों को उपचार की दी जाने वाली सुविधा का लाभ दिया जाए।

# आयुष्मान कार्ड की अद्यतन जारी रैंकिंग में मऊ टॉप 10 में शामिल

जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद मऊ ने 9वां स्थान हासिल किया है। ज्ञातव्य है कि अप्रैल 2022 की जारी रैंकिंग में जनपद मऊ का 56 वा स्थान था।

जनपद मऊ में कुल 1 लाख 84 हजार 121 पात्र परिवार है, जिनमें से 1 लाख 25 हजार 888 परिवार ऐसे हैं, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। यह कुल पात्र परिवारों का 68.37 प्रतिशत है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने की बहुत ही धीमी प्रगति को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए इसे एक अभियान के रूप में चलाया, जिससे जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति में गुणात्मक सुधार आया। 4 मार्च को जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ने 9 वा स्थान हासिल किया है।

मंडल से जुड़े अन्य जिलों क्रमशः

**उपलब्धि**

### जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन का दिखने लगा परिणाम

आजमगढ़ ने 10वां तथा जनपद बलिया ने 26 वा स्थान प्राप्त किया है। आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जा रही है।

साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर ही प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ आयुष्मान भारत मेला का आयोजन प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जा रहा है, जिसमें आयुष्मान कार्ड धारकों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि शासन की मंशा के अनुरूप आयुष्मान कार्ड धारकों को अधिक से अधिक इलाज की सुविधा प्रदान की जाए।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**तीन घायल**

## तिलक समारोह से बाइक से वापस आ रहे थे पांच लोग

## सड़क पर कंकड़ होने से हुआ हादसा

**जनसंदेश न्यूज**



**गाजीपुर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नगवा चट्टी पुलिया के पास तेजरफ्तार दो बाइक सवार सड़क पर बिखरी गिट्टी पर फिसल गए। इस हादसे में दो युवक की मौत हो गई। तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। वहीं परिजनों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर मऊ जनपद के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मरदह थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी रामबचन राजभर के घर से शनिवार को शहर कोतवाली के बुजुर्गा गांव निवासी शिवमुनी राजभर के घर तिलक चढ़ाने लोग गए थे। तिलक समारोह में गांव के चंदन राजभर (22) पुत्र सज्जन राजभर, अभय राजभर (22) पुत्र मुन्ना राजभर, गौतम राजभर (21) पुत्र रामबचन राजभर, गोलू राजभर (23) पुत्र जय राम राजभर और एक रिश्तेदार बाइक से गए थे।

सभी एक साथ दो बाइक पर घर वापस आ रहें थे। कोतवाली क्षेत्र के नगवा चट्टी के पुलिया के पास सड़क पर कंकड़ होने की वजह से आगे चल रहें बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए।

वहीं पीछे से आ रही बाइक पहले बाइक में जा टकराई। इस घटना में चंदन राजभर और अभय राजभर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथी तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।


## स्कार्पियो-मैजिक की टक्कर में महिला की मौत

**जमानियां।** नियति का खेल भी अजीब होता है। बाइक हादसे में जख्मी महिला की अस्पताल ले जाते समय दुबारा हादसे का शिकार हो जाने से मौत हो गई। शनिवार की शाम करीब साढ़े 6 बजे हुए इस वाकये को जिसने भी सुना सबका यही कहना था कि नियति का खेल भी अजीब होता है। पहले तो नईबाजार देवईथा मार्ग पर रास्ते में बाइक सवार से लिफ्ट मांगकर अपने पुत्र के साथ क्षेत्र के महली स्थित रिश्तेदारी में जा रही कांति देवी 48 पत्नी सुनील निवासी डुमरैत जिला भभुआ अभईपुर के पास शाम साढ़े 5 बजे के करीब बाइक के अनियंत्रित होने से गिरकर जख्मी हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीण महिला को इलाज के लिए मैजिक वाहन से जमानियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। इसी दौरान बरुईन नहर पुलिया के पास शाम साढ़े 6 बजे के करीब स्कार्पियो से मैजिक वाहन की भिड़ंत हो गई। जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। लोगों ने महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके पुत्र का प्राथमिक उपचार किया गया।

## बदमाशों ने दरवाजे पर खड़ी बाइक में लगाई आग

**जनसंदेश न्यूज**

**कासिमाबाद।** बरेसर थाना क्षेत्र के शकरपुर कला गांव में रविवार की सुबह चार बजे एक पीड़ित के दरवाजे पर खड़ी दो बाइक को अज्ञात बदमाशों ने जला दी। वहीं जब लोगों को जानकारी हुई तो आग बुझाने को काफी प्रयास किया। लेकिन तब तक दोनों बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के शकरपुर कला गांव निवासी केदार राम ने बताया कि दरवाजे पर खड़ी दो बाइक को कुछ अज्ञात बदमाशों ने रविवार की सुबह चार बजे आग लगान दी। जब तक जानकारी हुई तो परिजनों ने आग बुझाने को काफी प्रयास किया। लेकिन तब तक मोटरसाइकिल पूरी तरह जल गई वही अपने पुत्र की बाइक के पास दूसरी मोटरसाइकिल जो मेरे रिश्तेदार की थी वह भी चपेट में आकर बुरी तरह जल कर खाक हो गई। पीड़ित केदार राम ने बताया कि मेरे पुत्र हरेंद्र राम की शादी में यह बाइक बहू ममता देवी के नाम से मिली है। दोनों मोटरसाइकिल हमारे घर के मुख्य दरवाजे पर खड़ी थी। पीड़ित केदार राम ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बरेसर थानाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिला है छानबीन की जा रही है।



शकरपुर कला गांव में जली बाइक।

## संक्षेप

### पुलिस को देख भागे तस्कर, पशु बरामद



**नगसर।** गौ तस्करों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है।स्थानीय पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद हो गई है। शनिवार चार बजे भोर में अवैध रूप से तस्करी के लिए एक पिअकप गाड़ी से बिहार प्रान्त ले जा रहे सात गाय और पांच बछड़े को उतरौली, नगसर,ढ़-ढ़नी मार्ग पर रेलवे क्रासिंग से पश्चिम दो सौ मीटर दूर ही पुलिस की वाहन देख ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस वाहन को थाने लेकर आयी और गाय बछड़े को बाहर निकाला तो एक गाय मर गई थी। थानाध्यक्ष आनन्द कुमार भारती ने बताया कि वाहन स्वामी शोनू यादव पुत्र राम अवध यादव ग्राम पचरासी थाना सैदपुर और चार अज्ञात पर संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आनन्द कुमार भारती, सौरभ यादव, विनीत कुमार, आलोक यादव आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों में होम बेस्ड एजुकेशन किट वितरित

**सुहवल।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी समेकित शिक्षा योजना के तहत 6 से 14 वर्ष के दिव्यांग 12 छात्रों को होम बेस्ड एजुकेशन कीट सामग्री का वितरण महकमें के दिव्यांग शिक्षक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा किया गया। दिव्यांग छात्रों के विशेष शिक्षक आत्मानंद यादव अपने अन्य लोगों के साथ प्राथमिक विद्यालय सुहवल पूर्वी प्रथम में अध्ययनरत कक्षा 4 की छात्रा प्रीति गुप्ता को उसके घर पहुंच कर टी एल एम किट को छात्रा को सौंपा ।इसके अलावा अन्य विभिन्न छात्रों के घर पर भी जा इसका वितरण किया।इस दौरान प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी एवं विशेष शिक्षक आत्मानंद यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि ब्लाक के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के साथ प्यार,दुलार व सम्मान के साथ व्यवहार करते हुए उनको शिक्षित किया जाए तो निश्चित रूप से उन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौतम यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार राम आदि मौजूद रहे।

### तस्कर बिहार भेज रहे शराब की खेप

**बारा।** जिले की सीमा से सटे पड़ोसी प्रांत बिहार में शराबबंदी होने से सीमावर्ती इलाके में शराब तस्करों की गतिविधियां चलती रहती हैं। होली के अवसर पर बिहार में शराब की मांग को देखते हुए तस्कर मौके का फायदा उठाने में पीछे नहीं हैं। सीमावर्ती इलाके को हब बनाकर शराब तस्कर बिहार में शराब की खेप पहुंचा रहे हैं। पंजाब, हरियाणा से ही नहीं बल्कि यूपी के सीमावर्ती इलाकों में स्थापित सरकारी शराब की दुकानों से शराब धड़ल्ले से बिहार भेजी जा रही है। गहमर कोतवाली के बारा, कुतुबपुर, मगरखाई, भतौरा, दलपतपुर, सायर, रायसेनपुर, देवल गांव में तस्करों का रैकेट सक्रिय है ।सीओ जमानियां विधि भूषण मौर्य ने कहा कि पुलिस की शराब तस्करों पर पैनी नजर है। बार्डर के इलाकों के थानेदारों और चौकी प्रभारियों को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध शराब के धंधे पर अंकुश लगेगा।

### ट्रैक्टर में फंस कर विवाहिता की मौत

**जखनिया।** कोतवाली भुड़कुरा अंतर्गत सावित्री देवी पत्नी सोहन राम 60 वर्ष अपनी ससुराल से मायके ओड़ासन जा रही थी। गांव के पास ही ट्रैक्टर धान की कुटाई मशीन लेकर जा रहा था उससे पास लेने के चक्कर में सावित्री की साड़ी मशीन में फंस गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल सावित्री को लेकर निजी अस्पताल लाएए जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति होने पर ट्रामा सेंटर ले जाने की सलाह दी। जहां रास्ते में ही जाते वक्त उनकी मौत हो गई। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि ट्रैक्टर में फंसकर महिला की मौत हुई है। अभी तहरीर नहीं मिली हैए लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची है। शव को थाने लाया जाएगा और पोस्टमार्टम कराने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एससी-एसटी के छात्रों को मुफ्त शिक्षा देता इग्नू

**गाजीपुर।** इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक सत्र जनवरी 2023 में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूजी, पीजी, (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 28 फरवरी से बढ़ाकर 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इच्छुक छात्र पीजी कालेज में स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र से सम्पर्क करें। इस आशय की जानकारी डा.एसएन सिंह ने दिया है।

# माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी का मकान धराशायी

**कार्रवाई**

## जिला प्रशासन ने दो मंजिला मकान पर चलाया बुलडोजर

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के करीबियों पर लगातार प्रशासन का डंडा चल रहा है। माफिया के कभी खास रह चुके कमलेश सिंह के मकान पर पुलिस ने बुलोडजर चला दिया। हालांकि, कमलेश सिंह की दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। इस मकान में उनका परिवार और किराएदार रहते है। सैदपुर के डहन गांव निवासी स्व. कमलेश सिंह की नगर स्थित फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग के पास दो मंजिला बिल्डिंग है। रविवार की सुबह जिला प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही।

बुलडोजर चलने के दौरान आस पास के इलाकों को की भीड़ जुट गई। वहीं प्रशासन ने फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग के रास्ते को वाहनों के आवागमन के लिए कार्रवाई के दौरान रोक दिया था। बतादें, बिल्डिंग में वाणिज्य विभाग का कार्यालय था। जिला प्रशासन ने विभागीय अधिकारी को मकान खाली करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद विभाग ने शनिवार को ही मकान खाली कर दिया। बिल्डिंग की ध्वस्तीकरण के बाद कार्यालय के सभी फाइलों को आरटीआई छात्रावास परिसर में सुरक्षित रखा गया।

कार्रवाई के दौरान सदर एसडीएम, तहसीलदार अभिषेक कुमार, सीओ सिटी गौरव कुमार, शहर कोतवाल टीबी सिंह मौजूद रहे।



फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग के पास अवैध मकान को ध्वस्त करता जेसीबी।



फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग के पास मकान गिराने के दौरान तैनात पुलिस।

## कॉलेज पर चला बाबा का बुलडोजर

**मुहम्मदाबाद ।** जिला प्रशासन अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत एक कालेज पर भी बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को डॉक्टर एमए अंसारी इंटर कॉलेज पर बुलडोजर चला दिया। प्रशासन ने कालेज के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। बतादें, डा.एमए अंसारी इंटर कॉलेज की बाउंड्री वाल अवैध कब्जे पर बनी हुई थी । कालेज को कई बार नोटिस दिया गया । लेकिन वह कानून की भाषा पढ़ा रहे थे। पुलिस ने अवैध कब्जे को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान एसडीएम, सीओ, कोतवाल और भारी संख्या में फोर्स तैनात रही।

## मकान का नक्शा नहीं था पास

प्रशासन के मुताबिक स्व. कमलेश सिंह का मकान अवैध रूप से बनाया गया था। इसका नक्शा भी पास नहीं था। मई 2022 में इसे गिराने का आदेश हुआ था। लेकिन, 20 वर्ष से बिल्डिंग में वाणिज्यकर का आफिस था। यूबीआई बैंक से लेकर कई दुकाने किराए पर दी गई थी। पुलिस के मुताबिक जिले के विभिन्न थानों में कमलेश सिंह पर दो दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज थे।

## मकान मालिक को जारी था नोटिस

स्व. कमलेश सिंह की इस मकान को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। वहीं जिला प्रशासन ने वर्ष 2021 में ही इसके ध्वस्तीकरण का फरमान सुनाया था। मकान मालिक को कई बार नोटिस भी जारी किया गया। लेकिन वह प्रशासन की नोटिस को हल्के में ले रहे थे। जिला प्रशासन की सख्ती के बाद 17 फरवरी को वाणिज्य विभाग के सहायक आयुक्त कपिल कुमार शर्मा के निर्देश पर कार्यालय को खाली करा दिया गया।

# सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : रोशनलाल

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक आरटीआई परिसर में रविवार को सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सफाई कर्मचारी संघ की एकजुटता के साथ-साथ आय व्यय पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष रोशनलाल ने कहा कि बिना एकजुट हुए सफाई कर्मचारी साथियों के किसी भी समस्या का समाधान संभव नहीं है।

संगठन की मजबूती के लिए संघ के प्रति त्याग और समर्पण बहुत ही आवश्यक है। जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने कहा कि सफाई कर्मचारी साथियों के ऊपर होने वाले प्रत्येक अन्याय के खिलाफ सफाई कर्मचारी संघ संघर्ष किया है और आगे भी संघर्ष करेगा। सोमनाथ यादव ने कहा कि हम सभी साथियों को आपसी मतभेद भुलाकर कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण हेतु अपनी आवाज को बुलंद करना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष राम नगीना यादव एवं कुछ अन्य पदाधिकारियों ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत करने के लिए जिला अध्यक्ष रोशनलाल एवं जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी से मांग किया। इस पर जिला अध्यक्ष रोशनलाल ने अपने कार्यकाल का आय-व्यय का लेखा-जोखा बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

जिस पर बैठक में उपस्थित अधिकांश पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सहमति प्रदान की गई और आय व्यय का लेखा जोखा पारित किया गया। बैठक में जिला महामंत्री ईश्वर यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जवाहिर बिंद, प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, जिला संयुक्त मंत्री कामेश्वर रावत, जिला संयोजक अजय कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर वर्मा, विनोद कुमार बिनोद कुमार, रायसिंहासन, राजकुमार आदि मौजूद रहें। संचालन जिलामंत्री ईश्वर यादव ने किया।



आरटीआई परिसर में बैठक के दौरान सफाई कर्मचारी।

# अरबों का मालिक पुलिस का लगा रहा चक्कर


**परेशानी बढ़ी**

## सब्जी व्यवसाई ने की फर्जीवाड़े को लेकर जांच की मांग

**सेवराई।** अरबों रुपए के मालिक सब्जी व्यवसाई पुलिस से लेकर साइबर सेल का चक्कर लगा रहें है। आयकर विभाग की नोटिस को लेकर उनकी नींद उड़ गई है। व्यवसाई इस सोच में पड़ गया है कि पूरी अपनी जायदाद बेचने के बाद भी आयकर विभाग की एक पाई भी कैसे चुका पाएंगे। व्यवसाई साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बतादें, गहमर के मैगर राय पट्टी निवासी विनोद रस्तोगी को आयकर विभाग से नोटिस जारी किया गया कि आप आयकर जमा नहीं कर रहे हैं।

जब विनोद रस्तोगी आयकर विभाग के कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि उनका एक खाता है। उस खाते में 172 करोड़ से अधिक रुपए चेक के माध्यम से जमा किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि आप अपना आयकर जमा कर दीजिए। जिस पर विनोद रस्तोगी ने कहा कि यह हमारा खाता नहीं है और यह हमारा पैसा भी नहीं है। इतनी बड़ी राशि के बात की जानकारी होते ही यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई। पूरे गांव में लोग तरह-तरह की बात करने लगे। इन सब बातों से घबराए विनोद रस्तोगी ने इस मामले को लेकर गहमर थाने गए जहां से उन्हें साइबर सेल जाने की सलाह दिया गया। साइबर सेल पहुंचकर विनोद रस्तोगी ने अपना शिकायती पत्र दिया जिस पर उन्हें जांचोपरन्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। दरअसल, रस्तोगी का कहना है कि हमारे पैन और आधार कार्ड का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी ढंग से प्रयोग कर खाता खोला गया है। जिसकी जानकारी हमें कानों कान नहीं थी। जिसकी जांच होनी चाहिए। साइबर सेल प्रभारी वैभव मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र के साथ कुछ जरूरी कागजात मिले हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पीड़ित से संपर्क रखा गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# सोनवल स्टेशन पर अंधेरा कायम



सोनवल रेलवे स्टेशन पर मोबाइल के रोशनी में टिकट काटता कर्मचारी।

**यह है हाल**

## मोबाइल की रोशनी में कर्मचारी काटते है टिकट

**जनसंदेश न्यूज**

**सुहवल।** सोनवल टिकट कक्ष में प्रकाश की व्यवस्था न होने से कर्मचारी मोबाइल की रोशनी में टिकट काटने को विवश है। अस्थाई प्लेटफार्म भी आए दिन अंधेरे में डूबा रहता है। जो महकमें की पोल खोल रहा है।अंधेरा होने से यात्रियों को विभिन्न तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। यही नहीं यात्रियों को इस अंधेरे के चलते महिला,पुरुष यात्रियों ने बताया कि अगर यही स्थिति रही तो भविष्य में कभी भी अप्रिय घटना होने से रोका नहीं जा सकता है।

लोगों ने कहा कि इसको लेकर क ई बार शिकायत किया गया मगर महकमा पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। बतादें, इस ब्रांच लाइन पर चलने वाली एकमात्र पैसेन्जर ट्रेन का ठहराव बीते बारह फरवरी से सोनवल में हो रहा है। मगर यात्रियों के सुविधाओं की बात तो दूर महकमा खुद के कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए गंम्भीर नहीं है। क्रासग के केबिन में बनाए गये अस्थाई टिकट घर ,काउंटर में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे टिकट काटने वाले कर्मचारी को टिकट काटते समय कम्प्यूटर आपरेट करने व रुपए लेने-देने के लिए टार्च या मोबाइल की रोशनी से काम चलाना पड़ता है। आरबीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चंद्रा ने बताया कि जल्द ही वहाँ प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध करा दिया जायेगा।

### प्लेटफार्म पर नहीं जलती लाइट

लोगों ने बताया कि बनाए गये प्लेटफार्म व क्रासिंग पर आरबीएनएल द्वारा प्रकाश के लिए लाईटे तो लगाई गई है । मगर यह शायद ही कभी जलती हैं। इसके लिए बकायदा सम्बन्धित को जनरेटर चलाने के लिए डीजल की भी व्यवस्था की गई है,मगर सब शोपीस साबित हो रहा है।

### स्टेशन पर अराजक तत्वों का जमावड़ा

मोबाइल की रोशनी में कर्मचारी व यात्री खुद को असुरक्षित महसूस करते है। शाम को अंधेरा होते ही यह सोनवल स्टेशन पूरी तरह से अंधेरे में डूब जाता है। जिससे अराजक तत्वों का भी जमावड़ा लगने लगता है। महिला यात्री खुद को असुरक्षित महसूस करती है। अंधेरा होने के कारण ट्रेन पर चढ़ने व प्लेटफार्म पर आते जाते समय लोग हमेशा हादसे की आशंका से भयग्रस्त रहते है।

# होली और शब-ए-बारात को लेकर पुलिस का पैदल मार्च



गहमर कोतवाली से पैदल मार्च करते प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस।

**जनसंदेश न्यूज**

**गहमर।** होली और शब-ए-बरात के पर्व के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद नजर आया। उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद चौरसिया व क्षेत्राधिकारी जमानिया विधिभूषण मौर्या के संयुक्त नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ गहमर की सड़कों पर पैदल मार्च किया।

पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाने की अपील की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा पैदल मार्च कोतवाली गेट से शुरू किया गया।

जो इंटर कालेज गहमर, मुख्य पोस्ट आफिस, रेलवे स्टेशन गहमर, नेशनल हाईवे ताड़ीघाट-बारा मार्ग, यूनियन बैंक आदि मोहल्लों से होता हुआ। पुनः कोतवाली गहमर पर पहुंचा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय सहित चौकी बारा, चौकी कामाख्या, चौकी सेवराई, चौकी देवल के समस्त पुलिस के अधिकारी और जवान शामिल रहे।

## होली पर महंगाई का रंग सब रंगों पर भारी

**गाजीपुर।** होली के त्योहारी रंग पर इस बार महंगाई का रंग चढ़ गया है। फिर चाहें बात गैस सिलिंडर की कीमतों में वृद्धि की हो या रसोई से जुड़ी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। होली पर हर घर में गुजिया, पापड़, नमकीन, मिठाई आदि बनाए जाते हैं। ऐसे में बाजार आने वाले ग्राहक अपनी जेब के बजट के मुताबिक खरीदारी कर रहे हैं। इस बार होली की तैयारी पर भी महंगाई का असर साफ तौर पर दिख रहा है। परचून व्यवसायी अरविंद ने बताया कि इस बार होली पर महंगाई का साफ तौर पर काफी असर दिख रहा है। मैदा, सूजी, रिफाइंड तेल, बूरा, चीनी के दाम एक माह पूर्व की तुलना में पांच रुपये से लेकर 30 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ गए हैं। इस कारण लोग कम सामान खरीद कर त्योहार की औपचारिकता पूरी कर रहे हैं । किराना व्यवसाई आनन्द कुमार ने बताया कि बादाम, काजू, किशमिश, चिरोंजी और मखाने के दाम में 25 से 60 रुपये किलो तक की तेजी आई है। इसका सीधा असर मध्यम वर्ग के ग्राहकों पर पड़ा है। चिप्स, पापड़ विक्रेता पवन ने बताया कि इस बार चिप्स, पापड़ और कुरकुरे की कई वैराइटी बाजार में आई हैं। आलू के चिप्स, आलू, अरारोट, साबूदाना, मैदा और चावल के पापड़, साबूदाना के चिप्स, दाल के पापड़ और कई अलग-अलग डिजाइन के कुरकुरे ग्राहकों की पसंद बने हुए हैं। सामान्य गुलाल हो या फिर हर्बल। आजकल लोग स्किन को लेकर इतने संवेदनशील हो गए हैं कि हर्बल और उच्च गुणवत्ता वाला गुलाल व रंग ही काम में लेने लगे हैं। लेकिन इनकी दरों में नामी ब्रांड में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। गुलाल में अब लोकल ब्रांड का कम बिक रहा है।

## रंगों के साथ गुझियों की मिठास

**गाजीपुर।** होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। बाजारों में लोग गुझियों, नमकीन, गुलाल और कपड़ों भी खरीदारी कर रहे हैं। कपड़ों में कुर्ता-पायजामा खूब पसंद किया जा रहा है। वहीं, बच्चों के लिए विभिन्न तरीके की पिचकारी आई हैं। होली पर्व को लेकर बाजार गुलजार हैं। लोग पर्व की तैयारियों में जुटे हैं। खासकर गुझियों और नमकीन की खरीदारी हो रही है। गुझियां 300 से 500 रुपये किलो तक बिक रही हैं। बाजार में कपड़ों की दुकानों पर बच्चे, युवा व बुजुर्ग भी कुर्ता पायजामे खरीद रहे हैं। सफेद रंग के कुर्ते पायजामे की मांग ज्यादा है। कुर्ते पायजामे की कीमत 400 से एक हजार रुपये तक है। इसी तरह विभिन्न प्रकार की नमकीन भी बिक रही हैं। इनमें काजू, आलू भुजिया, मिक्स नमकीन की खरीदारी ज्यादा हो रही है। नमकीन कारोबारी वीरेंद्र का कहना है कि इन दिनों विभिन्न प्रकार की नमकीनों की खरीदारी हो रही है। मिठाई कारोबारी रोहित ने बताया कि गुझियों की मांग ज्यादा है। इसके अलावा अन्य मिठाई भी बिक रही है। कपड़ा कारोबारियों का कहना है कि कुर्ते पायजामे की खरीदारी ज्यादा हो रही है। क्योंकि, लोग कुर्ते पायजामे पहनकर रंगों की होली खेलना पसंद करते हैं। बाजार में रंगों की दुकानों पर केसरिया गुलाल की मांग ज्यादा है। इसके अलावा नीले, पीले और हरे गुलाल की भी बिक्री हो रही है।



कचहरी स्थित अस्थाई दुकान पर सजी पिचकारी।

**शहर के बाजार में मुखौटा सहित पिचकारियों का भंडार**

### बच्चे खरीद रहे पिचकारियां

बाजार में 100 से एक हजार रुपये कीमत वाली पिचकारियां आई हुई हैं। इस बार पिस्टल वाली पिचकारी नई है, जिसका बटन दबाते ही तीन तरह के गुलाल एक साथ उड़ेंगे। इस पिचकारी की कीमत 150 से 500 रुपये तक है। इसके अलावा मछली, डमरू वाली और सामान्य प्लास्टिक वाली पिचकारी बिक रही है। इनकी कीमत भी आकार के हिसाब से अलग-अलग है। कारोबारी रितेश ने बताया कि विभिन्न तरह की पिचकारियां आई हैं। बच्चे पिस्टल वाली पिचकारी ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

### मौत के साये में सज रहीं अवैध दुकानें

**गाजीपुर।** स्टेशन के सामने इन दिनों मौत के साये में बाजार (सब्जी, चाय, पान, नाश्ता) दिन भर सज रहे हैं। लंबे रोड लगने वाली इन दुकानों पर नगर पालिका, यातायात विभाग सहित कोतवाली पुलिस पूरी तरह से मौन है। जबकि यातायात विभाग हमेशा सड़क पर सही तरीके से चलने व गाड़ियों के संचालन का पाठ आम लोगों को पढ़ाता है। स्टेशन का मुख्य द्वार होने के चलते यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए स्टेशन प्रबंधन भी कोई कार्रवाई नहीं करता है। स्टेशन के सामने जिस मार्ग पर अवैध रूप से ये दुकानें संचालित हैं उस मार्ग पर लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर सहित अन्य महानगरों से रोडवेज की बसें गाजीपुर डिपो की ओर आती हैं इतना ही नहीं रात में इसी मार्ग पर मालवाहक वाहन भी फरार्टा भरते है। यातायात विभाग की मानें तो सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए सबसे सुरक्षित बायाँ किनारा होता है। जबकि दायाँ किनारे को असुरक्षित माना जाता है बावजूद इसके दायें और बायें किनारे पर दुकानें सज रही हैं। पुलिस, नगर पालिका सहित यातायात विभाग के तमाम अफसरान इस मार्ग से रोजाना गुजरते हैं फिर भी पूरी तरह से मौन हैं।

## जनसंपादकीय

# ये आवाज भी सुनिए

**अमरेंद्र कुमार राय**



बरसात जब शुरू होती है तो गांवों में चारों तरफ मेढकों की आवाज सुनाई पड़ने लगती है। उस आवाज में बाकी सारी आवाजें खो जाती हैं। गड़ही, तालाब, पोखर, कुएं, नदी सब तरफ टर्र-टर्र की आवाज ही सुनाई देती है। लेकिन ऐसा नहीं कि बरसात में सिर्फ मेढ़क ही बोलते हैं, बल्कि मोर और पपीहा भी बोलते हैं। पर इनकी आवाज सुनने के लिए आपको विशेष तौर पर ध्यान देना होता है क्योंकि इनकी आवाज को मेढ़कों की आवाज दबाए रहती है।

अब अगर हम तीन राज्यों के चुनावों को बरसात की शुरूआत कहें तो कोई हर्ज नहीं होगा। क्योंकि इस पूरे साल चुनाव होने हैं। इस साल नौ राज्यों की विधान सभाओं और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव होने हैं। एक चुनाव खत्म होगा और दूसरा शुरू हो जाएगा। और साल बीतने के साथ ही लोक सभा का आम चुनाव आ जाएगा।

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के चुनाव हुए। नतीजे भी आ गए। तीनों राज्यों में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। चारो तरफ यही सुनाई पड़ रहा है कि बीजेपी की शानदार जीत और कांग्रेस तथा वामपंथ की पिछले नौ सालों की तरह एक और हार। इसी में यह संदेश भी देने की कोशिश हो रही है कि बाकी राज्यों के चुनावों और फिर 2024 के आम चुनावों में भी बीजेपी और उसके सहयोगी दलों की ही जीत होगी। यह ठीक वैसे ही है जैसे कुछ समय पहले गुजरात, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली नगर नगम के चुनाव हुए थे और ऐसी ही आवाजें सुनाई दे रही थीं कि गुजरात को बीजेपी ने फिर फतह कर लिया। उसमें भी यही संदेश था कि गुजरात फतह किया है आगे बाकी राज्यों में भी फतह होगी और फिर लोक सभा चुनावों में भी जीत होगी। मोदी का करिश्मा कायम है। लेकिन किसी ने ये चर्चा नहीं की कि हिमाचल में बीजेपी हार गई है। दिल्ली नगर निगम में बीजेपी हार गई है। वही स्थिति इस समय भी है। तीन राज्यों के चुनावों के साथ ही कुछ उप चुनाव भी हुए हैं। उन उप चुनावों में बीजेपी की हार चिंता की बड़ी वजह होनी चाहिए क्योंकि वो चुनाव अलग-अलग और महत्वपूर्ण राज्यों में हुए हैं। पूर्वोत्तर के चुनावों से अगर पूर्वोत्तर या पूरे देश का मिजाज समझने का दावा किया जा रहा है तो अलग-अलग राज्यों में हुए उपचुनावों के संदेशों को दरकिनार कैसे किया जा सकता है।

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में लोक सभा की कुल चार सीटें हैं। दो त्रिपुरा में, दो मेघालय में और एक नगालैंड में। अगर वहां हुए विधान सभा के नतीजों को लोक सभा पर भी लागू कर दिया जाए तो यही होगा कि वहां की पांचों सीटें बीजेपी की झोली में आएंगी। अगर इन तीन राज्यों को पूरे पूर्वोत्तर का थमार्मीटर मान लिया जाए तो भी कह सकते हैं कि बीजेपी की सभी 25 सीटों पर मजबूत स्थिति रहेगी। लेकिन अगर इसी तरह का थमार्मीटर देश के बाकी राज्यों में हुए उप चुनावों पर लगा दिया जाए तो नतीजा क्या निकलेगा ? जैसे महाराष्ट्र की एक मात्र सीट पर चुनाव हुआ। यह सीट पुणे में कस्बा पेठ के नाम से जानी जाती है। यह बीजेपी की परंपरागत सीट है। इस सीट पर बीजेपी का पिछले 28 सालों से कब्जा था। महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार है। हाल ही में वहां काफी राजनीतिक उठापटक देखने को मिली है। वहां शिवसेना को तोड़कर बीजेपी की मदद से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बन चुके हैं। शिवसेना के पचास से ज्यादा विधायकों में से करीब चालीस शिंदे के साथ चले गए हैं। लोक सभा के दर्जन भर सांसद भी शिंदे गुट के साथ जा मिले हैं। लेकिन पार्टी पर शिवसेना की ( उद्धव ठाकरे ) मजबूत पकड़ बनी हुई है। माना जा रहा है कि विधायक और सांसद बड़ी तादाद में भले शिंदे गुट के साथ चले गए हों लेकिन पार्टी और जनता पर उद्धव गुट की ही पकड़ है। यह सच्चाई मुंबई के अंधेरी पूर्व उपचुनाव में भी उभरकर सामने आई। वहां बीजेपी और शिंदे गुट महा अघाड़ी ( शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट, एनसीपी और कांग्रेस ) के गठबंधन के सामने अपना उम्मीदवार तक नहीं उतार पाई। उसे डर था कि कहीं उसके उम्मीदवार की जमानत न जब्त हो जाए और उसकी मजबूती की कलई न खुल जाए। यह सीट शिवसेना विधायक रमेश लटके की मृत्यु हो जाने के कारण खाली हुई थी और शिवसेना ने रमेश की पत्नी रुतुजा लटके को अपना उम्मीदवार बनाया था। बीजेपी ने परंपरा की दुहाई देकर ( रमेश लटके की विधवा का सम्मान ) चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारा। लेकिन पुणे की कस्बा पेठ सीट पर हुए उपचुनाव ने बीजेपी और शिंदे गुट के खोखलेपन को फिर से उजागर कर दिया। उप चुनाव में आम तौर पर सत्ताधारी दल ही जीतता है लेकिन महाराष्ट्र में शिंदे गुट और बीजेपी की सरकार होने के बावजूद बीजेपी उम्मीदवार को करारी हार का सामना करना पड़ा। महा अघाड़ी समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार रविंद्र दांगेकर ने बीजेपी उम्मीदवार हेमंत रकने को बड़ी मार्जिन ( 10,800 मतों ) से हराया। ये मुकाबला सीधे-सीधे था बीजेपी-शिंदे गुट और महा अघाड़ी गठबंधन के बीच। दोनों के लिए अपनी-अपनी ताकत दिखाने की लड़ाई थी। इस सीट पर बीजेपी का पिछले 28 सालों से लगातार कब्जा था। बीजेपी ने इस सीट को जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। इसके आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेता हर वार्ड में चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। राज्य सरकार के दो कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन और रविंद्र चौहान चुनाव जिताने के लिए पुणे में डेरा डाले हुए थे। इस सीट की एक और खासियत है। इस सीट पर 30 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता ब्राह्मण समुदाय से हैं, जिसे बीजेपी का कट्टर समर्थक माना जाता है। वाजजूद इसके बीजेपी की यहां करारी हार हुई है।

ऐसा ही कुछ करिश्मा कांग्रेस उम्मीदवार ने पश्चिम बंगाल में किया है। यहां के सागरदीघी विधान सभा के लिए हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार ब्रायन बिस्वास ने तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) के उम्मीदवार देबाशीष बनर्जी को 22 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। यहां टीएमसी की हार किसी आश्चर्य से कम नहीं है। टीएमसी राज्य की सत्ता में भारी बहुमत से है। एक-दो सीटें हारने जीतने से उस पर कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां की 63 फीसदी आबादी मुसलिम समुदाय की है। दस प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज की है। इन दोनों समुदायों पर टीएमसी की जबरदस्त पकड़ मानी जाती है। बावजूद इसके टीएमसी उम्मीदवार की करारी हार हुई। इस सीट पर मुसलिम समुदाय के समर्थन के बिना जीत नामुमकिन है। इसलिए माना जा रहा है कि यहां के मुसलिम समुदाय ने कांग्रेस उम्मीदवार को वोट दिया। कहा तो ये भी जा रहा है कि टीएमसी की गुंडागर्दी से त्रस्त आकर और भयभीत होकर बीजेपी के लोगों ने भी कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया। लेफ्ट का पहले से ही कांग्रेस को समर्थन है। इसीलिए इतनी बड़ी जीत संभव हो सकी।

महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल दोनों बड़े राज्य हैं। लोक सभा की सीटों के हिसाब से उत्तर प्रदेश के बाद ये दोनों ही राज्य देश के सबसे बड़े राज्य हैं। महाराष्ट्र में लोक सभा की कुल 48 सीटें हैं तो पश्चिम बंगाल मे 42.. एक जगह ब्राह्मण मतदाता कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ मुसलिम। ये बीजेपी के लिए सचमुच चिंता का विषय होना चाहिए। कांग्रेस पिछले सत्तर सालों तक ब्राह्मण, मुसलिम और दलित के भरोसे ही राज करती रही है। बाद में उत्तर भारत खासकर यूपी-बिहार में ब्राह्मण बीजेपी के साथ चले गए और मुसलमान समाजवादी पार्टियों के साथ। दलित भी कांशीराम-मायावती के साथ चले गए। कांग्रेस की दुर्दशा का यही प्रमुख कारण है। मुसलिम और दलित समाज में बीजेपी के आने के बाद से ही ये चिंतन हो रहा है कि ऐसी कोई पार्टी नहीं जो कि उनकी बीजेपी से रक्षा कर सके। वे एक बार फिर कांग्रेस की ओर देख रहे हैं। महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के इन विधान सभा उपचुनावों ने संकेत दिये हैं कि ये दोनों वर्ग कांग्रेस की ओर मुड़ सकते हैं। बशर्ते कि बीजेपी के खिलाफ लामबंदी हो। तो बीजेपी की चुनावी जीत के शोर में एक ये भी आवाज है। इसे भी सुनने की जरूरत है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## फिर फागुनी बयार चली

फिर फागुनी बयार चली, फिर खुशियों की खिली कली
अमलतास सेमल महके, मत्त मधुप, चंचल तितली
खिले कमल, टेसू दहके, सम्मोहित है गाँव - गली
जन-गण-मन रस रंग रँगे, होरियारी मण्डली चली
झाँझ, मृदंग बज रहे हैं, ढपक-ढपक डफ-डफ डफली
रँगकर मुझे बचेगी खुद, खुशफहमी में वह पगली
अमृतत्व के साधक हम, अभिनव संजीवनी मिली।




**- डॉ. राकेश शुक्ल**
**संपर्क 9839970460**

# आटे-दाल का भाव याद दिलाता गेहूं

## बाजार

**विमलशंकर सिंह**



बढ़ते हुए गेहूँ और आटे के भाव नें देशों को आटे-दाल का भाव याद दिला दिया है । देश हो या परदेश, अपने हों या पराये, सभी घबराये हुए हैं इनके चढ़ते हुए दाम से ।देशों में दाम बढ़ा है गेहूँ की आवक में कमी के कारण, जो कि दो देशों, यूक्रेन और रूस के बीच के युद्ध का परिणाम है ।युद्ध हमेशा विनाशक होता है ।विनाश की विभीषिका से सभी देश संत्रस्त हैं। फिर भी, कहते हैं कि यदि रोटी का इंतजाम है तो आप सबसे सुखी हैं।इसी कहावत के कारण सभी भारतीय रोटी के इंतजाम को पहली प्राथमिकता देते हैं और विपन्नता में भी सम्पन्नता का अनुभव करते हैं ।लेकिन अब यह सम्पन्नता भी संशय के घेरे में है क्योंकि यदि गेहूँ का निर्यात नहीं हुआ तो दाम घट सकता है और अन्नदाता कष्ट में हो जायेगा ।किन्तु निर्यात हुआ, कीमतें बढ़ी तो उपभोक्ता के लिए वह त्रासद भरा होगा । परिस्थिति कठिन है ।

भारत एक प्रमुख गेहूँ उत्पादक देश है और विश्व के कुल गेहूँ उत्पादन का हम 13 प्रतिशत के आसपास उत्पादन करते हैं। ।लेकिन हमारी जनसँख्या भी अधिक है इसलिए निर्यात करने के लिए गेहूँ कम ही उपलब्ध होता है ।ऊपर से हमारी लागते भी तुलनात्मक रूप से अधिक हैं। देश नें सन 2013 में गेहूँ का उत्पादन 93.5 मिलियन टन का किया था ।सन 2014 में यह बढ़ कर 95.8 मिलियन टन हो गया था ।सन 2015 एवं सन 2016 में उत्पादन घटा किन्तु सन 2017 के पश्चात इसके उत्पादन में प्रायः वृद्धि हुई है। सन 2017 में उत्पादन 98.6 मिलियन टन हुआ जबकि सन 2020 और सन 2021 में उत्पादन क्रमसः107.8 और 109.5 मिलियन टन रहा । किन्तु सन 2022 में उत्पादन 107.74 मिलियन टन मात्र रहा ।सन 2023-24 में इसके 112 मिलियन टन होनें की संभावना है । तो कुछ वर्षों को छोड़ कर उत्पादन बढ़ा ही है और हम एक प्रमुख उत्पादक देश हैं ।

अब गेहूँ के निर्यात की स्थिति को देखा जाय । रूस, यूरोप, अमेरिका और कनाडा मिलकर विश्व के कुल निर्यात का लगभग साठ प्रतिशत निर्यात करते हैं।लेकिन हम कितना निर्यात करते हैं? वित्तीय वर्ष 2015 में हमने 828.75 मिलियन डॉलर का निर्यात किया ।वित्तीय वर्ष 2016, 2017, 2018, 2019 और 2020 में यह क्रमसः164.22, 66.85, 96.72, 52.41 और 61.84 मिलियन डॉलर का किया गया ।स्पष्ट है कि सन 2015 के पश्चात गेहूँ का निर्यात मूल्य तेजी से घटा ।किन्तु वित्तीय वर्ष 2021 में 549.67 मिलियन डॉलर से अधिक का निर्यात किया गया और सन 2021-22 में इसने पुनः तेजी पकड़ी और 872 मिलियन डॉलर से अधिक का निर्यात किया गया । फिर भी हम गेहूँ के एक छोटे निर्यातक रहे हैं। किन्तु हम बांगलादेश, यमन, अफगानिस्तान, कतर, नेपाल, यूनाइटेड अरब एमीरेट्स, श्रीलंका, ओमान, मलेशिया और इंडोनेशिया की जनता का पेट तो भरते ही रहे ।यह उपलब्धि क्या कम है ? कहते हैं कि जहां चाह है वहां राह है। हम उत्पादन और निर्यात बढ़ाना चाहते हैं। तो जब आसमान छूनें की तमन्ना होगी तो अवसर भी जन्म लेगा किन्तु समस्याएं भी आयेंगी ही । यूक्रेन युद्ध नें गेहूँ की विश्व की आपूर्ति व्यवस्था को तहस नहस कर दिया है । रूस और यूक्रेन, विश्व के कुल गेहूँ आपूर्ति का 29 प्रतिशत प्रदान करते रहे हैं। किन्तु अब असमर्थ हैं विश्व की भूख मिटाने में, क्योंकि विनाश के जंग में व्यस्त हैं। हाहाकार मचा है ।अनेकों देशों में भूख की समस्या नें जन्म ले लिया है । पिछले वर्ष से ही संसार चाहता है कि हम मदद करें। हम सब भी अपने को संकटमोचन तो मानते ही हैं। तो सरकार के सचिव से लेकर मंत्री और प्रधान मंत्री तक विश्व मंच पर भूख से निजात दिलाने की मुहिम में कूद पड़े थे पिछले वर्ष । देश में उत्पादन कम था किन्तु विश्व कि चिंता ज्यादा थी ।तो समस्या तो आनी ही थी ।

सन 2021-2022 में गेहूँ का उत्पादन 112 मिलियन टन के स्थान पर 107.74 मिलियन टन मात्र रहा। अत्यधिक गरमी और तपिस ने उत्पादन को प्रभावित किया और घटाया था ।तो कीमतें तो बढ़नी ही थीं । वही हुआ था ।गेहूँ और आटे का भाव तेजी से बढ़ा। ऊपर से सरकार ने निर्यात का महत्वाकाँक्षी लक्ष्य निर्धारित कर दिया था ।लक्ष्य में भी अंतर रहा ।10 से 20 मिलियन टन निर्यात के लक्ष्य की बात की जानें लगीं । ये लक्ष्य असाधारण और न पूरे किये जा सकने वाले ही ज्यादा थे । घोषणाओं के अपने अपने मकसद थे । कोई घोषणा कर रहा था कि भारत विश्व की भूख मिटाएगा। क्योंकि उसका ध्येय था विश्व गुरु बनना। कोई 15 मिलियन टन निर्यात करना चाहता था क्योंकि उसका प्रयोजन था साबित करना की सरकार एक सफल सरकार है और न प्राप्त का सकने वाले लक्ष्यों को भी प्राप्त कर लेती है । निजी क्षेत्र भी अवसर की तलाश में रहा और हाथ सेंकना चाहनें लगा था ।यह अस्वाभाविक भी नहीं रहा ।यह तो निजी क्षेत्र की फितरत में है । लेकिन सरकार के एक बड़े वर्ग की चाहत रही, गेहूँ के अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बढती कीमतों से फायदा उठाना और विदेशी मुद्रा कमाना। साथ ही जनता एवं किसानों को दिखाना की बाजार आधारित अर्थव्यवस्था में उन्हें एमएसपी से ज्यादा कीमतें मिलती हैं । दूसरी तरफ,घबराया अन्तर्राष्ट्रीय बाजार और नेतृत्व, भारत से ज्यादा से ज्यादा गेहूँ निर्यात चाहता था क्योंकि वे अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते थे ।भारत के कुछ अर्थशास्त्रियों की लालसा थी की भारत को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में एक मजबूत पैठ बनानी चाहिए ।सबके अपने-अपने तर्क थे, मंजिलें थीं । इस बीच भारत में तेजी से बढ़ती कीमतों ने स्वयं भारत की खाद्य सुरक्षा के प्रश्न पर, प्रश्न चिन्ह लगा दिया था । आइये इन प्रश्नों और लक्ष्यों को समझें।

पिछले वर्ष गेहूँ का उत्पादन पर्यावरणीय संकटों के चलते कम होने जा रहा है यह जानने में, अपने भारी भरकम अमले के बावजूद भी सरकार विफल रही थी । साथ ही सरकार ने निर्यात करने की छूट निजी क्षेत्र को दे दी थी । निजी क्षेत्र ने मोदी जी कि इस नसीहत को याद रखा की आपदा को अवसर में बदलना चाहिए । बाजार से एमएसपी दर से कहीं ज्यादा पर गेहूँ खरीदा गया ।लक्ष्य था, निर्यात करना और काफी कुछ निर्यात हो भी गया ।दूसरी तरफ सरकार, गेहूँ खरीद के लक्ष्य से काफी पीछे रही । 444 लाख टन लक्ष्य की तुलना में 188 लाख टन की ही खरीद हुई थी । परिणाम क्या हुआ ? गेहूँ और आटे के भाव आसमान छूनें लगे ।सरकार के हाथ-पाव फूल गए । सन 2022 में इलेक्शन भी होनें थे । तो निर्यात पर रोक का फरमान 13 मई, 2022 को जारी हो गया। किन्तु आटे के निर्यात में तेजी आने लगी । अन्तर्राष्ट्रीय दबाव और निजी क्षेत्र लॉबी सक्रीय हो गई थी ।तो कुछ शर्तों के साथ रोक हटी-बढ़ी भी । प्रश्न है, क्यों हमारी स्थिति सांप-छछूंदर की हो गई थी? क्योंकि हमने समय पर उचित निर्णय नहीं लिए थे ।

परिस्थितियां क्या थीं? परिस्थितियां थीं कि हमारा गेहूँ का उत्पादन कम होना था और हुआ। किन्तु हम अति उत्साह में थे । हम वास्तविकता से कटे हुए थे । हमने निर्यात ज्यादा करने का निर्णय भी ले लिया और लागू भी कर दिया ।अधिकारिओं को नौ देशों की यात्रा पर भेजनें का फैसला भी ले लिया । उत्पादन तो जो होना था वह हुआ ।लेकिन घरेलू और विदेशी माँग का प्रभाव कीमतों की वृद्धि पर पड़ा ।गेहूँ की कीमतें बेतहासा बढ़ी । आटे का भाव भी तेजी से बढ़ा । निर्यात पर प्रतिबन्ध से अन्तर्राष्ट्रीय भाव भी बढ़ा । गेहूँ की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतें सन 2018 में कोई 160 डॉलर प्रति टन के आस-पास हुआ करती थीं जो युद्ध के बाद बढ़ कर 450 डॉलर प्रति टन हो गईं थीं । तो देश-विदेश दोनों में ही गेहूँ की कीमतें बढ़ी ।सरकार नें कुछ शर्तों के अधीन निर्यात को तब सीमित करने का निर्णय लिया तो वैश्विक मंच पर उसको एक असंवेदनशील देश घोषित किया जानें लगा । देश के लोग भी कीमतें बढ़ने से त्रस्त थे । तो सरकार फिर क्या करती ? कैसे रोकती बढ़ते भाव को, जब कि सरकार गेहूँ भण्डारण के लक्ष्य को भी प्राप्त नहीं कर पाई थी । प्रश्न तो यह भी है कि क्या करती है सरकार इस भण्डारण का ? गेहूँ के भंडार से ही सरकार गरीब वर्ग की मदद करती है । बाजार में कीमतें बढ़ने पर भी सरकार इसी भंडार से गेहूँ निर्गत करके कीमतों को नियंत्रित करती है, जैसा कि अभी सरकार कई बार कर चुकी है । निजी क्षेत्र गेहूँ खरीदता है ऊँची कीमत पर बेंचने और लाभ कमाने के लिए ।लेकिन सरकार खरीदती है बढ़ती कीमत को घटाने, नियंत्रित करने और भूखों का पेट भरने के लिए ।दृष्टिकोण का अंतर हो जाता है । गेहूँ उत्पादन, खरीद, वितरण और उपभोग क्रिया से सम्पूर्णता प्राप्त करती है पूरी प्रक्रिया ।इस प्रक्रिया के चार मुख्य किरदार हैं -उत्पादनकर्ता, व्यापारकर्ता, उपभोगकर्ता और निर्णयकर्ता । निर्णयकर्ता अर्थात सरकारों के निर्णय अभी तक मुख्यतः व्यापारी वर्ग और उपभोक्ताओं के हित के लिए ही प्रमुखतः होते रहे हैं ।कीमतों पर नियंत्रण से उपभोक्ता लाभान्वित होता है जो कि प्रमुख वोटर भी है ।छूट मिलती है तो व्यापारी खुश होता है।ऐसा ही अब देश में हो रहा है ।लेकिन उत्पादक अर्थात किसान बढ़ी कीमतों से कम ही लाभान्वित हुआ है । देश में कीमतें तो बढ़ चुकीं हैं ।व्यापारी या निजी क्षेत्र गेहूँ बेच कर फायदा उठाएगा ही । तो सरकार क्या करे? सरकार अभी भी भण्डारण सुरक्षित करे जिससे भविष्य में कीमतें और बढ़ने पर उसको नियंत्रित कर सके ।

लेकिन सन 2023-24 के गेहूँ उत्पादन का सूरते-ए-हाल क्या है, इसको भी समझनें कि आवश्यकता है ।बताते हैं कि गेहूँ उत्पादन, लक्ष्य से इस वर्ष भी कम हो सकता है यद्यपि की उत्पादन का रकबा बढ़ा है । कारण है, इस वर्ष फरवरी माह में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का पड़ना (औसत से 3-5 डिग्री ज्यादा ) और मार्च तथा अप्रैल महीनें में भी सभी रिकॉर्ड टूटने कि संभावना है ।बारिस भी नहीं हुई । 1 जनवरी से 15 फरवरी, 2023 के बीच बरसात में 30 प्रतिशत की कमी हुई बताते है। 36 राज्यों और यूटी में से 27 में या तो कम, या बहुत कम अथवा एकदम बरसात नहीं हुई । तो गेहूँ न केवल पतला होगा वरन उत्पादन घटने की पूरी संभावना है ।सरकार की रणनीति क्या है ? सरकार नें गेहूँ खरीद का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में घटा कर 350 लाख टन कर दिया है ।लेकिन ऐसा क्यों हुआ है ? एक तो लगता है कि सरकार मानती है कि इस वर्ष भी लक्ष्य को प्राप्त कर पाना मुश्किल है ।तो लक्ष्य ही घटा दिया गया है ।फिर सरकार बाजार से संभवतः खरीद इसलिए भी कम करना चाहती है कि बाजार में गेहूँ की आपूर्ति ज्यादा बनी रहे जिससे कीमतें नियंत्रित रहें। तो स्थिति विकट है क्योंकि भण्डारण भी कम ही होगा । फिर युद्ध अभी समाप्त होने वाला नहीं है ।अतः देश को अभी अपनी खाद्य सुरक्षा आवश्यक है, निर्यात,व्यापारी हित, विदेशों के प्रति वचनबद्धता और विश्व गुरु बनने की चाहत की नहीं । नीतिकताओं को सोचना होगा कि विश्व की जितनी आबादी को खाद्य सुरक्षा हम देंगे उससे ज्यादा ही हमारे देश की आबादी असुरक्षित हो जाएगी । वस्तुतः भारत की सुध लीजिये नीति की जरूरत है ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर रहे हैं, संपर्कः 9450545510)**

**सन 2021-2022 में गेहूँ का उत्पादन 112 मिलियन टन के स्थान पर 107.74 मिलियन टन मात्र रहा। अत्यधिक गरमी और तपिस ने उत्पादन को प्रभावित किया और घटाया था । तो कीमतें तो बढ़नी ही थीं । वही हुआ था ।गेहूँ और आटे का भाव तेजी से बढ़ा। ऊपर से सरकार ने निर्यात का महत्वाकाँक्षी लक्ष्य निर्धारित कर दिया था ।लक्ष्य में भी अंतर रहा ।10 से 20 मिलियन टन निर्यात के लक्ष्य की बात की जानें लगीं । ये लक्ष्य असाधारण और न पूरे किये जा सकने वाले ही ज्यादा थे । घोषणाओं के अपने अपने मकसद थे । कोई घोषणा कर रहा था कि भारत विश्व की भूख मिटाएगा। क्योंकि उसका ध्येय था विश्व गुरु बनना।**

# साम्प्रदायिक नफरत का बढ़ता दायरा

## प्रसंगवश

**राम पुनियानी**



पिछली 16 फरवरी 2023 को जुनैद और नासिर कुछ रिश्तेदारों से मिलने अपने घर से निकले. उन्हें एक गौरक्षा समूह की बर्बर हिंसा का सामना करना पड़ा. ये समूह बिना किसी भय के हरियाणा और उसके आसपास के इलाकों में सक्रिय हैं. इस त्रासद घटना से यह पता चलता है कि ये समूह कितने खुलकर काम कर रहे हैं और किस तरह पुलिस से उनकी सांठगांठ है. ये दोनों मुस्लिम युवक जब अपने घर वापस लौट रहे थे तब उन्हें कथित गौरक्षकों की गैंग ने घेर लिया. उनकी जमकर पिटाई की गई और फिर उन्हें पुलिस थाने ले जाया गया. वे गंभीर रूप से घायल थे परंतु पुलिस ने न तो उन्हें अस्पताल भेजा और ना ही हमलावरों को पकड़ा. गैंग के सदस्य नासिर और जुनैद को एक सूनी जगह पर ले गए, उन्हें एक कार की पिछली सीट से बांध दिया और फिर कार में आग लगा दी. इस बर्बर अपराध में इस्तेमाल की गई कार पहले पुलिस वाहन के रूप में पंजीकृत थी.

कारवां-ए-मोहब्बत के संस्थापक हर्ष मंदर मृतकों के परिवारों को ढाढ़स बंधाने उस क्षेत्र में गए. उन्होंने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा, ''मोनू मनेसर के सोशल मीडिया पेजों से गुजरते हुए मैं सन्न रह गया. वह और उसकी गैंग के सदस्य आधुनिक हथियारों को लहराते हुए, पुलिस की जीपों के सायरन की आवाज की नकल करते हुए, वाहनों पर गोली चलाते हुए और लोगों को बुरी तरह पीटते हुए अपने वीडियो लाईव स्ट्रीम करते हैं.₹

इस भयावह घटना की निंदा और विरोध के बीच दो महापंचायतें बुलाई गईं. अपराधी राजस्थान से थे और अपराध हरियाणा में हुआ था. इन महापंचायतों को आरएसएस से जुड़े बजरंग दल, विहिप व हिन्दू सेना नाम के एक अन्य संगठन का पूरा समर्थन प्राप्त था. इन महापंचायतों में एक बार फिर जहर उगला गया. पहली महापंचायत में घोषणा की गई कि अगर इस गौरक्षक दल के मुखिया मोनू मनेसर को पकड़ने राजस्थान की पुलिस आएगी तो वे लोग अपने पैरों पर चलकर वापस नहीं जा पाएंगे. दूसरी महापंचायत, जो 22 फरवरी को हुई, में आस्था मां नामक एक महिला ने लव जिहाद का मुद्दा उठाया और श्रोताओं से कहा कि वे हिन्दू लड़कियों पर नजर डालने वालों को न बख्शें.

इस बीच तीन दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और यह पता चला है कि वे पुलिस के मुखबिर थे. पिछले कुछ सालों से गौरक्षकों की कारगुजारियों में तेजी से वृद्धि हुई है. सन् 2019 के बाद से तो वे छुट्टे सांड बन गए हैं. सन् 2015 में हरियाणा सरकार ने गौवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन अधिनियम पारित किया. सन् 2019 में इस अधिनियम में संशोधन कर गायों का परिवहन करने वालों के लिए सजा का प्रावधान किया गया. इसके बाद से गुंडों के कई नए समूह गठित हो गए हैं. वे मवेशियों को ले जा रहे वाहनों को रोकते हैं और उनसे सौदेबाजी करते हैं. सौदा न पटने पर मारपीट की जाती है. यह उन लोगों के साथ भी होता है जिनके पास मवेशियों का परिवहन करने की वैध अनुमति होती है. क्या हम यह मान सकते हैं कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं होगी? मेवात इलाके के मुसलमान कई हिन्दू रीतिरिवाजों का पालन करते हैं. वे मुख्यतः दूध का व्यापार करते हैं और अक्सर मोनू मानेसर जैसे गुंडों और उनकी गैंगों के हमलों का शिकार बनते रहते हैं. पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है.

गाय और बीफ को विघटनकारी साम्प्रदायिक राजनीति करने वालों ने अपना एक प्रमुख हथियार बना लिया है. एक अन्य जुनैद, जो मदरसे में पढ़ता था, की एक ट्रेन में इस शक की बिना पर लिंचिंग कर दी गई कि उसके टिफिन में बीफ है. मोहम्मद अखलाक और पहलू खान पर क्या गुजरी यह हम सब जानते हैं. लिंचिंग को मुसलमानों को आतंकित करने का हथियार बना लिया गया है. अखलाक की हत्या के बाद 'अवार्ड वापसी' का सिलसिला शुरू हुआ था जिसके अंतर्गत देश के कई शीर्ष वैज्ञानिकों, लेखकों और सामाजिक कार्यकताओं ने अपने सरकारी पुरस्कार लौटा दिए थे. इंडियास्पेंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, ''सन् 2010 से 2017 के बीच के आठ सालों में गाय से जुड़े मुद्दों को लेकर हुई हिंसा के शिकारों में से 51 प्रतिशत मुसलमान थे. ऐसी 63 घटनाओं में कुल 28 लोग मारे गए जिनमें से 86 प्रतिशत मुसलमान थे. इनमें से 57 प्रतिशत घटनाएं मई 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद हुईं और 63 में से 32 घटनाएं भाजपा-शासित राज्यों में हुईं. यह विश्लेषण 25 जून 2017 तक हुई घटनाओं पर आधारित है.

मुसलमानों और ईसाईयों के खिलाफ विषवमन सभी सीमाएं पार कर चुका है. आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों के अलावा हिन्दू सेना जैसे दर्जनों नए संगठन उभर आए हैं. बड़े नेता कहते जाते हैं कि इन संगठनों को कानून अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए और ये संगठन ठीक यही करते रहते हैं. अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का गर्व से प्रचार किया जाता है. मोनू मनेसर ने हरियाणा में हुई घटना को फेसबुक पर लाईव स्ट्रीम किया था. शंभूलाल रैगर ने अफ्राजुल को मौत के घाट उतारने का वीडियो बनाया था जिसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया.

इस तरह की घटनाओं में शामिल लोगों का सार्वजनिक अभिनंदन भी होता है. कलीमुद्दीन अंसारी के हत्यारे का तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने स्वागत किया था. आठ साल की आसिफा की कश्मीर में बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई. इस अपराध में शामिल लोगों के समर्थन में जुलूस निकाले गए. कम्प्यूटर इंजीनियर मोहसिन शेख की पुणे में हुई हत्या के आरोपियों को अदालत द्वारा बरी कर दिए जाने के बाद उन्हें एक 'विजय जुलूस' में शहर में घुमाया गया. ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी सुबोध कुमार सिंह की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उन्होंने उत्तरप्रदेश में गाय का शव एक खेत में फेंके जाने की घटना में कानून सम्मत कार्यवाही की.

हमारे प्रधानमंत्री ने एक भाषण में कहा कि महाराणा प्रताप ने गौरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था. गत 26 फरवरी 2023 को वाशी (नवी मुंबई) में एक विशाल 'हिन्दू जन आक्रोश रैली' निकाली गई जिसमें लव जिहाद और लैंड जिहाद करने के लिए मुसलमानों के खिलाफ अभद्र नारे लगाए गए. गोदी मीडिया के एक जाने-माने एंकर ने एक चार्ट के जरिए यह समझाया कि भारत में कितने प्रकार के जिहाद हो रहे हैं. भारत में मीडिया में गोएबेलों की कमी नहीं है.

जहां एक ओर नफरत, हिंसा और ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है वहीं भाईचारा, जो हमारे संविधान के प्रमुख मूल्यों में से एक है, पर भीषण प्रहार हो रहे हैं. स्वाधीनता आंदोलन ने देश के सभी सम्प्रदायों को एक किया था. अब समय आ गया है कि उन मूल्यों को पुनर्जीवित किया जाए. शांति, प्रेम और बंधुत्व के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता.

**( लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन् 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

# विश्व पुस्तक मेला : चट विमोचन-पट पुरस्कार

## व्यंग्य

**प्रभाशंकर उपाध्याय**



विश्व पुस्तक मेला कई मायनों में विश्वस्तरीय सिद्ध है। इसने अनेक कीर्तिमान कायम कर दिए है। नई पुस्तकों के प्रकाशन का तो रिकार्ड ही टूट गया है। जिस तेजी से तथा जिस मात्रा में पुस्तकें बरस रही हैं, उसे देख कर लग रहा है कि शीघ्र ही देश की आधी आबादी लेखक या कवि बन कर रहेगी। सरकारें खुश हो सकती हैं कि बेरोजगारी की आधी समस्या हल होने वाली है। कबाड़ी भी प्रसन्नता के सागर में गोते लगा सकते हैं कि उनका भविष्य नितांत उज्जवल रहने की संभावनाएं नजर आ रही हैं।

मुझे लगता है कि विमोचनीय क्रिया में भी हम विश्व में अग्रणी ही हैं। अहो...क्या दृश्य है- विमोचनकत्ताओं के सैलाब-दर-सैलाब उमड़ रहे हैं। यत्र-तत्र-सर्वत्र बड़े बड़े केरी बेग थामे ऐसी शख्सियतें मंडरा रही हैं। कुछ अपने घुटनों की वजह से लंगड़ा रहे हैं तो कुछ भेंट मिली किताबों के बोझ से। बुक स्टालों पर इतने विमोचनकर्मी एकत्र हो गए हैं कि स्थान, कैमरे की रेंज और पुस्तकें कम पड़ गयी हैं। गर, प्रतियां कम हैं तो फिकर नॉट? उपस्थित समस्त सम्मानीयों ने अपने कर-कमल स्पर्श करवा दिए हैं, ज्यों पूजा में पूजक अधिक होने पर पंडितजी सबको हाथ लगवा देते हैं। अभी प्रकाशक ने सीमित प्रतियां ही छापी हैं। आर्डर आए तो शेष मेले के बाद छपेंगी। कदाचित, इसी वजह से दूसरा संस्करण प्रायः आ जाता है। खैर, कैमरे की जद में आने के लिए, तिरछा या बांका हुआ जा रहा है। कुछ पीछे दब गए हैं, वे गर्दन उचका कर अपनी मौजूदगी के लिए प्रयत्नशील हैं। फोटो खींचने वाला भी पूरा कॉरीडोर लांघ गया है किंतु पुस्तक प्रेमियों-प्रेमिकाओं के अनवरत आवागमन से बार बार बाधा आ जाती है। यह देख प्रकाशक ने अपने दो सहायकों को दोनों दिशाओं में ट्रैफिक रोकने के लिए तैनात किया तो दो-तीन शॉट लग सके।

सोशल मीडिया पर भी पोस्ट दनादन बरस रही हैं। एक सज्जन की तो गद्य और काव्य विधा को मिलाकर तीस किताबों की पैदाइश और उनके नाडीच्छेदन(विमोचन) की सूचना ने तहलका मचा दिया है। संभवतः, यह भी पुस्तक मेले का एक रिकार्ड ही होगा? अब, तो लाइक का बटन दबाते तथा बधाई देते देते, अंगुलियां और आंखें दर्द करने लगी हैं। गर्दन और कंधे आराम की गुहार करने लगे हैं।

मैं, स्वयं और मोबाइल सेट को विश्राम देने की सोच ही रहा था कि एक पोस्ट दनाक से कूदी। मेरे शहर की उदीयमान कवियत्री मिस चुलबुली की एक पोस्ट उदित हुई। उनकी कल सायं विमोचित हुई पुस्तक को मुरादाबाद में एक पुरस्कार मिल गया था। चुलबुली मुस्कराते हुए अपना सम्मान ग्रहण कर रही थी। अहो...'होनहार बिरवान के होत चीकने पात...' वाली उक्ति याद आ गयी।

किन्तु मन में एक शंका ने जंप मारा। मिस चुलबुली ने जाने से पहले पुस्तक मेले में अपना चार दिन का कार्यक्रम बताया था। फिर वह और उसकी किताब दूसरे दिन अपनी मुराद पूरी करवाने मुरादाबाद कैसे पहुंच गयी? मैं फुनियाया, ''कहां हो इस समय?''

''सर! पुस्तक मेले में।''

''फिर मुरादाबाद में सम्मान?''

चुलबुली खिलखिलायी, ''अभी लेखक मंच के मंच पर हूं, बाद में बात करती हूं।''

मिस चुलबुली का कॉल नहीं आया और रात भर मेरा मन उस चट मंगनी पट ब्याह के तिलस्म में चुलबुलाता रहा। दूसरे दिन सायं तक अपनी उत्सुक्तता पर बमुश्किल काबू किए रहा फिर चुलबुली का नंबर डॉयल किया। नो रिप्लाई। तीसरे दिन भी वही हाल। अलबत्ता, उसकी पोस्ट बता रही थी कि उस काव्य संकलन की दो समीक्षाएं और विमोचन के कुछ समाचार अखबारों में अवश्य छपे हैं।

पांचवें दिन, यह सोचकर कि सम्मानीय कवियत्री लौट चुकी होगी उसके घर पहुंचा। मुझे देखते ही चहकी, ''आइए, सर!'' उसने सफाई दी, ''सॉरी...सर, आपसे बात करने का टाइम ही नहीं मिला। काफी बिजी शिड्यूल रहा।''

मैंने कहा, ''कोई बात नहीं पहले मुरादाबादी खबर का खुलासा करो।''

वह खिलखिलायी, ''सर! आपसे क्या छुपाना। यह बात मेले में इसलिए नहीं बता सकी कि आस पास बहुत से लोग होते हैं। अपना मेला महान है, सर! वहां सब अरेंज हो जाता है, बस पर्स में दम होना चाहिए। मुझसे गलती यह हुई कि पुरस्कार की खबर मैंने, अतिउत्साह में दूसरे ही दिन डाल दी। जबकि मुझे हफ्ते दो हफ्ते ठहरना चाहिए था। आखिरकार, नई हूं ना। आप जैसा मार्गदर्शक तो वहां था, नहीं।'

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क -9414045857)**

# फ्लैग मार्च कर हुड़दंगियों को दी सख्त चेतावनी

जनसंदेश न्यूज

**महराजगंज (आजमगढ़)।** मार्च महीने में पड़ने वाले आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। सुरक्षा के दृष्टिगत कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसी क्रम में महराजगंज कस्बे में स्थानीय पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और लोगों को शांति एवं कानून के दायरे में रह कर त्यौहार मनाने का सख्त सन्देश दिया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों से अवैध शराब पीने से बचने और इसकी जानकारी देने की अपील भी की। अबकी बार होली और सब-ए-बरात एक साथ पड़ने के कारण पुलिस, प्रशासन पूरी चैकसी बरतने के साथ-साथ फ्लैग मार्च के दौरान हुड़दंगियों को कड़ा संदेश भी दिया।


महराजगंज कस्बे में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

फ्लैग मार्च थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा के नेतृत्व में एसआई आशुतोष मिश्र व माखनसिंह सहित पीआरवी के जवान व फायर सर्विस के कर्मचारी एवं महिला, पुरुष कांस्टेबल के साथ थाने परिसर से निकलकर पुराना चौक के रास्ते बजरंग चौक, बेकारू चौक व भैरवधाम परिसर गया और वहां से भैरव तिराहा होते हुए पंडित लक्ष्मीकांत मिश्र चौक के रास्ते थाना परिसर में समाप्त हुआ।

**माहुल प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय नगर में प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेंद बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने रूट मार्च कर शांति और सुरक्षा का संदेश दिया।

इस दौरान योगेंद्र बहादुर सिंह ने मस्जिदों के इमाम से वार्ता कर कहा कि अफवाहों पर कोई ध्यान न देकर कहीं भी किसी प्रकार की यदि समस्या उत्पन्न होती है तो सूचित करें, पुलिस बल ऐसे लोगो से सख्ती से निबटेगी। कोई भी व्यक्ति किसी को होली के त्योहार पर जबरदस्ती रंग नही लगाएगा।

**रानी की सराय प्रतिनिधि** के अनुसार होली पर्व पर शांति और सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए पुलिस ने थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर भाईचारगी में होली पर्व मनाने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कोटिला, रोवा, ऊजीगोदाम, ऊंचागांव, सहीदवारा समेत कस्बे में पुलिस बल ने पैदल भ्रमण किया। पुलिस ने गाव की गलियों में भी पैदल मार्च करते हुए लोगो से जानकारी ली।

## त्यौहार मनाइए, सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारीः थाना प्रभारी

**संजरपुर (आजमगढ़)।** होली पर्व व शब-ए-बारात को सकुशल संपन्न कराने के लिए रविवार को थाना प्रभारी सरायमीर विवेक कुमार पांडेय ने अति संवेदनशील गांवों का निरीक्षण कर लोगों से आपस में मिल-जुल कर त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से कहा कि आप लोग ईमानदारी के साथ अपना अपना त्यौहार खूब अच्छे ढंग से मनाएं, सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। थाना प्रभारी ने कहा कि त्यौहार में किसी भी प्रकार की किसी ने खलल डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के कई संवेदनशील जगहों पर जाकर निरीक्षण किया। दोनों समुदाय के लोगों से मिलकर लोगों से हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि होली पर्व व शब-ए-बारात एक ही दिन है जिससे दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के त्यौहार में सहयोग करें। यदि किसी बच्चे द्वारा या नासमझ द्वारा यदि किसी के ऊपर रंग का कहीं एक छींटा पड़ जाए तो उसे अन्यथा न लें बल्कि नजर अंदाज कर त्यौहार में भाईचारगी का संदेश देते हुए एक दूसरे का सहयोग करें। यदि कहीं किसी को किसी प्रकार की परेशानी का अंदेशा हो तो हमारे नंबर पर तत्काल सूचना दें। पुलिस 5 मिनट के अंदर आपके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर सेवा में तत्पर रहेगी। थाना प्रभारी ने संवेदनशील गांव संजरपुर, सरायमीर कस्बा, खपड़ा, राजापुर सिकरौर, कौरागहनी, खरेवा आदि जगहों का निरीक्षण किया।

# प्रवेश पत्र पर फोटो बदल कर दे रहा था परीक्षा, गिरफ्तार

**आजमगढ़।** बोर्ड परीक्षा में जहां शनिवार को दो मुन्ना भाई के गिरफ्तार होने से सख्ती की पोल खुल गयी वहीं केन्द्रों की संलिप्तता भी उजागर हो गयी। लाख टके का सवाल है कि प्रवेश पत्र में छात्र ने फोटो बदल लिया तो अंदर केन्द्र व्यवस्थापक के पास होने वाले हस्ताक्षर सीट पर कैसे परिवर्तन हो गया। फिलहाल मामले की पुलिस भी जांच कर रही है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा शनिवार को रसायन विज्ञान के साथ ही कुछ परिक्षार्थियों का पेपर भी खत्म हो गया। शासन से लगायत जिला प्रशासन तक सख्ती करता रहा फिर भी नकल कराने वाले बाज नहीं आये जिसका परिणाम रहा कि जिले में ताबड़तोड़ मुन्ना भाई की गिरफ्तारी हुई। शनिवार को जिले में दो स्थानों से दूसरे की परीक्षा दे रहे परिक्षार्थी पकड़े गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के साथ ही चौंकाने वाले मामले सामने आये।

दुर्गाजी चिल्ड्रेन सिटी खलीलाबाद कालेज से एक मुन्ना भाई पकड़ा गया। बरामद प्रवेश पत्र पर फजीर्वाड़े के चलते गिरफ्त में आया वहीं सवाल ये है कि छात्र ने अगर प्रवेश पत्र में बदलाव कर लिया तो केन्द्र पर मौजूद हस्ताक्षर सूची में कैसे परिवर्तन किया जबकि वह केन्द्र व्यवस्थापक के पास होती है। इससे केन्द्र की संलिप्तता साफ है। वैसे छात्र ने भी पुलिस के समक्ष बयान दिया है। अब देखना यह है कि जांच में सब कुछ साफ होता है या जुगाड़ में सब ठंडे बस्ते में चला जाता है।

### केंद्र व्यवस्थापक की तरफ इशारा कर रही शक की सूई

**आजमगढ़।** बोर्ड की परीक्षा में शनिवार को पकड़े गये दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले मुन्ना भाईयों ने परीक्षा केन्द्र पर चल रहे नकल के खेल को खोल दिया। अंतिम परीक्षा के दिन हत्थे चढ़े तो पहले से क्यों नहीं केन्द्र व्यवस्थापक ने पड़ताल की। इस खेल में कहीं न कहीं केंद्र व्यवस्थापक की तरफ शक की सूई जा रही है। सूत्रों की माने तो सब खेल पैसों का रहा है। जहां मिला वहां ठीक जहां नहीं मिला वहां कार्रवाई करा दी गयी। अगर बारीकी से जांच करा दी जाय तो विद्यालय पर चलने वाले नकल के खेल की हवा निकल जायेगी।

# पुलिस ने किया होलिका दहन स्थानों का स्थलीय निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** होलिका दहन वाले स्थानों का रविवार को पुलिस ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों से जानकारी भी ली। पर्व पर शांति हेतु पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के रोवा में पिछले वर्ष होलिका दहन के दौरान विवाद ने तूल पकड लिया था। इस बार पुलिस पहले से ही सतर्क रवैया अपना रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देशन में शनिवार को पूरे क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर लोगों में जहां सुरक्षा का अहसास कराया वहीं रविवार को होलिका दहन के लिए चिन्हित स्थानो का भी निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों से भी वार्ता कर समस्याओं को जाना गया। पर्व पर किसी नई परंपरा का निर्वहन नहीं होगा और हुडदंगियों पर भी निगाह रखी जायेगी जिससे शांति में खलल न हो। पर्व को समरसता के रुप मे मनाने की अपील की।

# पुलिस ने साइबर ठग को बिहार से किया गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

### विदेशी महिला बनकर लोगों से करता था ठगी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** फेसबुक पर विदेशी महिला बनकर लोगों से दोस्ती कर महंगे गिफ्ट व करोडो रुपये देने के बहाने 18 लाख की साइबर ठगी करने वाले गैंग का एक साइबर अपराधी को पुलिस ने नवादा बिहार से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। उसके कब्जे से 6 मोबाइल फोन बरामद हुआ।

बीते 19 अक्टूबर 2022 को राजेश कुमार राय निवासी सिधारी ने साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ में प्रार्थना पत्र दिया की फेसबुक पर विदेशी महिला लूसी चार्लोट ने दोस्ती कर 25,000 यूके पाउण्ड व महंगे उपहार देने के नाम पर मुझसे करीब 18 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी की गयी है। पीड़ित की सूचना के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। विवेचना से नवादा व नालन्दा बिहार अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के 5 अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। शनिवार को प्रकाश में आये अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र अनंत कुमार निवासी मिरबिघा चकवे थाना वारिसलिनगंज जिला नवादा बिहार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। प्रकाश में आये अन्य अभियुक्त रिपान्शु कुमार, दिलीप कुमार रिपेश कुमार उर्फ बिट्टू थाना कतरी सराय जिला नालंदा बिहार फरार हो गये।


पुलिस की गिरफ्त में गिरफ्तार अभियुक्त।

# होली के सामानों से सजी दुकानें उमड़ी खरीदारों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** होली के त्यौहार को देखते हुए शहर से लेकर गांव तक की सभी दुकाने होली के सामनों से सज गयी हैं। इसके साथ ही सामानों की खरीदारी के लिए दुकानों पर भीड़ इकट्ठा हो रही है।

होली के त्यौहार को देखते हुए शहर के चैक पर स्थित सभी दुकाने सज गयी हैं। इस मौके पर दुकानों पर रंगों व पिचकारी की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है। इसके साथ ही शहर के अन्य स्थानों पर पर दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों पर भी होली के सामान को खरीदने के लिए खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार होली त्योहार को लेकर दुकानें पूरी तरह से सज चुकी हैं। ऐसे में दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है जहां बच्चों की भीड़ सबसे अधिक है।

दुकानदार अपनी दुकानों को सुबह से ही सजा कर बैठ रहे हैं जहां अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है। प्रमुख दुकानों पर पिचकारी, गुब्बारे, हर्बल रंग, गुलाल, सिंथेटिक रंग तथा मुखौटा की बिक्री बढ़ गई है। दुकानों पर तरह-तरह के मुखौटे बिक रहे हैं जो आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं चाइना निर्मित पिचकारी की बिक्री भी बढ़ी हुई है। नगर क्षेत्र में सभी दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है। वहीं ग्रामीण अंचलों में पड़ने वाली दुकानों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है। होली त्यौहार पर लोग महंगाई को दरकिनार कर खरीदारी करते दिखाई दे रहे हैं।


चौक स्थित एक दुकान से खरीददारी करते ग्राहक।

# बृजेश राय अध्यक्ष तो विजय सिंह बने जिला मंत्री

**चुनाव**

### उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का चुनाव सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट आजमगढ़ का जनपदीय निर्वाचन प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देश पर चुनाव अधिकारी पूर्व जिला अध्यक्ष जनपद गोरखपुर डॉ.दिग्विजय नाथ पांडेय की देखरेख में डीएवी इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष पद पर जनता इंटर कॉलेज ठेकमा बिजौली के प्रवक्ता बृजेश राय तथा जिला मंत्री पद पर जनता इंटर कॉलेज निजामाबाद के प्रवक्ता विजय कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर जनता इंटर कॉलेज अंबारी के प्रवक्ता परशुराम यादव, उपाध्यक्ष पद पर सर्वेश्वर पांडेय, राजेश भारती, कमलेश राय, सुनील यादव, संयुक्त मंत्री पद पर संतोष कुमार गुप्त, रमेश कुमार, अमरनाथ यादव, संतोष दुबे, सुनील यादव को निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार आय-व्यय निरीक्षक पद पर संतोष कुमार को निर्वाचित किया गया।

अंत में चुनाव अधिकारी दिग्विजय नाथ पांडेय ने सभी निर्वाचित जिला कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रदेश के आय-व्यय निरीक्षक ध्रुव मित्र शास्त्री, दिवाकर तिवारी, मुन्नू यादव, अवधेश त्रिपाठी, कमलेश राय, प्रदीप यादव, मनोज पाल, दीपक गुप्ता, ओम प्रकाश यादव, डॉ.दिनेश प्रताप सिंह, संजय राय, आनंद राय, सत्येंद्र सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, सत्येंद्र कुमार पांडेय, राजेश यादव, बंशीधर पाठक, डॉ.वीरेंद्र कुमार मौर्य, गिरजेश राय आदि उपस्थित थे।


शर्मा गुट के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य।

# क्षेत्राधिकारी ने की शराब की दुकानों पर जांच


शराब की दुकान पर जांच करते क्षेत्राधिकारी व कोतवाल।

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जीयनपुर व अजमतगढ़ में स्थित देसी व विदेशी मदिरा की दुकानों की क्षेत्राधिकारी सगड़ी महेंद्र कुमार शुक्ला ने जांच कर दिशा निर्देश दिया।

रविवार की देर शाम होली त्यौहार को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सगड़ी महेंद्र कुमार शुक्ला व जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने अजमतगढ़ व जीयनपुर कस्बा में स्थित देशी व विदेशी मदिरा की आधा दर्जन दुकानों पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान दुकान संचालक को दुकान के आसपास साफ-सफाई, सीसी कैमरा व उचित मूल्य बेचने के लिए निर्देशित किया।

वहीं बेची जा रही शराब की शीशी को लेकर निरीक्षण किया। होली त्यौहार पर दुकान के आसपास बंदी के दौरान दारू पीते हुए या बेचते हुए पाया गया तो दुकानदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। वहीं जांच के दौरान शराब की दुकानों पर दारु पीने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। वहीं कस्बे में लोग आपस में तरह-तरह की चर्चा करते रहे।

# सोलह श्रृंगार में आत्मविश्वास को शामिल करें महिलाएंः डॉ.अंगिरा

**आयोजन**

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

### नारी शक्तियों को किया गया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** नारी शक्ति संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व रंगोत्सव के मौके पर नारी शक्ति सम्मान समारोह व होली मिलन समारोह-2023 का आयोजन रविवार को रैदोपुर स्थित एक होटल के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि डा. अंगिरा भारद्वाज एवं विशिष्ट अतिथि डा.रजनी मनीष त्रिपाठी का स्वागत संस्थान संरक्षक मंडल सचिव डा.पूनम तिवारी व प्रियंका राय आदि द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद कलाकारों द्वारा नृत्य के माध्यम से दुर्गा स्तुति प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात अध्यक्ष विदुषी अष्ठाना द्वारा संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.नेहा दुबे द्वारा आयी हुई समस्त नारी शक्तियों का स्वागत किया गया। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाली वाराणसी से आई सुचरिता गुप्ता, जौनपुर की डा.ज्योति सिन्हा, भदोही से प्रतिमा शर्मा (पुष्प), बलिया की अनिता सिन्हा, अभिनवा राय, आजमगढ़ में एसडीएम (न्यायिक) सदर दिशा श्रीवास्तव, एसडीएम (न्यायिक) लालगंज नंदिनी शाह को नारी शक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि डा.अंगिरा भारद्वाज ने कहा कि बेटा हो या बेटी, अगर मां बराबरी से समान परवरिश करेगी तभी वे बेटी कभी किसी की दोयम दर्जे की बात बर्दाश्त नहीं करेगी। सशक्तिकरण की पहली जिम्मेदारी मां की है। नारी की अलग जगह है, इसकी कोई बराबरी नहीं कर सकता है न महिलाओं की जगह पुरूष ले सकता है न पुरूष की जगह महिलाए ही ले सकती हैं। महिलाएं अनुशासित रहकर अपने 16 श्रृंगार में सबसे पहले आत्मविश्वास का श्रृंगार शामिल करें। उन्होंने कहा कि नजरिया सही हो तो दुनिया में कुछ भी गलत नहीं है। महिलाएं नौकरी करें या न करें लेकिन वे इतनी काबिल रहे कि उन्हें पुरूष पर आश्रित न होना पड़े।


कार्यक्रम में दुर्गा स्तुति प्रस्तुत करते कलाकार।

विशिष्ट अतिथि डा.रजनी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता का परचम लहरा चुकी हैं। ऐसे संगठन के माध्यम से ही महिलाओं में एक नई चेतना जागृत होती है जो एकीकरण के माध्यम से आता है। कोई भी शिक्षित होकर ही विशेष मुकाम को हासिल कर सकता है। एसडीएम न्यायिक दिशा श्रीवास्तव ने हर घर की पहचान है औरत, हर घर की शान है औरत, बेटी बहन मां और पत्नी बनकर हर घर की शान है औरत, नारी के जीवन को कविता के माध्यम से बयां किया। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने बेटियों को शिक्षित नहीं करेंगे तब तक महिलाओं का शक्तिकरण नहीं हो पाएगा। एसडीएम न्यायिक नन्दिनी शाह ने कहा कि बड़े-बड़े बदलाव के बारे में मात्र सोचने से अच्छा है कि घर से ही बदलाव का सकारात्मक प्रयास करें। कार्यक्रम अध्यक्ष अर्चना वत्सल ने कहा कि आज पूरे विश्व में नारी शक्तियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हैं, हमें आत्मविश्वास के साथ संघर्ष करना होगा। सचिव डा.पूनम तिवारी ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अंशु अस्थाना ने किया। इसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अबीर गुलाब के माध्यम से नारी शक्तियों ने एक दूसरे को बधाई देकर रंगोत्सव का लुत्फ उठाया।

## संक्षेप

### चालू हालत में रखें सीसी टीवी कैमरे



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च कर शराब पीकर हुडदंग करने वालों को कड़ा सन्देश दिया। स्थानीय नगर पंचायत में शनिवार को थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और लोगों को शांति एवं कानून के दायरे में रह कर त्यौहार मनाने का सन्देश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों से अवैध शराब की बिक्री व इसकी जानकारी देने अपील भी की। होली के दिन शराब की बिक्री बंद रहेंगी और शराबियों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। इस बार होली और सब-ए-बरात एक साथ पड़ने के कारण पुलिस, प्रशासन के लोग पूरी चैकसी बरतने के साथ साथ फ्लैग मार्च के दौरान हुड़दंगियों को कड़ा संदेश भी दिया जा रहा है। नगर पंचायत में सभी वार्डों में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान शराब की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। थाना प्रभारी ने नगर पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी निगरानी की तथा सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू हालत में रखने की हिदायत दी।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की शक्तिः विनोद राय



**संजरपुर (आजमगढ़)।** अर्जुन सिंह स्मारक इण्टर कालेज पवई लाडपुर सरायमीर में विधानसभा बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकताओं को चुनावी मूल मंत्र बताये गये। मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक लालगंज विनोद राय रहे। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत बूथ पार्टी का मुख्य हिस्सा है। पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत हैं। चुनावी दृष्टिकोण से इसका महत्त्व और बढ़ जाता है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों का खाका खींचते हुए संगठन की मजबूती में हर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के कर्तव्यों को रेखांकित किया। विनोद राय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। हम लोगों को गांव गांव में जाकर पार्टी के बारे में बताना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाय। विधानसभा संयोजक शेरबहादुर सिंह ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधानसभा निजामाबाद के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी शक्तिकेंद्र संयोजक, प्रभारी मंडल मोर्चा, अध्यक्ष सोशल मीडिया, आईटी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुपम पाण्डेय तथा संचालन डा.अजय पांडेय ने किया।

### एसडीएम ने किया इन्कमटैक्स कार्यालय का उद्घाटन



**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार के भीमबर मार्ग पर स्थित बघैला बिलरियागंज में जीएसटी और इनकम टैक्स कार्यालय का उद्घाटन रविवार को उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रत्न सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय खुल जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा और आजमगढ़ जाने के बजाय जीएसटी और इनकम टैक्स से संबंधित सभी कार्य कराने के लिए लोगों को लाभ मिलेगा। प्रोपराइटर दीपक जायसवाल ने सभी आगंतुकों का आभार प्रगट किया। इस मौके पर डॉ.राजीव रंजन श्रीवास्तव, अशोक कुमार, अजय द्विवेदी, दिनेश कुमार, दीपक जायसवाल, राम पाल, सिंह, सागर सिंह, आशीष यादव, दिलीप गुप्ता, गौरव गुप्ता, अंकित गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त की पुलिस ने की मदद



**तरवा (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी पुलिस चैकी पर तैनात चैकी इंचार्ज नागेश चैधरी ने मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की मदद किया। युवक क्षेत्र में इधर-उधर भटकता रहता था। उसे चैकी पर बैठाकर उसके खाने पीने की व्यवस्था कराया और उसको नए कपड़े जूते दिलवाया। चैकी इंचार्ज की दरियादिली खुलकर सामने आई जिसकी काफी प्रशंसा हो रही है। बताते चलें कि जबसे पकड़ी पुलिस चैकी पर नागेश चैधरी की तैनाती हुई है तबसे पुलिस चैकी सुचारू रूप से संचालित हो रही है एवं प्रतिदिन पुलिस बल एवं पीएसी के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता से अपील भी की जा रही है कि आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखें।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, 32 का हुआ चालान



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे में होली एवं शबे बरात को लेकर पुलिस ने रूट मार्च किया। इस अवसर पर सभी से शांति पूर्वक पर्व मनाए जाने का आह्वान किया। कोतवाल गजानंद चौबे के नेतृत्व में यह रूट मार्च लालगंज पुलिस चौकी से आरंभ होकर गोला होते हुए मसीरपुर की राहत तक गया। मसीरपुर पहुंच कर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 32 वाहनों का ई-चालान किया गया। देवगांव कोतवाली पुलिस ने लालगंज के मसीरपुर में वाहन चेकिंग अभियान चला कर हेलमेट न पहनने, वाहन पर तीन सवारी बैठाने और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के साथ ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर 32 मोटरसाइकिल का ई-चालान किया। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप की स्थिति देखी गई। वाहन चालक पुलिस से बचने के प्रयास में इधर-उधर से होकर गंतव्य की ओर जाते हुए देखे गए।

### केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर फर्जी परीक्षार्थी गया जेल



**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** थाना गम्भीरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। शनिवार को विज्ञानाम्बुज इण्टर कालेज उबारपुर लालगंज में इण्टर की परीक्षा में समाज शास्त्र की द्वितीय पाली में फैज अहमद पुत्र शमसुद्दीन निवासी व्यवहरा थाना देवगांव के स्थान पर पंकज कुमार पुत्र ज्ञानचन्द्र निवासी खनियरा थाना देवगांव आजमगढ़ द्वारा कूट रचित आधार कार्ड व प्रवेश पत्र पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। जिसके सम्बन्ध में शैलन्धा राय पत्नी प्रेमनाथ राय निवासी सरायमोहन थाना बरदह हाल पता केंद्र व्यवस्थापक विज्ञानाम्बुज इंटर कालेज उबारपुर द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया। पुलिस ने अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र ज्ञानचन्द्र को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### गोवंशीय पशुओं के साथ दो चढ़े पुलिस के हत्थे



**आजमगढ़।** थाना कन्धरापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 गोवंशीय पशु के साथ 2 गोतस्करों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। कंधरापुर पुलिस रविवार को क्षेत्र में अपराधियों की तलाश में थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग गोवंशीय पशुओ सांड़, भैसों को पैदल हांककर के लेकर आ रहे हैं और पहले से भी घर में क्रूरता पूर्वक बंद करके रखे हुए हैं जो इस समय ग्राम मड़या स्थित अंडर पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नीचे होते आते जाते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच गयी। कुछ देर बाद गौवंशीय पशुओं को लेकर 3 से 5 लोग जानवरों को हांकते हुए भोर्रा मकबूलपुर निषाद बस्ती की तरफ जा रहे थे। पुलिस ने दो अभियुक्तों को पकड़ लिया शेष 3 लोग मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। कड़ाई से पूछताछ में एक ने अपना नाम अहमद उर्फ शेरू पुत्र सोहराब अहमद निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज जनपद तथा दूसरे ने मो.आरिफ पुत्र मो.यूनूस निवासी सरायन थाना अहिरौला बताया। उनके पास से 29 अदद गोवंशीय पशु बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन


रक्तदान करते स्कूल के छात्र

मीरजापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट, राजीव गांधी साउथ कैंपस एवं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ब्लड बैंक, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आचार्य प्रभारी प्रोफेसर विनोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस दिन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कंचन पडवल ने सभी स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. मूलचंद पटेल, व आशुतोष सिंह ने रक्तदान की विस्तृत जानकारी व महत्व बताकर छात्रों व स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। टीम ब्लड बैंक, आईएमएस बीएचयू ने रक्तदान करने के लिए चिकित्सा और उपकरण सहायता प्रदान की। कुल 55 स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया लेकिन स्वास्थ्य कारणों से 12 स्वयंसेवकों को टीम से खारिज कर दिया गया। इस शिविर में कुल 43 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर के दौरान छात्र सलाहकार डॉ. आशीष लतारे, डॉ. पवन आनंद और परिसर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और भविष्य में भी रक्तदान करने का संकल्प लिया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने ट्रामा सेंटर और इमरजेंसी वार्ड का किया लोकार्पण

## हादसें में गम्भीर रूप से घायल मरीजों को ट्रामा सेटर से मिलेंगी सभी सुविधायें : केन्द्रीय राज्यमंत्री

मीरजापुर। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को मंडलीय चिकित्सालय में जनपद के प्रथम ट्रामा सेंटर व इमरजेंसी वार्ड का फीता काटकर लोकार्पण एव बनाये गये वार्डो का भ्रमण कर जानकारी ली। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमजन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं।

मेडिकल कालेज बनने के बाद जिले में बेहतर स्वास्थ्य को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि मुझे बड़ी प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि किसी भी हादसे मे गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को किसी तरीके की किसी भी परिस्थिति में वर्न इंजरी, मल्टीपल फ्रैक्चर या किसी गम्भीर परिस्थिति में जहां उन्हें आपात कालीन


ट्रामा सेटर का लोकार्पण करने पहुंची अनुप्रिया पटेल

मेडिकल सुविधा की आवश्यकता होती है वह सभी सुविधायें इस ट्रामा सेंटर के अन्तर्गत प्राचार्य मेडिकल व मुख्य चिकित्साधिकारी की देख रेख में उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों को वाराणसी या प्रयागराज जाना पड़ता था। उस परिस्थिति से उनको निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि गम्भीर हालत में किसी मरीज को यदि इमरजेंसी की आवश्यकता है तो पूरी तैयार है सभी सुविधायें उपलब्ध हैं जिनकी उनको आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों इस ट्रामा सेंटर से मेडिकल सुविधायें मिलेंगी। प्राचार्य मेडिकल डॉ आर0बी0 कमल ने ट्रामा सेंटर के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि इस ट्रामा सेंटर व इमरजेंसी वार्ड में 30 बेड का सुविधा है जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेंगी तो वही जनपदवासियों को अन्य जनपद जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि ट्रामा सेंटर को तीन भागों में विभाजित किया है जिसमें रेड जोन, यलों जोन और ग्रीन जोन हैं। उन्होंने कहा कि सर्जरी, आर्थो, उनसथीसिया के डाक्टरों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाते हुये 24 घण्टे उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह, राम लौटन बिंद, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री रेखा वर्मा, प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेल, उदय पटेल, विजय शंकर केसरवानी, शंकर सिंह चौहान सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# शुद्धता का ध्यान रखते हुए, बिना मिलावट किए बेचें खोवा : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**हिदायत**

**डेढ़ दर्जन आवासों के ताले तोड़ कई कुंतल दूषित और मिलावटी खोवा बरामद**

**वजन करने वाली मशीन व अन्य सामग्री साथ ले गई प्रशासन की टीम**

जनसंदेश न्यूज

चुनार। प्रशासनिक अफसरों द्वारा रविवार को खोवा मंडी में बड़ी कार्रवाई करने से खोवा विक्रेताओं में अफरा तफरी मच गई। मौके पर 45 आढ़तियों की चौकियों पर खोवा बिक्री हो रहा था। रविवार को एसडीएम ने मौजूद खाद्य सुरक्षा अधिकारी से खोवा का सैंपल भरने को कहा। इसके बाद पास के एक कमरे के


छापेमारी के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

बाहर कड़ाई में दूध खौलता मिला।

उन्होंने कमरे का ताला तोड़वाया तो उसमें से भयंकर बदबू के बीच कई क्विंटल खोवा और अन्य सामग्री मिली। जिसे सीज करने का निर्देश दिया। आवास कालोनी के कई कमरे इस मिलावटी खोवे के गोदाम की तरह प्रयोग होते मिले। सदेह के आधार पर करीब डेढ़ दर्जन आवासों के ताले तोड़े गए जिसमें से कई कुंतल दूषित और मिलावटी खोवा, वजन करने वाली मशीन और अन्य सामग्री प्रशासन की टीम ने बरामद किया। मौके से आधा दर्जन ट्रैक्टर समेत अन्य कई वाहनों से जब्त किये गए खोवे को नई कोतवाली भवन भिजवाया गया। जहां तौल कराकर उसे नष्ट कराया गया। मौके पर नायब तहसीलदार अरुण कुमार यादव, कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन समेत चुनार कोतवाली क्षेत्र के सभी चौकी इंचार्ज, राजस्व कर्मी व नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई के बाद सहमें व्यापारियों ने एसडीएम से पूछा आखिर वो लोग व्यवसाय कैसे करें जिस पर एसडीएम ने कहा कि शुद्धता का ध्यान रखते हुये बिना मिलावट किए खोवा बेचें। खोवा व्यवसायियों ने कालोनी के भूतल पर बने कई आवासों पर अपने ताले चढ़ाकर उसका उपयोग गोदाम के रूप में कैसे कर रहे थे यह भी प्रशासनिक जांच का विषय है। अभी तक यह कालोनी चुनार नगर पालिका को हैंड ओवर नहीं की गई है।

# राजस्व कर्मी करें हेराफेरी, दण्ड मिले बीडीओ को : अध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**यह है हाल**

**एकतरफा कार्रवाई पर डीएम से मिलने का लिया फैसला**

मीरजापुर। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की बैठक पूर्वसूचनासूचना एक रेस्टोरेंट हॉल में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता अक्षैवर नाथ यादव ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें विकासखंड कोन में ग्राम पंचायत अधिकारी कृष्ण लाल को बिना उनका पक्ष जाने एक तरफा शासनादेश के विरुद्ध अन्यायपूर्ण, तानाशाहीपूर्ण निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई जबकि कृष्ण लाल द्वारा अधूरे कार्य को पूर्ण न करने एवं मानक के विपरीत कार्य के भुगतान का विरोध कर मना कर दिया गया, विभागीय अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अंधेरे में रखकर एक तरफा अन्यायपूर्ण कार्यवाही प्रस्तावित की गई जिसका संगठन द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए विरोध किया तथा तत्काल की गई कार्रवाई वापस कर लिया जाए। परिवार रजिस्टर पर अंकित मृत्यु के ब्योरे को अंतिम मानते हुए बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के परिवार रजिस्टर को दर्ज प्रविष्टि को अंतिम मानकर राजस्व विभाग द्वारा अभिलेखों की हेराफेरी की जा रही है तथा कार्यवाही ग्राम पंचायत सचिव पर की जा रही है संगठन ने इसका भी विरोध किया। संगठन की बैठक में बल देते हुए वक्ताओं ने संबोधित किया तथा अन्याय पूर्ण कार्रवाई के विरोध में जिलाधिकारी से मिलकर घटना का विरोध करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, संरक्षक विनोद कुमार मिश्र, कृष्ण लाल, अनूप दुबे, अंकित तिवारी, प्रभात शुक्ला, सौरव यादव, मनोज यादव, बबलू गुप्ता, गोविंदा कुमार, तरुण भारती, अविनाश सिंह, पप्पू मोदनवाल, मुस्ताक अहमद व सत्येंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# फसल चराने से मना करने पर लाठी डंडे से हुई मारपीट

## एक गम्भीर, जिला हॉस्पिटल रेफर

जनसंदेश न्यूज

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के अतरी दक्षिण मजरे में रविवार को सुबह फसल चराने से मना करने पर लाठी डंडे से हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य ले आए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सिकटा गांव के अतरी दक्षिण निवासी बुद्धसेन राय की पत्नी शीला देवी ने रविवार को थाने तहरीर दे कर कहा है कि गांव निवासी कुछ लोग खेत में बोई गई फसल को मवेशियों से चरा रहे थे मना करने पर गांव के चार लोग पहुंचे और गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे और घायल कर दिया जिससे सिर और पैर व साथ साथ पूरी शरीर में गम्भीर चोटे आई है।



बुद्धसेन गंभीर रूप से घायल हो गया। उनकी पत्नी शीला देवी ने थाने में कार्रवाई की मांग की है। वही दूसरे पक्ष के पंकज ने तहरीर देकर कहा है कि नशे में धुत होकर सुबह गाली गलौज कर रहे थे। जिसको लेकर झगड़ा हो गया और मुझे मारे पीटे हैं चोटे आई हैं। पुलिस दोनों की तहरीर लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं घायल बुद्धसेन राय का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# बाइक व हाइबा की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार घायल

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया मतवार मार्ग पर भटवारी गांव में आमने सामने बाइक व हाईवा की टक्कर में बाइक सवार घायल हो गया। हथेड़ा गांव निवासी नब्बे का पच्चीस वर्षीय पुत्र फिरोज किसी काम से घर से हलिया बाजार जा रहा था कि हलिया मतवार मार्ग पर भटवारी स्थित पूर्व प्रधान लालजी मौर्य के घर के पास हलिया की तरफ जा रहा हाईवा की सामने से टक्कर होने से गंभीर रूप से गिर कर घायल हो गया और वाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद 108 नंबर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वाइक में धक्का लगने के बाद हाइवा बगल के मकान में लगे टीन सेट को तोड़ते हुए रुक गई। संजोग ठीक था कि अनियंत्रित हाइवा सामने पेड़ व मकान में धक्का नहीं दे सकी नही तो बड़ा हादसा हो जाता था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह को दी। उन्होंने मौके पर पुलिस कर्मियों को भेजकर हाइवा और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में बाल स्वयंसेवकों की भूमिका अहम

**कार्यक्रम**

**बाल पथ संचलन का किया गया भव्य आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बाल पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। बाल पथ संचलन की शुरूआत शिशु मंदिर नारघाट से प्रारंभ होकर त्रिमुहानी, धुंधी कटरा, पानदरी चौराहा पुरानी अंजही होते हुए नारघाट शिशु मंदिर प्रांगण में समापन किया गया। बाल पथ संचलन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न शाखाओं से आए सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

बाल पथ संचलन को दिशा निर्देश प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश मुख्य वक्ता की भूमिका अदा की। प्रांत प्रचारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण


पथ संचलन करते स्कूल के छात्र

विकास में बाल स्वयंसेवकों की भूमिका अहम है, समाज में नवजागरण चेतना से समाज में जागृत कर प्रदेश और राष्ट्र में अपने देश को प्रथम पायदान पर पहुंचाना यह हमारा परम कर्तव्य है। कार्यक्रम की कड़ी में बाल स्वयंसेवकों द्वारा संघात्मक बैंड बाजे और वाद्य यंत्रों की तरंग ध्वनि से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बाल पथ संचलन कार्यक्रम सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने भारत माता के जयकारे के साथ गगनचुंबी नारे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं की कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक परितोष, जिला प्रचारक धीरज, नगर प्रचारक पवन, केशव, इंद्रजीत, सच्चिदानंद, शैलेश, अनिल, संतोष, आलोक आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# छात्रों ने कराया मड़िहान में काशी दर्शन

## झांकी देखकर निहाल हुए उपजिलाधिकारी मड़िहान

जनसंदेश न्यूज

कलवारी। स्थानीय थाना क्षेत्र के सनशाइन इंग्लिश स्कूल में दो दिवसीय साइंस फेयर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे छात्रों के द्वारा काशी दर्शन समेत गंगोत्री आदि को बखूबी दर्शाया गया और जमीन पर उतारने का काम किया गया। जिसको उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह देखकर निहाल हुए वहीं छात्रों की तारीफ भी की। दो दिवसीय प्रदर्शनी में छात्रों के द्वारा जहां एक ओर रियल हीरो के बारे में भी जानकारी दी जा रही थी। जिन्होंने देश के लिए अपने को बलिदान कर दिया।

वही गंगा का उद्गम और स्त्री शिक्षा को बढ़ावे वाली वीरांगना ज्योतिबाई फूले के बारे में भी विस्तार से छात्रों के द्वारा बताया गया। छात्रों के द्वारा मुख्य रूप से बनाए गए वॉटर में वाटर बोट, रेन हार्वेस्टिंग, पौधों का हमारे जीवन में महत्व, रोपवे स्वचालित सीढ़ी, दिन रात का होना, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी विश्वनाथ


बच्चों का करतब देखते एसडीएम मड़िहान

मंदिर, वाराणसी के विभिन्न घाट, चिकित्सा पद्धति, लेजर सेक्योरिटी सिस्टम, इलेक्ट्रिक डोर समेत कुल 150 मॉडल तैयार किए गए थे। इस दौरान मुख्य रूप से डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह, विजय सिंह, अवधेश सिंह, संजय कुमार, नीलम कन्नौजिया, रितुश्री, रश्मि केसरी, काजल सिंह, मनीषा सिंह समेत समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की बैठक सम्पन्न

अदलहाट। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की बैठक रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल शिक्षण संस्थान सिकिया में हुई। बैठक में संगठन के जिला संयोजक अश्विनी कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएसीएल इंडिया लिमिटेड, सहारा, केबीसीएल, आदि कम्पनियों में क्षेत्र के लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा जमा किया है। बहुत सी कम्पनियों को गलत तरीके से काम करने के कारण कोर्ट द्वारा रोक लगा दिया गया है बहुत सी कम्पनियां करोड़ों रुपये जमा करा कर गायब हो गई कोर्ट के आदेश पर जिले के सभी तहसीलों में जमा कर्ताओं का बान्ड का फोटो कापी,आधार कार्ड का फोटो कापी,बैंक पासबुक का फोटोकापी, जमाकर्ता का फोटो लगाकर बड्स एक्ट 2019 के तहत जमाया किया जा रहा है जिसने लोगों ने इन कम्पनियों में पैसा जमा किया है उन सभी लोगों को सूचित करके सभी का फार्म जमा कराने का काम करें। जमाकर्ताओं को जल्द से जल्द पैसा मिल सके इसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मीरजापुर को 14 मार्च को सौंपा जाएगा। संगठन को मजबूती देने के लिए राजकुमार पटेल को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीरबल सिंह तथा संचालन जिला संयोजक अश्विनी कुमार पटेल ने किया। इस दौरान अलाउद्दीन, शिवाकान्त यादव, मंगला विश्वकर्मा, परमेश्वरी सिंह, सुरेश कुमार सिंह, बाबूलाल सिंह, रमेश सिंह, अमरजीत सिंह, देवनारायण मौर्या आदि रहे।

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ पर सख्ती से पेश आयेगी पुलिस : प्रभारी निरीक्षक

## पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अहरौरा। स्थानीय चौकी परिसर में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत होली एवं शबे बारात त्योहार को लेकर नगर के तमाम सम्मानित गणमान्य जनो के बीच पीस मीटिंग का आयोजन किया गया


बैठक को संबोधित करते थाना प्रभारी

था। जिसमें प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह व चौकी प्रभारी इंद्रजीत यादव अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाए प्रशासन आपके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है अगर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था को तोड़ने का काम करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है जो कोई भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा पुलिस उसके साथ सख्ती से पेश आयेगी। क्षेत्र में अगर कोई समस्या हो तो मुझे तुरंत अवगत कराएं। पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह, सभासद कुमार आनंद, सभासद रामचंद्र भारती, सूर्यमणि मिश्रा, इकबाल कुरैशी, असलम खान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## अवैध परिवहन कर रहे 6 वाहनों का किया ऑनलाइन चालान



मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में खनिज विभाग, मीरजापुर द्वारा रविवार को 04 बजें उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र, आई0एस0टी0पी0, ओवरलोड खनिजों का परिवहन करने वाले 02 वाहनों को कजरहट, अहरौरा में 05, एक मड़िहान थाना में बन्द करते हुये 06 वाहनों का आनलाइन चालान किया गया। इस प्रकार उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति धनराशि की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन की दर से शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। जनपद में अवैध परिवहन,ओवर लोड पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने का परिजनों ने लगाया आरोप

राजगढ़। सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के जौगढ़ गांव निवासी राजन पुत्र राजाराम ने राजगढ़ सीएचसी में तैनात महिला स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जौगढ़ गांव निवासिनी संगीता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने राजगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात शोभा एवं शीला नाम की नर्स के द्वारा डीलीवरी के लिए दवा इलाज प्रारंभ किया गया जहां कुछ ही देर बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया लेकिन बच्चे को नहीं बचाया जा सका। बच्चे की मौत पर परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया और कहा कि अगर समय रहते प्रसूता को जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया होता तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी लेकिन पैसे की लालच में ऐसा नही किया गया जिससे बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने शोभा तथा शीला पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। वहीं राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव से मिलकर दोनों स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## शिव मंदिर का त्रिशूल समेत सभी सामान उठा ले गये चोर

जिगना। विंध्याचल थाना क्षेत्र के भटेवरा गांव में चोरों ने शिव मंदिर में चोरी कर घंटा त्रिशूल व अन्य सामग्रियों पर हाथ साफ कर दिया। मंदिर में स्थापित शिव जी की पिंडी उठा कर मंदिर परिसर के पास में एक कुएं में ले जाकर के फेंक दिया और मंदिर में लगे अन्य सामग्री को लेकर फरार हो गये। जब ग्रामीण मंदिर गए तो देखा कि मंदिर के अंदर कुछ भी नहीं था। आसपास के लोगों ने पता किया तो मंदिर के पास एक सूखा हुआ कुआं था जिसमें शिव जी का पिंडी फेंका हुआ दिखाई पड़ रहा था। कुएं में पानी तो नहीं है लेकिन झाड़ झंकार व गहराई ज्यादा होने के कारण कुएं में शिवलिंग निकालने के लिए किसी ने जहमत नहीं उठाई। लोगों का कहना है कि हो सकता है कुएं में गैस भी भरी हो सकती है। समाचार लिखे जाने तक शिवलिंग कुएं के अंदर ही पड़ा था। शिवलिंग लगभग 40 किलो का है घटनास्थल पर 100 नंबर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही थी।

## बाइक सहित सामान जलकर खाक

चील्ह। शनिवार की रात ढाबा में आग लगने से ढाबा में रक्खा बाइक सहित सामान जलकर खाक हो गया। चील्ह थाना क्षेत्र के पटेहरा गांव निवासी सचिन कुमार सिंह उर्फ उदय सिंह का चेतगंज बाजार में एक ढाबा चलता है जिसमें शनिवार की रात लगभग 11:30 बजे आग लग गई। जिससे ढाबा मलिक की एक बाइक, तीन तख्त, 10 कुर्सियां एक टेबल एवं अन्य सामग्री जलकर राख हो गया। आग लगने के पश्चात आसपास के लोगों ने बाल्टी के पानी से जबतक आग बुझाया कि बाइक व अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में ढाबा मालिक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि ढाबा पर खाना बनाने वाला दीना नाथ निवासी महंगीपुर थाना चील्ह से एक उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने पर उससे कहासुनी हो गई। जिसको लेकर शनिवार की रात्रि में उसने आग लगा दिया। जिससे ढाबा सहित उसमें रखी बाइक सहित कुर्सी मेज तख्त सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी चेतगंज में घटना की तहरीर दे दिया गया है।

## दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। विन्ध्याचल क्षेत्र के अंतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बीते दो मार्च को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए रविवार को उप निरीक्षक दयाशंकर ओझा मय पुलिस बल द्वारा आरोपी अरविन्द कुमार पुत्र छोटकू निवासी राजपुर आमघाट थाना शनिवार की रात्रि में उसने आग लगा को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट में कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्ष को निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक दिलीप कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्र से आरोपी संतोष पुत्र स्व पुनवासी निवासी अतरौली कला थाना अहरौरा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अहरौरा पर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की गई।

## आरपीएफ पुलिस ने 5 अवैध वेंडरों को पकड़ा

मीरजापुर। आरपीएफ पुलिस द्वारा अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाकर 5 अनाधिकृत वेंडरो को पकड़ा। शनिवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर आरपीएफ प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाया गया जहां अवैध वेंडरों के विरुद्ध धरपकड़ कर 5 अनाधिकृत वेंडरों को प्लेटफार्म नंबर 2 से आरपीएफ पुलिस ने पकड़ा जो बिना पूर्ण यूनिफार्म एवं बिना वेंडिंग टोकन के खाद्य सामग्री बेच बेच रहे थे। जहां अनाधिकृत वेंडरों को पकड़कर आरपीएफ पुलिस ने कार्रवाई किया। इस मौके सह उप निरीक्षक अखिलेश कुमार तिवारी, सह उप निरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबल संजीत कुमार, कांस्टेबल शिव बालक मौजूद रहे।

## ब्लॉक सभागार में महिलाओं के साथ हुई बैठक

हलिया। रविवार को ब्लॉक सभागार में अंत्योदय सर्वे एवं लखपति महिला आईडी बनाने हेतु बीडीओ कुलदीप कुमार के निर्देशन में एडीओ आईएसबी राजाराम, एडीओ साख्यिकी एवं बी एम एम द्वारा संबंधित महिलाओं को बुलाकर आईडी बनाने का कार्य किया गया एवं सर्वे हेतु प्रशिक्षण दिया गया। एडीओ आई एस बी ने कहा कि सभी को युद्ध स्तर पर लग कर सर्वे का कार्य दो दिवस में पूर्ण कर लेना है।

## निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया

चुनार। एलिट चाइल्ड मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल रामनगर के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप नगर के पीडीएनडी इंटर कालेज में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ निवर्तमान चेयरमैन मंसूर अहमद, हास्पीटल के निदेशक डा0 डी0 के0 गुप्ता एवं डा0 बबिता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत नि0 चेयरमैन मंसूर अहमद का रक्त परीक्षण कर किया। कुल सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया। इस दौरान स्टाफ नर्स सुमन देवी, नीतू पटेल, राजकुमार विश्वकर्मा, मैनेजर, जवाहर सिंह आईसीयू संचालक, नाहिद, आशीष श्रीवास्तव, मीना कुमारी, दिग्विजय यादव, रविंद्र चौहान सहित अन्य मौजूद रहे। इस शिविर के आयोजन से नगर व क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताया है।

## पुनः एक साथ रहने को राजी हुए 19 बिछड़े दम्पत्ति

मीरजापुर। प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के माध्यम से 19 बिछड़े दम्पतियों को एक दूसरे के साथ रहने को राजी किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 19 बिछड़े दम्पतियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी प्रीति चौबे, प्रमोद पाण्डेय तथा सदस्यगण डा0कृष्णा सिंह, निर्मला राय आदि उपस्थित रही।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

मीरजापुर। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के सनबीम कान्वेंट स्कूल पिपरवा पर रविवार को संपन्न हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया था। प्राथमिक विद्यालय पिपराडाड़, बैसुखिया, पिपरवा, मेवली, सिन्हरकला, कोल्हड़ तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवढ़ियाघाट, मसारी, विजयपुरा व सनबीम कान्वेंट स्कूल के 191 बालक व 325 बालिकाओं ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करवाया। केंद्र प्रभारी अजय कुमार यादव के नेतृत्व में परीक्षा का सफल संचालन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 11 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

# खडे ट्रक में घुसे बाइक सवार एक की मौत, दूसरा गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

### वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर बीना खदान गेट के पास हुआ हादसा

**शक्तिनगर**। स्थानीय थाना क्षेत्र के बीना चौकी अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर रविवार को एक्सप्लुसिव वैन के टक्कर से बाइक सवार युवक आगे खड़ी ट्रक में जा घुसे। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए एनटीपीसी के संजीवनी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां देखते ही चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे की हालत गंभीर देख उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

बताया गया कि बीना क्षेत्र के कौहरौलिया निवासी धर्मेंद्र रवानी 40 पुत्र हरे अपने भाई के दामाद संदीप वर्मा 32 पुत्र रामलल्लू निवासी बैढन सिंगरौली के साथ अनपरा से बीना की तरफ जा रहे थे कि इसी दौरान कृष्णशिला खदान के गेट के समीप पहुंचते ही पीछे से जा रही एक्सलुसिव वैन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी।

जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए एनटीपीसी के संजीवनी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि धर्मेंद्र रवानी की हालत गंभीर देख उसे वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजने के साथ अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

## बाइक के धक्के से साइकिल सवार युवक की मौत, कोहराम

**सोनभद्र**। सदर कोतवाली क्षेत्र में बीते शाम अज्ञात बाइक सवार की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा लसड़ा गांव निवासी 27 वर्षीय राकेश शर्मा पुत्र करीमन शर्मा अपने घर से 100 मीटर दूर पाली गांव रोड के समीप एक गुमती खोलकर बाल दाढ़ी काटने का कार्य करता था। शनिवार देर शाम वहीं से काम खत्म होने पर वापस आते समय ग्राम सभा लसड़ा के एक पेट्रोल टंकी के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार उसे धक्का मारकर फरार हो गया। आसपास के लोगों द्वारा उनके परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही।

## नाले में गिरकर किशोर की मौत

**ओबरा**। स्थानीय थाना अंतर्गत बैरपुर गांव में रविवार की सुबह नाले में डूबने से एक किशोर की मौत हो गयी। इकलौते पुत्र के मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार बैरपूर गांव निवासी 17 वर्षीय हरिप्रसाद पुत्र बबई घर के समीप नाले के किनारे सुबह सात बजे के करीब शौच करने गया था। इस दौरान उक्त किशोर फीसल कर नाले के पानी में औंधे मुंह गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो हैरान परेशान परिजन उसे खोजने के लिए निकले। लगभग चार घंटे बाद राहगीरों ने बताया कि एक किशोर नाले के पानी में औंधे मुंह पड़ा है। तत्काल परिजनों ने घर के समीप स्थित नाले में देखा कि हरि प्रसाद नाले में पड़ा था। आनन-फानन में परिजनों ने नाले से निकालकर किशोर को ओबरा तापीय परियोजना अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसआई संजय सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के पश्चात पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# एएसपी ने शाहगंज थाने का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


रजिस्टर की जांच करते एएसपी

**सोनभद्र**। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा रविवार को शाहगंज थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण कर थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया।

उन्होंने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, मिशन शक्ति कक्ष/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने, बैंकों व वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा के साथ ही एंटी रोमियों टीम को क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये।

## संक्षेप

### सुरक्षा बल स्थापना दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम


गेट पर चेकिंग करते सुरक्षाबल

**बीजपुर**। सीआईएसएफ सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर रिहंद इकाई आरएचएसटीपीपी में 3 से 10 मार्च तक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। परियोजना के सीआईएसएफ इकाई प्रमुख उप कमांडेंट प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को स्पेशल ड्राइव के तहत स्वागत गेट, संयुक्त मुख्य द्वार, साउथगेट एवं विभिन्न द्वारों पर अतिरिक्त बल सदस्यों की तैनाती कर संयंत्र एवं टाउनशिप के अंदर बाहर जाने वाली सभी गाड़ियों एवं श्रमिक कर्मचारियों को विधिवत जांच करके सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निरीक्षक कार्य सीएस सिंह, सी. डुग डुग, एस के सिंह, एम के चौधरी व बल कर्मियों का योगदान रहा। बताते चलें कि सीआईएसएफ बल का 10 मार्च को स्थापना दिवस होता है। इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष बल के जवानों द्वारा रिंहद इकाई के लाइन में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह पूर्वक स्थापना दिवस मनाया जाता है।

### अवैध बालू परिवहन में वन विभाग ने पकड़ा ट्रैक्टर, सीज

**दुद्धी**। स्थानीय वन रेंज के अंतर्गत कनहर नदी के किनारे औराडंडी, धरनवा गांव में रविवार को कनहर नदी से अवैध बालू खनन करके परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को रेंजर इमरान खान ने अपने हमराहियों के साथ धर दबोच संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया। क्षेत्र में कनहर नदी के बालू का खनन व परिवहन प्रशासन के लाख कवायद के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस क्रम में औराडंडी के रास्ते कनहर नदी से अवैध बालू खनन करके परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को वनकर्मी ने धर दबोचा। रेंजर ने बताया कि इलाके में अवैध खनन व परिवहन की सूचना अक्सर मिला करती है, बीती रात बालू माफियाओं को दबोचने के लिए वन विभाग की टीम के साथ औराडंडी, करहिया, बौधाडिह के इलाके में गश्त पर था कि सुबह कनहर नदी से अवैध बालू लोड करके आ रही एक ट्रैक्टर को धर दबोचा गया। मौके पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को छुड़ा ले जाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर रेंज कार्यालय लाया गया। वहीं ट्रैक्टर मालिक संतलाल पुत्र जयकरण गोड़ निवासी औराडंडी मौके से भागने में सफल रहा। पकड़े गए ट्रैक्टर पर संगत धाराओं में कार्रवाई की गई। टीम में वन दरोगा दिलीप सिंह, अवधेश, सूबेदार, भार्गव, देवचंद, मल्लू प्रसाद, रघुनाथ आदि शामिल रहे।

### बोधाडीह चौकीदार को हटाने की मांग

**दुद्धी**। विंढमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बोधाडीह के चौकीदार संजय कुमार पर गांव के ही लालकेश्वर ने समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र मंडलायुक्त को देते हुए आरोप लगाया कि संजय कनहर नदी से अवैध खनन करता और कराता है। स्वयं का ट्रैक्टर भी है और औरों के ट्रैक्टर से धौंस जमा कर वसूली भी करता है। खनन रोकने पर ग्रामीणों को थाने का चौकीदार होने का हवाला देते हुए उल्टे सीधे आरोप में फंसवाने का धमकी देता है। जिससे ग्रामीणों में अशांति है। शिकायतकर्ता ने चौकीदार के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने की गुहार लगाई। मामले में थाना प्रभारी विंढमगंज को मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

### योग चला गांव की ओर, करें योग रहें निरोग

**सोनभद्र**। राबट्र्सगंज ब्लाक अंतर्गत तरावा गांव में रविवार को प्रातः 6:00 से 8:00 तक एक दिवसीय योग कक्षा शशिकांत तिवारी के परिसर मे शुरू हुई। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी व भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे की देखरेख में योग शुरू कराया गया। इस दौरान योग से होने वाले लाभ को बतलाया गया। गांव के लोग पतंजलि परिवार के लोगों को अपने बीच पाकर काफी खुशी महसूस किए तथा प्रतिदिन नियमित योग करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायन देव पांडेय, राम नगीना, अंकुर तिवारी, प्रदीप तिवारी, मंगला देव पांडे, सुशील तिवारी सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# आरएसएस के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर गुलाल


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक रमेश जी

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ओबरा के तत्वाधान में शनिवार की देर शाम स्थानीय श्री राम मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक रमेश ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही गायक उत्तम कानपुरी व अन्य साथियों द्वारा मनमोहक होली गीत की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मुख्य वक्ता ने बताया कि भारत वर्ष उत्सवों का देश है। हमारे देश में ऋतुओं के अनुसार अपने त्योहार को उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा रही है। हमारे त्योहार पौराणिक तथ्यों पर आधारित होते है। भक्त प्रह्लाद के धर्मनिष्ठा का उल्लेख करते हुए बताया कि होलिका जल गई लेकिन धर्म नहीं जला। अर्थात धर्म को कोई जला नहीं सकता है। अध्यक्षता कर रहे अल्ट्राटेक डाला के संजीव शर्मा ने नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई गीत की प्रस्तुति पर उनका उत्साह बढ़ाया।

राजकीय बालिका इंटर मीडिएट कालेज की संगीत प्रवक्ता पूनम ने होली गीत की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार, महाप्रबंधक प्रशासन जी के मिश्रा, मनीष, राम चंद्र, विमल जेसी, रविंद्र, मृदुल, पुनीत, भोला, राजन, राजेश, विनोद, हरेंद्र सहित सैकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे। संचालन धुरंधर शर्मा ने किया। अंत में सह जिला संघचालक प्रमोद ने भारतवासियों की उत्सवधर्मिता का उल्लेख करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्राम्य विकास की मजबूत व अहम कड़ी हैं रोजगार सेवकः आलोक सिंह


ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग

**सोनभद्र**। अबीर गुलाल की मस्ती में सराबोर नगवां ब्लाक सभागार में संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शनिवार की शाम कर्तव्यबोध कराते हुए पदीय दायित्व के निर्वहन की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह व विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी राकेश सिंह रहे। समारोह का शुभारम्भ अतिथियों के स्वागत, माल्यार्पण के पश्चात अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। वहीं ग्राम रोजगार सेवक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि रोजगार सेवक ग्राम विकास की मजबूत व अहम कड़ी हैं, सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को जरूरत मंदों तक पहुंचाने में रोजगार सेवकों द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय है। योगी सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित करते हुए सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। सरकार जल्द ही मनरेगा कर्मियों के हित में सकारात्मक निर्णय लेगी। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मनरेगा कर्मी आवास, शौचालय, पेंशन, पेयजल, स्वास्थ्य व शिक्षा समेत ग्राम विकास विभाग के अन्य योजनाओं को मूर्त रूप देने का काम कर रहे हैं। रोजगार सेवको के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें हमारा निरन्तर सहयोग मिलता रहेगा। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देर रात तक चलती रहीं। इस मौके पर विनय मिश्रा, अनूप सिंह, बसन्त सिंह, मुरारी पटेल, परमानन्द पटेल, चन्द्र देव पाण्डेय, सुजीत पटेल, मदन मोहन देव पाण्डेय, कुलदीप तिवारी, अनिल सिंह, सुरेश कुमार, बालेश्वर, अजय कुमार, विनोद कुमार, राम सजीवन, सूरज प्रसाद, ओम प्रकाश जायसवाल, जिलाजित यादव, चन्दमनी यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# विस्तारक बूथों पर प्रवास कर संगठन को देंगे नई धार

**सोनभद्र**। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा राबट्र्सगंज की कार्यशाला बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक रविवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व सदर विधायक भूपेश चौबे जी उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंम्भ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर दीपप्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान बूथवार संगठन को मजबूत बनाने की रणनिति बनाई गई। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि हमें अपने विधानसभा के बूथों को शक्तिशाली बनाना है, भारतीय जनता पार्टी दुनिया के सबसे बडी राजनैतिक पार्टी है हम सब उसके कार्यकर्ता हैं , पार्टी को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए बूथों पर पुनर्विचार कर गठन करने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने जिम्मेदारी से कार्य करें हम हाथ को काम और हर काम को हाथ ऐसी नीति पर चलकर हमे भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना है मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने पर पन्ना प्रमुख बनाना है बूथो को सशक्त करने के लिए अल्पकालीन विस्तारक बनाये जा रहे हैं जो कि पूर्ण रुप से बूथों पर प्रवास करके बूथ सशक्तिकरण का कार्य करेंगे। अभियान के जिला संयोजक कृष्णमुरारी गुप्ता ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र, जिला, मंडल और बूथ को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रणनीति तैयार कर ली गई है। आने वाले समय में भाजपा लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। कार्यशाला में उदयनाथ मौर्य, संतोश शुक्ला, चुर्क मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय, बलराम सोनी, महेश्वर खरवार, राजबहादुर सिंह, सुनिल जायसवाल, दीपक दूबे, अभय सिंह सहित मण्डल के सभी पदाधिकारी, सोशल मिडिया प्रमुख, आईटी प्रमुख, मोर्चो के मण्डल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### हेलो स्कूल आफ एक्सीलेंस में फूलों संग बच्चों ने खेली होली

**ओबरा**। नगर के चोपन रोड स्थित हेलो स्कूल आफ एक्सीलेंस में नन्हे बच्चो द्वारा शनिवार को होली त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चे प्राकृतिक रंगों व फूलों संग होली खेली। प्रधानाचार्य नाहिद ने कहा कि होली पर ज्यादातर रंगो मे केमिकल का प्रयोग किया जाता है। इसके चलते बच्चो को कई प्रकार की स्क्रिन समस्या हो जाती है। उन्होंने बच्चो को होली पर्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही शिक्षकों और बच्चो से अपने अंदर छिपी बुराईयों को भी होलिका दहन कर स्वाहा करने की बात कही। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यापिका बाबी राय व आरती ने कहा कि प्राकृतिक तरीके से होली खेलने के लिए अपने घर पर भी रहकर होली का रंग बना सकते हैं। इस रंग से न तो चेहरे पर नुकसान होगा और न ही आंखें खराब होंगी। प्राकृतिक रंग पीला बनाने के लिए एक कटोरी बेसन और आधी कटोरी हल्दी को मिलाएं और इसमें पीले गुलाब का इस्तेमाल करें। लाल रंग बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़ी और चंदन को पीसकर लाल गुलाल बना सकते हैं।संचालन अध्यापिका नेहा गर्ग ने किया। इस अवसर पर अलका अग्रवाल, इशरत जहा आदि मौजूद रही। धन्यवाद प्रबन्धक शमशाद आलम ने ज्ञापित किया।

# विराट रुद्र महायज्ञ का हवन पूजन के साथ हुआ समापन

**अवसर**

### 11 निर्धन कन्याओं की धूमधाम से कराई गई शादी


सामूहिक विवाह में शामिल वर वधू

**सोनभद्र**। उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ का नौवें दिन शनिवार को हवन पूजन के साथ ही समापन हो गया। वहीं सोनभद्र के स्थापना दिवस पर 11 निर्धन कन्याओं की शादी धूमधाम से संपन्न कराई गई। समूचा यज्ञ पंडाल वेद मंत्रों व हर हर महादेव के जयकारों से अभिगुंजित रहा। पहली बार कन्यादान महिलाओं के जरिए किया गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने वर वधुओं को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। अंत में बाजे गाजे के साथ तालाब में कलश का विसर्जन किया गया। वहीं श्रद्धालुओ ने चल रहे विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास व भोले सेवा ट्रस्ट यज्ञकार्य में सन्नद्ध है। शिवद्वार की मन्दिर सेवा समिति के पुजारी सुरेश गिरि जत्थे के साथ समुपस्थित रहे। ओबरा की यज्ञ सेवा समिति की कर्मठता भी अनूठी रही तो नौ दिवसीय चल रहे विराट रुद्रमहायज्ञ की अध्यक्षता पंडित रामनिवास शुक्ल के गुरुतर दायित्व सँग समाहित रहा। इस दौरान 11 निर्धन कन्याओं की शादी हुई उसका कन्यादान सिर्फ महिलाओं ने किया। इनका कन्यादान पूर्व में घोरावल थानाध्यक्ष रहे इंस्पेक्टर भारत भूषण तिवारी की माता भावना तिवारी, उनकी धर्मपत्नी गीता तिवारी, जया तिवारी, चिंता मौर्य, सुशीला पाठक, विमला देवी, सरोज गिरी, सरस्वती, विमला देवी, संगीता देवी आदि शामिल रही। यज्ञ नारायण भगवान के मुख्य यजमान अजय कुमार मौर्य, रामपति साहू, राजनारायण पाल, रेवती तिवारी, सुरेश गिरी, उदय प्रताप सिंह, श्रीकांत दुबे आदि रहे।

# महारानी दुर्गावती की प्रतिमा खंडित आदिवासी समाज में भारी आक्रोश

**गुस्सा**

### मूर्ति खंडित करना समाज का घोर अपमान

जनसंदेश न्यूज


जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते आदिवासी समाज के लोग

**सोनभद्र**। चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रुदौली में गोंडवाना समाज की महारानी बिरांगना दुर्गावती की प्रतिमा खंडित हो जाने से रविवार को आदिवासी समाज के लोगों ने मौके पर पहुंच आक्रोश जताते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंप इसकी जांच करा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

जिला पंचायत सदस्य पटवध सुनील सिंह गौड़ के नेतृत्व में पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि दुर्गावती देवी आदिवासियों के मान सम्मान की प्रतीक हैं, उनकी मूर्ति खंडित करना समाज का घोर अपमान है, यदि कोई शरारती तत्व द्वारा इस मूर्ति को खंडित किया है तो उसकी जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।

कानून व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक चोपन लक्ष्मण पर्वत ने तत्काल मूर्ति लगाने का आश्वासन दिया। जिससे आदिवासी समाज के लोगों का आक्रोश शांत हुआ और वे वापस चले गए। इस अवसर पर रामनरेश पोयाम, कमलेश सिंह पोयाम, ओमप्रकाश सिंह, ठाकुर प्रसाद मरकाम, बेद प्रकाश मरकाम आदि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**अवसर**

### जगह-जगह खुदवाई सड़क, टेक्निकल टीम से जांच कराने का दिया निर्देश

**दुद्धी**। स्थानीय ब्लाक के मझौली ग्राम पंचायत के बसकटवा टोले में साडा के धन से लोक निर्माण विभाग द्वारा दो खंडों में बनवाई जा रही दो किमी इंटरलॉकिंग सड़क का मण्डलायुक्त डा मुथुकुमार स्वामी ने रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान खामियों पर सम्बंधितों को फटकार लगाते हुए मैटेरियल का सैम्पल लेकर उसकी लैब टेस्ट करवाने व टेक्निकल टीम से जांच की बात कही।

इसके बाद जिम्मेदार पर बड़ी गाज गिरने की संभावना है। बता दें कि पूरे लाव लश्कर के साथ मझौली गांव के बसकटवा टोले पहुंचे मण्डलायुक्त ने बन रही सड़क की विधिवत जांच किया। उन्होंने सड़क को चार स्थानों पर गइता से खुदवाकर पूरे सड़क निर्माण को बारीकी पूर्वक देखा और खामियों पर जिम्मेदारों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यह सड़क दो हिस्सों में बन रही है, एक खण्ड पूरी हो गयी है, वहीं दूसरी बनाई जा रही है। कमिश्नर ने करीब 50 मिनट तक सड़क पर पैदल ही चलकर जगह जगह खुदाई करवाई और गुणवत्ता का जायजा लिया।

इस मौके पर एडीएम सहदेव मिश्रा, एसडीएम श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा, सतीश शर्मा, प्रमोद यादव, जेई राजेश सिंह, सीओ आशीष मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय, एसआई दिग्विजय सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिविर में किया 40 यूनिट रक्तदान


फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते एनटीपीसी के अधिकारी

**शक्तिनगर**। सीआईएसएफ के स्थापना दिवस के दृष्टिगत रविवार को जन प्रयास फाउंडेशन एवं रेड क्रॉस द्वारा संयुक्त रूप से एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर के संजीवनी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन एचओपी राजीव अकोटकर ने किया। पहले सी एस जोशी एवं अनिता जोशी द्वारा रक्तदान किया गया। इसके बाद सी आई एस एफ के 25 जवानों और अन्य रक्तदाताओं द्वारा 40 यूनिट रक्तदान किया गया।

महाप्रबंधक ओ एंड एम सतीश गुजरानिया, एच ओ एच आर सिद्धार्थ मंडल, डी जी एम एच आर खेतान, नरेश कुमार, एसके सिंह, एंथोनी, प्रकाश मरांडी, अमित अग्रवाल, विनय श्रीवास्तव, चार्ली, डा एम पी मिश्रा, एस डी सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीवनी हॉस्पिटल के प्रभारी मुख्य चिकित्सक डा मिश्रा एवं सिस्टर निर्मला व उनकी टीम की भूमिका रही।

# पुलिस ने कूटरचित नम्बर प्लेट लगी कार किया बरामद, चालक गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



सदर कोतवाली में फर्जी कार व चालक के साथ पुलिस टीम

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को माधोपुर नवीन मंडी के समीप चेकिंग के दौरान कूटरचित नम्बर प्लेट लगे कार चालक को धर दबोचा और चालक को गिरफ्तार कर कोतवाली लाकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। इस दौरान सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आगामी त्यौहार को लेकर सन्दिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग चल रहा था।

मुखबिर से सूचना मिली कि कूटरचित नम्बर प्लेट रजिस्ट्रेशन 1 लगाकर अपनी कार वाराणसी की तरफ से चन्दौली के रास्ते बिहार जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने कूटरचित नम्बर प्लेट लगी कार व चालक गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कार चालक का तलासी किया तो उसके पास से दो अदद कूटरचित जाली आर सी व एक अदद ड्राइविंग लाइसेन्स, दो अदद मोबाइल फोन व 7650 रुपया नगद व गाड़ी का फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र रजिस्ट्रेशन नं0 श्र्प01 क्र् 6385 मिला जिसका सत्यापन ई चालान एप के माध्यम से किया गया तो वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर पर अंकित चेचिस नंबर व इंजन नंबर अलग अलग था। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना नाम गौरव कुमार निवासी डोरन्डा बाजार कंचन स्टूडियो थाना डोरन्डा जनपद रांची झारखण्ड बताया कहा कि 2019 में उक्त वाहन को एजेन्सी से निकलवाया था। जिसके बाद लाक डाउन लग गया। और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नही कराया। इसके बाद वाहन को फर्जी नम्बर प्लेट व अलग अलग गाडियो का कूटरचित आर0सी0 बनवाकर एवं फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर अवैध तरीके से चलाता था। जिसको विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया। इस दौरान एसआई अखण्ड प्रताप सिंह,राजकुमार पाण्डेय,सूरज सिंह, रजनीश मिश्रा, कुलदीप, ओम प्रकाश पाण्डेय मौजूद रहे।

# एएसपी ने सदर कोतवाली का किया निरीक्षण



सदर कोतवाली में रजिस्टर का अवलोकन करते एएसपी विनय कुमार सिंह

**चंदौली।** एएसपी विनय कुमार ने रविवार को मुख्यालय स्थित सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भोजनालय शस्त्र सहित तमाम कागजातों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारियों कर्मचारी अपनी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्यों को अंजाम दे, ताकि किसी प्रकार की आमजन को परेशानी ना हो। एएसपी विनय कुमार कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर उन्होंने तमाम बिंदुओं को बारीकी से देखा और सदर कोतवाल व पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विनय कुमार सिंह ने एक एक रजिस्टर का सत्यापन कार्य को देखा। इस दौरान उन्होंने अभिलेख में सशस्त्र सत्यापन न्यायालय सत्यापन सहित तमाम सत्यापन कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी पारदर्शिता के साथ रजिस्टरों का रखरखाव करें। वही भोजनालय में पुलिसकर्मियों के बनने वाले भोजन के बारे में भी जानकारी ली और पौष्टिक आहार देने का सभी को निर्देश दिया।

# ओवरलोड बालू लदी ट्रक फंसने से लगा जाम



बीच सड़क पर फसी बालू लदी ट्रक

**कन्दवा।** सैयदराजा जमानिया मार्ग पर रविवार को कंदवा चैराहे से ककरैत कंदवा मार्ग पर उतरते समय ओवरलोड बालू लदी ट्रक फंसने से दो ट्रक फंसने से मार्ग पर जाम लग गया। जिसमें मार्ग पर सफर करना वाले लोगों सहित अन्य को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जब ओवरलोड बालू लदी ट्रक का बालू उतारा गया।

तब जाकर मार्ग पर आवागमन सुचारु हो सका। कंदवा चैराहे पर सुबह में एक ओवरलोड बालू लदी ट्रक कंदवा चैराहे पर ककरैत मार्ग में जाने के लिए पिछे जाकर बैक हो रही थी। उसी समय मोड़ पर दैतरा बाबा के चबूतरा में आगे की बोनट जाकर फस गया।

चालक के लाख प्रयास के बावजूद ट्रक नही निकल सका। वाहन पलटने का खतरा भांप चालक ट्रक वही खड़ा कर दिया। जिससे मार्ग पर वाहनों की कतारें लगना शुरू हो गया। बस दो पहिया वाहन किसी तरह पटरी के एक तरफ से निकलते रहें।

## संक्षेप

### गुमशुदा बालक को पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द



कंदवा थाने में गुमशुदा बालक

**कन्दवा।** पुलिस ने शनिवार को दस दिन से गायब गुमशुदा बालक गोपी पुत्र मुन्ना बनवासी को उसके परिजनों को बुलाकर सूपुर्द किया। इस कार्य के लिए थानाध्यक्ष कंदवा शैलेन्द्र प्रताप सिंह की सराहना की गयी। थानाध्यक्ष कन्दवा शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गोपी पुत्र मुन्ना बनवासी निवासी अदसड़ थाना कन्दवा जनपद चंदौली दस दिन से अपने घर से लापता रहा जो शनिवार को तलाशपुर मोड़ से पाया गया।जिसे कंदवा थाना पर लाकर पुंछ ताछ के बाद बताया पता बताया तो वहां के ग्राम प्रधान के माध्यम से उसके समक्ष परिजनों को सुपूर्द किया।बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राम भवन यादव कांस्टेबल शिव कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कि छापेमारी

**डीडीयू नगर।** होली के त्योहार को देखते हुए मिलावट खोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान। इस दौरान मुगलसराय के धर्मशाला स्थित खोवा मंडी में भारी पुलिस बल के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापेमारी किया गया,छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई दुकानदार दुकान बंद कर मौके से फरार हो गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर बाराणसी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि होली त्यौहार को देखते हुए शासन द्वारा दिये गए निर्देश पर डीडी नगर में खोवा मंडी में छापेमारी की गई है। खीवा की दुकानों से 5 सेम्पल लिए गए है। जांच के बाद मिलावट मिलने पर इनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यह भी बताया कि होली का त्योहार चल रहा है, ऐसे में खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावनाएं ज्यादा देखने को मिलती है। जिसको लेकर मिलावटखोरों के खिलाफ यह अभियान लगातार चलेगा। जांच में मिलावट पाई जाती है तो ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और उनका लाइसेंस जप्त कर लिया जायेगा।

### निधन पर शोक

**चन्दौली।** सकलडीहा सेक्टर नंबर 5 से जिला पंचायत सदस्य साहब सिंह की दादी 87 वर्ष का शनिवार की देर रात्रि निधन हो गया। जिनका दाह संस्कार उनके पुत्र चंद्रभान सिंह द्वारा बलुआ घाट पर किया गया। विदित हो कि साहब सिंह मौर्य की दादी कुछ दिनों से बीमार चल रही थी जिनका उपचार निजी चिकित्सालय में चल रहा था। शनिवार की देर रात्रि अचानक उनका ऑक्सीजन लेवल कम हो गया जिसके चलते उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ



कलश यात्रा निकालते ग्रामीण

**कन्दवा।** अमड़ा गाँव में रविवार को स्वामी सुन्दरराज महाराज के नेतृत्व में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के लिए बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमे महिलाओं युवतीयो ने सर पर कलश रख कर गाँव का भ्रमण किया। तथा गंगा जल समाहित जल भर कर देवी देवताओं के यहाँ मत्था टेकते चढते पुनः कथा मंडप में आकर कलश की स्थापना की गयी। इसके साथ ही स्वामी सुन्दरराज जी महाराज के द्वारा कथा का शुभारंभ हुआ। सैकड़ो की संख्या में गाँव की महिलाएँ युवतियाँ नये वस्त्र धारण कर श्रीमद भागवत कथा के मंडप मे इकट्ठा हुई। और कलश में गंगा जल समाहित जल को भर कर सर पे लेकर चली ।व साथ में पुरुष युवा ने पीले रंग की झंडी लेकर गाँव मा कली शिव जी हनुमान रामजानकी डीह बाबा आदि सभी देवी देवताओं का भ्रमण कर माथा टेकते लगभग साढ़े चार घंटे बाद कथा मंडप में पहुँची ।और कलश रखा गया ।तथा वैदिक मंत्रों के साथ कलश की स्थापना किया गया। और कथा की सुरूआत की गयी। मुख्य जजमान यशवंत पाठक,किरन पाठक रहीं इस मौके पर संयोजक शिवबच्चन सिंह ,अर्जुन सिंह, बलराम पाठक, शिवाकन्त सिंह, दिग्विजय सिंह उदय प्रताप सिंह मृत्युन्जय सिह , अंकिता सिंह, निधी सिंह, जया जयसवाल, खुशी, सुनीता, रिंकी, अमीषा, पूजा, रागनी, मुस्कान, उजाला, दिव्यप्रकाश, संतोष, संजय, बिजवन्ती, गायत्री आदि उपस्थिति रहे।

# रेस प्रतियोगिता में अभय सिंह ने जीता गोल्ड व ब्राउजर

**सकलडीहा।** धरहरा गांव के अभय कुमार सिंह ने कनार्टक में 11 वीं नेशलन ड्रेगन बोट रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिसमें पांच सौ मीटर की रेस में गोल्ड और पांच सौ मीटर टीम इवेंट में ब्राउजर मेडल जीता है। जिसे लेकर गांव के युवा खिलाड़ी सहित प्रधान ने बधाई दिया है। भारतीय कयाकिंग केनाइंग संघ द्वारा 11 वां नेशलन ड्रेगन बोट रेस सिनियर और जूनियर महिला और पुरूष का अलग अलग किया गया था। जिसमें धरहरा गांव के अभय सिंह ने विभिन्न खिलाड़ियों के साथ प्रतिभाग किया था। यह प्रतियोगिता 23 से 26 फरवरी के मध्य हुआ था। जिसमें अभय सिंह ने पांच सौ मीटर की रेस में गोल्ड और पांच सौ मीटर टीम इवेंट में ब्राउजर मेडल जीता है। इसके पूर्व में भी अभय सिंह ने कई मेडल राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया है। ग्राम प्रधान श्वेता सिंह, अमित सिंह, नान्हक पांडेय, अमित तिवारी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# लजीज पकवानों व पुरस्कारों संग चहके छात्र

**प्रतियोगिता**

**विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज




चहनियां जॉब्स इंस्टिट्यूट पर पकवान चेक करते प्रभात यादव

**चहनियां** जाब्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी संस्था पर दो दिवसीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने प्रतिभाग कर लजीज पकवानों पर अपना हुनर दिखाया।

इंटर हाउस कुकिंग प्रतियोगिता के प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ी मकुनी-चोखा, महाराष्ट्रीयन खीर, साउथ इंडियन पकौड़े, राजस्थानी चटनी, दही चटनी, चायनीज मंचुरियन राइस, वेज बिरयानी, मटर कचैड़ी,गाजर का हल्वा,टी,सैंडविच,मैगी ,शाही पनीर पुलाव, डोसा, छोले भटूरे और खीर समेत देशी-विदेशी व्यंजनों को बनाकर विद्यार्थियों ने जजों को खूब प्रभावित किया। वही द्वितीय चरण में बाटी-चोखा,मटर पनीर, चाट, मौसमी सब्जियों की मिक्स पकौडी, बेसन की नुक्ती, पापकार्न, मटर का चटपटा नमकीन,सूजी का हलवा,ग्रीन व ब्लैक टी आदि व्यंजन को बेहतर ढंग से बनाकर प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में समाजसेविका डा० सरिता मौर्य ग्रामीण विकास आईटीआई के प्रबंधक मनोज कुमार यादव, मुकेश मौर्य ने न केवल पकवानों का मुआयना किया बल्कि स्वाद भी लिया। प्रतियोगिता में मधु राय की टेस्टी तड़का टोली और राधिका की देसी घर टोली को प्रथम, दीक्षा की तड़का ढाबा टोली को द्वितीय और तीसरे स्थान पर अशोका हाउस के जयप्रकाश और रोशन की मेरी रसोई टोली रही। विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि खड़ेश्वरी स्वामी कॉलेज के प्रबंधक व विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव के पुत्र प्रभात यादव ने संस्था के प्रयास व आयोजन के साथ बच्चो की तारीफ की वही दूसरी ओर बिहार पीसीएस में चयनित फूड ए० सप्लाई इंस्पेक्टर आलोक कुमार ने बेस्ट टेस्टिंग फूड के लिए विशाखा,मोस्ट क्रिएटिव के लिए प्रतिभा,टंग बर्नर के लिए सौरभ यादव व लिप्स्मैकिंग फूड के लिए मिथिलेश राय और आजम को पुरस्कृत किया।

कहा कि आधुनिक युग अपने चरित्र को पवित्र बनाए और अतिआवश्यक जीवन शैली कि ओर कदम बढ़ाने चाहिए रोजमर्रा कि वस्तुए पानी, भोजन, बिजली का सीमित प्रयोग,समय के बदलने से पहले स्वयं को काबिल बना लें वरना समय आपको बदलने मे देर नहीं करेगा। दो परिवारों को जोड़ने और शिक्षित करने वाली बेटी को अवश्य पढ़ाये। प्रतियोगिता को सम्पन्न करने मे संस्था के प्रबंधक पवन मौर्य, अध्यापक गण लक्ष्मीकांत,अजय प्रजापति, अदालत, राहुल सहित रागिनी, रिया, श्त्यांश सिंह, उमाशंकर, त्रिशांत साहनी, वैष्णवी, गुंजन, प्रताप सिंह, आकाश मिथिलेश राय, निदेशक रामवंती देवी ने सभी अथितियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया ।

# बिजली विभाग की टीम ने बकायेदारों के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान

जनसंदेश न्यूज



नगर में चेकिंग अभियान चलाती बिजली विभाग की टीम

**चंदौली।** अवर अभियंता सुनील कुमार के नेतृत्व में रविवार को बिजली विभाग की टीम ने नगर में अवैध बिजली व बकायादारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया इससे बड़े बकायादारों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान टीम ने नगर में दो लाख से ऊपर पांच बकायादारों का कनेक्शन काट दिया। साथ ही हजार से ऊपर बकायेदारों से 20 हजार रुपये की वसूली की गई। वही चार लोगो के घर मे लगे मीटर को बाहर कराया गया। टीम द्वारा कटिया कनेक्शन तथा बाईपास कनेक्शन से विद्युत चोरी करने वालों खिलाफ कार्यवाही भी की गई। जिनका मीटर खराब व डिस्प्ले नहीं आने पर उनका तत्काल मीटर भी लगवाया गया।

अवर अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जितने भी कटिया कनेक्शन या बाईपास कनेक्शन हैं। उन कनेक्शन की चेकिंग की जा रही है। और बिजली के बड़े बकायादारों से वसूली की जा रही है। इसके खिलाफ लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान रामप्रवेश यादव, रामशंकर सोमारू अरसी अंसारी आदि मौजूद रहे।

# ग्रुप सेंटर में नवनिर्मित भवनों का हुआ उद्घाटन

**अवसर**

**ग्रुप सेंटर के संपूर्ण निर्माण से चकिया ही नहीं बल्कि जिले का भी होगा चहुंमुखी विकास**

जनसंदेश न्यूज



नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते मुख्यातिथि

**चकिया।** सोनहुल गांव स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में रविवार कि सुबह नवनिर्मित 3 भवनों का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के मध्य सेक्टर लखनऊ के आईजी जसवीर सिंह संधू और डीआईजी राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सोनहुल गांव में स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर का संचालन वर्ष 2021 से किया जा रहा है।

गृह मंत्रालय द्वारा स्थापित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में स्थाई तौर पर भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पूर्ण हो चुके मेंस क्लब, बैडमिंटन कोर्ट और बिन टाइप मैगजीन का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया इस अवसर पर डीआईजी राकेश कुमार ने कहा कि ग्रुप सेंटर के संपूर्ण निर्माण से चकिया ही नहीं बल्कि जनपद का चैमुखी विकास होगा। एक कैंपस के अंदर आम जनमानस के लिए केंद्रीय विद्यालय ,कैंटीन और हॉस्पिटल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया बैडमिंटन कोर्ट में राज्य स्तरीय इंडोर प्रतियोगिताएं भविष्य में कराई जा सकती है। इस दौरान कमांडेंट राम लखन, उप कमांडेंट अनिल कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह यादव, सहायक कमांडेंट संजीत पांडेय, अविनाश भूषण, विक्रम सिंह पालीवाल सहित तमाम सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पितः हरिवंश

**कार्यशाला**

**संगठन के निर्धारित कार्य को प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से करें**

जनसंदेश न्यूज




**चहनियां।** बृज नंदिनी कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिवंश उपाध्याय ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्य प्रत्येक कार्यकर्ता को पुरी ईमानदारी निर्वहन करें केंद्रीय एवं प्रदेश के नेतृत्व को अपने कार्यकताओं अटल विश्वास है। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता रास्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित है।

कार्यकर्ताओं के बदौलत देश एवं प्रदेश मे राष्ट्रवादियों की सरकार का गठन हुआ कहा कि संगठन का दायित्व है कि बूथ समितीयो को सशक्त बनाना, है। और सरलएप के मध्यम से लोगों को जोड़ना एवँ सत्यापन आदि प्रमुख कार्यों को सम्पादित करना है। इस दौरान जितेंद्र पांडेय, संकठा राजभर योगेन्द्र मिश्र अरुण मिश्रा ,भानु प्रताप सिंह, अरविंद पांडेय ,बनवरी पांडेय अखिलेश अग्रहरी अमन सिंघ मुश्ताक अहमद अभिषेक दिनेश मनोज शशिकला पांडेय नीलम सोनी सिंह बबलू गुप्ता प्रमोद सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन

**कन्दवा।** विकास खण्ड के अमड़ा गांव में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन स्वामी सुन्दरराज महाराज ने भागवत कथा के दौरान श्रोताओं को रसपान कराते हुए कहा कि भागवत की कथा मनुष्य का तो कल्याण करती ही है लेकिन प्रेत भी यदि भागवत की कथा का श्रवण कर लें तो उसका भी कल्याण हो जाता है। जैसे धुंधकारी प्रेत योनि को प्राप्त करने के बाद अपने भाई गोकर्ण के द्वारा भागवत कथा श्रवण किया तो उसका प्रेत योनि से उद्धार हो गया यह भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। संत कृपा से ही संभव हो पाती है या जन्म जन्मांतर का जब पुण्य का उदय होता है तब कहीं भागवत की कथा सुगम हो पाती है। इस अवसर पर बलराम पाठक, शिवानंद सिंह ,शिवकांत सिंह, अर्जुन सिंह, शिवचंद सिंह ,दिग्विजय सिंह, मृत्युंजय सिंह, उदयी सिह राजन सिंह अंकित सिंह अभिषेक सिंह, राजू सिंह सौरभ सिंह राम अवतार सिंह, राज सिंह, रामबचन, सिंह डॉ समरबहादुर सिंह ,पवन सिंह देवकरण सिंह, बब्बन सिंह, वेद प्रकाश सिंह ,विशाल सिंह ,हेमंत सिंह ,रामविलास सिंह, चन्द्रिका सिंह आदि श्रध्दालु उपस्थित रहे।

# ट्रेनों में यात्रा कर रहे लोगों को किया जागरूक

**अभियान**

**आरपीएफ व मानवाधिकार समस्या एव समाधान सहायता संघ ने चलाया अभियान**



यात्रियों को जागरूक करते मानवाधिकार समस्या एवं समाधान सहायता संघ की टीम

**डीडीयू नगर।** रविवार को डीडीयू जंक्शन पर सासाराम के मानवाधिकार समस्या एवम् समाधान सहायता संघ व रेलवे सुरक्षा बल डीडीयू टीम द्वारा स्टेशन के समस्त प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रा कर रहे लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान रेल यात्रियों को अपने यात्रा के दौरान सुरक्षित एव सतर्क रहने और अपने सामान बैग, मोबाईल, लैपटॉप आदि को स्वयं निगरानी रखने,को कहा गया।

साथ ही पॉकेटमारो से सावधान रहने, तथा अनजान लोगों से दोस्ती न करने,सलाह दी किसी सह यात्री द्वारा दिया गया किसी प्रकार का कोई भी खाने पीने का सामान नहीं ले, जिससे नशाखुरानी से बचा जा सके और रेलवे ट्रैक अनाधिकृत रुप से पार न करे।कोई भी संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर आरपीएफ या जीआरपी को तुरन्त सूचित करे। रेल परिसर में जहां तहां गंदगी न फैलाने व हमेशा कूरेदान का इस्तेमाल करने, पोर्टिको एरिया में अपने अपने गाड़ी को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करने तथा रेलवे में कोई भी समस्या होने पर हमेशा रेलवे के टोल फ्री नंबर 139 का इस्तेमाल करने, भूले भटके बच्चो के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 का इस्तेमाल करने व आरपीएफ़ जीआरपी को तुरन्त सूचित करने का सलाह दिया गया। साथ ही साथ सभी यात्रियों को होली पर्व के अवसर पर सभी यात्रियों को बधाई दी गयी। इस दौरान आरपीएफ प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा होली को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज डीडीयू स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों व ट्रेनों में अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया गया।जागरुकता अभियान में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के निरीक्षक प्रभारी श्री संजीव कुमार, महिला आरक्षी अनामिका विस्वास एवम सुनीता मीना,अवर निरीक्षक जेओथराम यादव,सहायक अवर निरीक्षक राकेश सिंह,शमशेर बहादुर सिंह एवम् मानवाधिकार समस्या एवम् समाधान सहायता संघ के डायरेक्टर संजय कुमार गुप्ता एवम राष्टीय सचिव राजेश कुमार गुप्ता एवम शशिवाला कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## पीएसजी के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने किलियन एम्बाप्पे , एडिसन कवानी का तोड़ा रिकॉर्ड

पेरिस। फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे शनिवार को नैनटेस पर 4-2 की जीत के दौरान पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये। एम्बाप्पे ने मैच के इंजरी समय (90+2 मिनट) में मुकाबले का आखिरी गोल किया जो पीएसजी के लिए उनका 201वां गोल था। उन्होंने इसके साथ ही एडिसन कवानी के 200 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस जीत से पीएसजी की टीम लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 247वां मैच खेलने के बाद कहा, जब मैं यहां आया था तब काफी कम उम्र का खिलाड़ी था। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, मैं इतिहास बनाने के लिए खेलता हूं। मैंने हमेशा यह कहा है ।



# 'जहां से करियर शुरू, वहीं खत्म किया', सानिया मिर्जा ने हैदराबाद में खेला फेयरवेल मैच

## सानिया लाल रंग की कार में स्टेडियम पहुंची और कई नामी गिरामी हस्तियों सहित दर्शकों ने तालिया बजाकर उनका अभिनंदन किया

**हैदराबाद।** भारत की महान टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने 'खुशी के आंसुओं' के साथ रविवार को एक खिलाड़ी के तौर पर अपनी शानदार यात्रा का समापन उसी स्थान से किया, जहां से उन्होंने इसकी शुरूआत की थी। सानिया ने लाल बहादुर टेनिस स्टेडियम में प्रदर्शनी मैचों में खेलकर अपने पथ-प्रदर्शक सफर को आखिरकार अलविदा कह दिया जहां उन्होंने करीब दो दशक पहले ऐतिहासिक डब्ल्यूटीए एकल खिताब के साथ बड़े मंच पर अपने आगमन के संकेत दे दिय थे।



इन प्रदर्शनी मैचों में रोहन बोपन्ना, युवराज सिंह और उनकी सबसे अच्छी मित्र बेथानी माटेक सैंड्स शामिल थीं। प्रदर्शनी मैचों को देखने पहुंचने वालों में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन सहित कई हस्तियां शामिल थीं। छत्तीस वर्षीय सानिया लाल रंग की कार में स्टेडियम पहुंची और कई नामी गिरामी हस्तियों सहित दर्शकों ने तालिया बजाकर उनका अभिनंदन किया।

सानिया अपने विदाई भाषण में भावुक हो गयी, उन्होंने कहा कि उनके लिये सबसे बड़ा सम्मान देश के लिए 20 साल तक खेलना रहा है। छह बार (तीन महिला युगल में और तीन मिश्रित युगल में) की ग्रैंडस्लैम विजेता ने दो मिश्रित युगल प्रदर्शनी मैच खेले और दोनों जीते। सानिया ने यहां इस स्थल पर कई यादगार खिताब जीते हैं जिसे किसी उत्सव की तरह सजाया गया जिस पर सेलीब्रेटिंग द लीगेसी ऑफ सानिया मिर्जा जैसे बैनर लगे थे। कुछ प्रशंसकों ने प्लेकार्ड पकड़े हुए थे जिस पर लिखा था, थैंक यू फॉर द मैमोरिज और वी विल मिस यू, सानिया लिखा था।

दर्शकों में ज्यादातर स्कूल के बच्चे थे और जैसे ही सानिया ने कोर्ट में कदम रखा, वे चीयर करने लगे। मैच से पहले सानिया ने कहा, मैं आप सभी के सामने अपना अंतिम मैच खेलने के लिए काफी उत्साहित हूं। पूर्व खेल मंत्री रीजीजू, तेलंगाना के मंत्री केटी रामा राव, अजहरूद्दीन और युवराज स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में शामिल थे। रीजीजू ने कहा, मैं सानिया मिर्जा के विदाई मैच के लिये ही हैदराबाद आया हूं। मैं यहां इतने सारे लोगों को देखकर खुश हूं। सानिया मिर्जा सिर्फ भारतीय टेनिस के लिये ही नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिये भी प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा, जब मैं खेल मंत्री था तो मैं उनके संपर्क में रहता था।

मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनायें देता हूं। सानिया के परिवार के सदस्य और दोस्त भी स्टेडियम में मौजूद थे। मैच के बाद रामा राव और तेलंगाना के खेल मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ ने सानिया को सम्मानित किया। सानिया ने उनकी यात्रा में उनका समर्थन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान 20 साल तक अपने देश के लिये खेलना रहा है। शीर्ष स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मैं ऐसा करने में सफल रही। दर्शकों की हौसला अफजाई को देखकर सानिया भावुक हो गयीं।

उन्होंने कहा, ये खुशी के आंसू हैं। मैं इससे बेहतर विदाई की उम्मीद नहीं कर सकती थी। सानिया ने कहा कि भले ही उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया हो लेकिन वह भारत और तेलंगाना में टेनिस और खेलों का हिस्सा बनी रहेंगी। उन्होंने साथ ही उम्मीद जतायी कि देश से 'कई, कई सानिया' निकलेंगी। अजहरूद्दीन ने सानिया के टेनिस में योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज हम सानिया को शानदार विदाई दे रहे हैं। उन्होंने भारत में महिलाओं के लिये टेनिस में और दुनिया भर में जो किया है, मुझे लगता है कि यह शानदार उदाहरण है। मैं उन्हें शुभकामनायें देता हूं। अजरूहरूद्दीन के बेटे की शादी सानिया की छोटी बहन से हुई है। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि लोग उन्हें और खेलते हुए देखना चाहते थे। लेकिन हर करियर का अंत होता है। मुझे लगता है कि उन्होंने सही फैसला किया है। कई प्रशंसकों ने कहा कि वे सानिया के पेशेवर टेनिस से अलविदा कहने से काफी दुखी हैं।

## जनपद में 1670 होलिकाओं को मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा दहन



**चंदौली।** होली का पर्व होलिका दहन को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। जलने वाली होलिका की तैयारियों को जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थापित होलिका को लेकर विशेष तैयारी की गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील होलिका ओं का भी चिन्हित किया गया है। वहां पर विशेष व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है ताकि होली पर्व पर किसी प्रकार की कोई अपनी घटना ना होने पाए। जनपद में 1670 होलिकाओं का दहन मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से 64 संवेदनशील व 25 अतिसंवेदनशील होलिकाओं को चिह्नत किया गया है। इसे लेकर सुरक्षा के लिए पुलिस बल के साथ पीएसी बलों की भी तैनाती की गई। विभागीय अधिकारियों की माने तो इसे लेकर सभी थानों में बैठक के साथ-साथ पैदल गस भी कर लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का आह्वान किया है। साथ ही समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है। कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रयास करें। वहीं डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसपी अंकुर अग्रवाल ने बैठक कर गत दिनों संभ्रांत नागरिकों को निर्देश दिया कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा इसके लिए बिना परमिशन के अगर कोई डीजे बजाता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एएसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सभी थानों पर बैठक कर संभ्रांत नागरिकों को साथ निर्देश दिया गया कि शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाएं।

## जीत के बाद हरमनप्रीत कौर बोलीं- कप्तानी का दरोमदार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए करता है प्रोत्साहित

**नवी मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती मुकाबले में अपने बल्ले से चमक बिखेरनी वाली मुंबई इंडियन्स की हरमनप्रीत कौर ने कहा कि कप्तानी का दरोमदार उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हरमनप्रीत ने शनिवार को केवल 30 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली जिसमें 14 चौके शामिल थे। उन्होंने इसके साथ ही एमिलिया केर (24 गेंदों पर नाबाद 45 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई ने पांच विकेट पर 207 रन बनाने के बाद गुजरात जायंट्स की पारी को महज 64 रन पर समेट कर 143 रन की बड़ी जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने मैच के बाद बाद कहा कि पिच से जल्दी से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम की जीत के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, किसी भी मैच में आप यह सोच कर मैदान पर नहीं उतरते की यह एकतरफा मुकाबला होगा। आप हमेशा इस मानसिकता के साथ आते हैं कि आप विरोधी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। हमारे गेंदबाजों ने जो किया वह काबिले तारीफ था। मुझे लगता है कि हमें अच्छी शुरूआत मिली और जब ऐसा होता है तो आप इसे जारी रख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारी गेंदबाजी के



दौरान लगभग सभी गेंदें सही जगह टप्पा खा रही थी। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो यह पता लगाने में सक्षम थे कि किस क्षेत्र में गेंदबाजी करनी है। हमारे गेंदबाजों ने परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाया इस लिए यह एकतरफा मुकाबला लग रहा था। दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा, जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, तब से मैं टीमों की कप्तानी कर रही हूं। इससे मुझ पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं आता है बल्कि यह मुझे मैच से अधिक जुड़ा हुआ महसूस कराता है। इससे मुझे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। गुजरात जायंट्स की उपकप्तान स्नेह राणा ने कहा कि उनकी टीम को मुंबई ने हर विभाग में पछाड़ दिया लेकिन उन्हें अपना आत्मविश्वास बनाये रखना है। उन्होंने कहा, यहां माहौल काफी अलग था और यह कई खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मैच था। हमारे पास घरेलू स्तर के काफी खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, हमसे क्षेत्ररक्षण में कई बार चूक हुई और इसने आज के मैच में अहम भूमिका निभाई। मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए एक सबक है। कुछ खिलाड़ी जल्दी से माहौल में घुल जाते हैं, लेकिन कुछ लोग अपना समय लेते हैं। उन्होंने कहा, हम इस मैच में हुई गलतियों के बारे में बात करेंगे। लेकिन हमने सभी खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि उन्हें हर समय अपना आत्मविश्वास बनाये रखना है। टूनार्मेंट अभी शुरू हुआ है, हमें हौसला बढ़ाने की जरूरत है। हम और मजबूती से वापसी करेंगे।


## बॉलीवुड न्यूज

### चांदनी और रोशनी पहुंची सिद्धिविनायक रिद्धि सिद्धि मंदिर



**मुंबई।** चाशनी शो में चांदनी और रोशनी की भूमिका निभा रहे अमनदीप सिद्धू और सृष्टि सिंह अपने नए मसलेदार शो चाशनी के लिए रिद्धि-सिद्धि का आशीर्वाद लेने के लिए सिद्धिविनायक रिद्धि सिद्धि मंदिर गए। अमनदीप सिद्धू और सृष्टि सिंह अपने-अपने किरदारों की वेशभूषा में नए वेंचर की शुरूआत से पहले सिद्धिविनायक रिद्धि सिद्धि मंदिर पहुंचे और शो की शानदार सफलता हासिल करने के लिए प्रार्थना की। दोनों बहनें अपने नए शो चाशनी में सास बहू बनीं हैं, ऐसे में दोनों सुरक्षा के बीच सिद्धिविनायक रिद्धि सिद्धि मंदिर में स्पॉट हुईं। अमनदीप और सृष्टि ने अपने प्रशंसकों का अभिवादन किया और उनके नए शो चाशनी के लिए प्यार बरसाने की कामना की।स्टार प्लस भारतीय टेलीविजन पर अब तक का सबसे मसालेदार शो लेकर आया है, जिसका नाम चाशनी है, जो अपने नाम से उलट है और ढेर सारे मसालेदार मनोरंजन से भरपूर है। यह शो दो बहनों चांदनी और रोशनी के बीच एक असामान्य और उलझे हुए रिश्ते पर आधारित है, जो सास बहू बन जाती हैं। चाशनी में अमनदीप सिद्धू, सृष्टि सिंह और साईं केतन राव मुख्य भूमिकाओं में हैं। शो का निर्माण संदीप सिकंद के सोल प्रोडक्शन द्वारा किया जा रहा है। यह शो 9 मार्च रात 11 बजे से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।इस नए शो के साथ स्टार प्लस एक नई और मसालेदार कहानी के जरिए भारतीय टेलीविजन में अपना लेवल और बढ़ा रहा है, जो दो बहनों पर बेस्ड है, जो बाद में सास-बहू बन जाती है। बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न्स से भरपूर, स्टार प्लस दर्शकों के लिए एक नई कहानी लाने वाला है, जो इस नए शो चाशनी के साथ टेलीविजन पर पहले कभी नहीं देखी गई है।इस शो में अमनदीप सिद्धू, चांदनी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक फायर फाइटर है, जबकि रोशनी भी एक रिबेल है। शो में एक घटना ने उनके इक्वेशन और रिश्ते से जुड़ी पूरी दुनिया बदल दी है।

### बालवीर को मिल रहा दर्शकों का भरपूर प्यार



**इंदौर।** फेंटेसी टेलीविजन शो बालवीर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। डीडी फ्री डिश पर मौजूद द क्यू टीवी पर अपनी वापसी के साथ, बालवीर एक बार फिर दर्शकों को टीवी सेट्स से चिपके रहने पर मजबूर कर रहा है। द क्यू टीवी पर 26 फरवरी से शुरू हुए, सात परियों की अद्भुत शक्तियों से भरपूर, देश के एकलौते चाइल्ड सुपरहीरो बालवीर की कहानी, अपने दिलचस्प किरदारों, बेहतरीन स्टोरी लाइन व सुपरहिट एक्शन से बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी मनोरंजित कर रही है। इस बारे में बात करते हुए क्यू टीवी के प्रोग्रामिंग हेड आशुतोष बर्वे ने कहा, "क्यू टीवी पर अपने दर्शकों के लिए बालवीर को लाने पर हम बेहद उत्साहित हैं। बालवीर देश के सबसे प्यारे चाइल्ड सुपरहीरो हैं। प्रत्येक एपिसोड में सुपर रोमांच, दमदार एक्शन, कॉमेडी, स्पेशल इफेक्ट्स और इमोशन मौजूद है। कुल मिलाकर इस शो में वह सब कुछ है जो दर्शकों को पसंद आता है। बालवीर खलनायिका भयंकर परी की दुष्ट योजनाओं से लड़ेगा और प्रत्येक एपिसोड में यह देखना दिलचस्प व रोमांचक होगा कि बालवीर खलनायकों को कैसे हराता है।

## देशभक्ति के रंग में डूबा बड़गावां गांव में आयोजित मुशायरा व कवि सम्मेलन

**कवि सम्मेलन**

### कौमी यकजहती फाउंडेशन के तत्वावधान में आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन संम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**शहाबगंज।** एकता अम्न की पहचान ना खोने देंगे,बीज नफरत और अदावत के न बोने देंगे। देश के हिन्दू और मुसलमानों ने खाई है कसम,कुछ भी हो देश को बर्बाद ना होने देंगे समर गाजीपुरी के गीत पर लोग झूम उठे तो ऐसे ही देशभक्ति,शेरो-शायरी,श्रृंगार रस एवं हास्य-व्यंग की कविताओं का लुत्फ क्षेत्र के बड़गावां गाँव में शनिवार को देरशाम कौमी यकजहती फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में श्रोतागण रविवार की भोर तक उठाते रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि इंजीनियर अब बकर सिद्दीकी ने फीता काटकर किया।

इसके बाद कवियों के शानदार प्रस्तुति ने लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कवि गुलजार अहमद ने नफरत की दुकानों में कहा बिकती है मोहब्बत,दिल देके देखो मुझको,तुझे प्यार मिलेगा।

कवि झगडु भैया ने कहा कि जिन बवण्डर भरम क उड़ा वल करा,सूर्य के चंद्रमा जिन बतावल करा,होया मंदिर में चाहे मस्जिद मे तू एक प्रेम दियना जलावल करा। नूर बनारसी ने कहा कि नेता बिकता है। बोलो खरीदोगे अच्छा बिकता है। बोलो खरीदोगे।कवि बंधु पाल ने कहा फूल गुलदस्ता में जब सजावल जाएगी केकरे केकरे नजर से बचावल जाई।मेरठ से आए दानिश ने कहा कि हो गया सर कलम तेरे इस बात पर जुल्म के आगे सर जो झुकाया नहीं। हिना अंजुम इलाहाबाद ने कहा कि किताबे इश्क हूँ तेरी मुझे पढ़ सामने आकर मेरे महबूब छुप छुप कर मेरा दीदार मत करना। अतीक नजर ने कहा की आसमा देख के हैरान न हों,ये सिमट जाएगा धीरे धीरे। शाइस्ता सना धानपुर ने कहा कि वादा करती हू कुछ भी है जाए मैं सदा गम में मुस्कुराउंगी।

रेहान हाशमी ने कहा जब जब वतन ने मांगा लहू हमने दिया रोजा नमाज जैसे इबादत के वास्ते गंगा तेरे पानी से वजू हमने किया है। इस दौरान इंजीनियर अबू बकर सिद्धकी, प्रधान संघ अध्यक्ष गुलफाम अहमद उर्फ मिक्कू, कयूम खान, मुस्ताक खान, अलाउद्दीन, अब्दुल समद, अरशद फौजी,दानिश बीडीसी, रिंकू, शाहनवाज, प्रदीप जायसवाल, केसरी नंदन जयसवाल,उपेंद्र मिश्र, फुजैल खान, अनीस खान, इबरार, आदि लोग उपस्थित थे। कवि सम्मेलन का संचालन समर गाजीपुरी ने किया।



बड़गावां गांव में आयोजित मुशायरा में मुशायरा सुनाती अदाकारा

## खरीदारी को लेकर उमड़ी भीड़, लगा जाम

**सकलडीहा।** होली की खरीदारी को लेकर कस्बा में दोपहर बाद अचानक भीड़ उमड़ने से सकलडीहा अलीनगर तिराहा पर वाहनों की लम्बी कतार लग गया। जिसके कारण घंटो राहगीर परेशान रहे। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद जाम से लोगों को निजात दिलाया। आरोप है कि कस्बा और मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के साथ दुकान के सामने वाहन खड़ा होने से जाम की समस्या बनी हुई है। होली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार पुलिस प्रशासन को चक्रमण करने का निर्देश है। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस जाम और भीड़ की समस्या को लेकर अनजान बने हुए है। होली की खरीदारी को लेकर दोपहर बाद अचानक भीड़ उमड़ने से सकलडीहा अलीनगर तिराहा पर वाहनों की लम्बी कतार लग गया। जिससे चंदौली सैदपुर मार्ग से लेकर कस्बा के भीतरी बाजार में सड़क पर दोनों ओर भारी भीड़ हो जाने से लोग परेशान थे। जाम की समस्या को लेकर वाइक सवार में विवाद होने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि होली की खरीदारी को लेकर थोड़ी देर के लिये जाम की स्थिती होगया था। आवागमन शुरू करा दी गयी है।



कस्बा में जाम से परेशान राहगीर

### मीना बाजार को लेकर आवागमन होता है प्रभावित

सकलडीहा अलीनगर मार्ग पर मीना बाजार लगता है। जहां सैकड़ों छोटी दुकाने विभिन्न प्रकार की सामान बेचने के लिये आते है। प्रत्येक दुकानदारों से दो सौ से पांच सौ रूपया लिया जाता है। लेकिन मीना बाजार संचालक द्वारा मेला से लेकर सड़क तक सुरक्षा का कोई इंतजाम नही किया गया है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सीओ राजेश कुमार ने किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया है।

### लाखों खर्च के बाद भी गंदगी के अंबार से पटा सकलडीहा सरोवर

**सकलडीहा।** केन्द्रीय मंत्री व सांसद के प्रयास से पर्यटन विभाग की ओर से सकलडीहा कस्बा की प्राचीन सरोवर का लाखों रुपए खर्च करके सुंदरीकरण किया गया। लेकिन पंचायत विभाग की लापरवाही के कारण सरोवर की घाट की साफ सफाई नही होने से गंदगी के अंबार से पटा हुआ है। ग्रामीणों ने समस्या का निदान कराने की मांग उठाया है। केन्द्रीय मंत्री के प्रयास से कस्बा के प्राचीन शिव सरोवर पर पूर्व में पिछले माह लाखों रुपए खर्च करके सरोवर और घाट का निर्माण कराया गया था। जिससे सरोवर पर सुबह शाम लोगों का आवागमन बनी रहे। लेकिन पंचायत विभाग की लापरवाही के कारण सरोवर के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जबकि कई बार ग्रामीणों ने मूर्ति विसर्जन के बाद सरोवर और घाट की साफ सफाई की मांग किया। लेकिन विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या को लेकर मौन साधे हुए है। कस्बा के व्यापारी नेता गोबिंद सोनकर, राजीव पांडेय, संतोष रस्तोगी सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सरोवर की नियमित साफ सफाई कराने की मांग किया है।

## प्रमुख ने ब्लॉक अधिकारी व कर्मचारियों को किया सम्मानित

**चहनियां।** ब्लाक प्रमुख कार्यालय में शनिवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे दो दिन पूर्व हुए मुख्यमंत्री शादी समारोह को ब्लाक कर्मियों द्वारा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए खण्ड विकास अधिकारी सहित सभी कर्मियों को अंगवस्त्रम व मिष्ठान देकर ब्लाक प्रमुख ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर 1जनवरी बुधवार को मुख्यमंत्री शादी समारोह आयोजित हुई थी। जिसमे 46 नवदम्पति दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे थे। एक दिन पूर्व खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में शादी की तैयारी 24 घण्टे हरिकीर्तन का आयोजन हुआ था।

ब्लाक कर्मियों द्वारा घर की तरह समय समय पर भोजन नाश्ता चाय आदि की ब्यवस्था की गयी थी। वैसे तो खण्ड विकास कार्यालय में कई बार मुख्यमंत्री शादी समारोह का आयोजन हुआ किन्तु इस बार ब्लाक प्रमुख के दिशा निर्देश पर भव्य शादी समारोह आयोजित हुई। शादी समारोह भव्य ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए ब्लाक प्रमुख ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें खण्ड विकास अधिकारी से लेकर सभी ब्लाक कर्मियों को अंगवस्त्रम व मिष्ठान देकर समान्नित किया। इस दौरान प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि इस बार हर बार की अपेक्षा ब्लाक कर्मियों द्वारा शादी समारोह अच्छे ढंग से सम्पादित किया गया। सभी कर्मियों का सहयोग अच्छा रहा ।इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता,सन्तोष मिश्रा,अनीस सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजन सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी आनन्द यादव,मनोज कुमार,विद्या यादव,अर्चना वर्मा,दीना नाथ यादव,प्रधानपति सतीश गुप्ता,प्रधान सत्येंद्र सिंह, नरेंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।



ब्लॉक परिसर में प्रमुख कार्यालय पर सम्मानित होने के बाद प्रमुख व कर्मी

# होली नजदीक आते ही बाजारों में सज गयीं दुकानें


बाजार में पिचकारी और मुखौटों की खरीदारी करते लोग


खाद्य सामग्री की खरीदारी करती महिलाएं

**त्योहार**

### तैयारी जोरों पर, पिचकारी के आलावा घोस्ट मुखौटों की बढ़ी मांग

### युवाओं पर चढ़ने लगा रंगों का खुमार, मिठाई की दुकानों पर खरीदारों का जमावड़ा

**जौनपुर।** रंगों के पर्व होली त्योहार का खुमार सभी के सिर चढ़कर बोल रहा है। बाजार में हार्मफुल रहित ईको फ्रेंडली रंग उपलब्ध हैं। तरह-तरह के रंग गुलालों से बाजार पटा पड़ा है। एक तरफ पिचकारियों की वेरायटी बच्चों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ घोस्ट मुखौटे चर्चा का विषय बने हुए हैं इसकी भी लोकप्रियता व मांग देखी जा रही है। मिठाई की दुकानों पर खरीदारों का जमावड़ा कुछ दिन पहले से ही देखने को मिल रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण लोग गुझिया ऑर्डर देकर बनवा रहे हैं। शुगर फ्री से लेकर चाशनी में डूबी हुई गुझियो की डिमांड लोगों में है। तरह-तरह के नमकीन, पापड़, चिप्स आदि कि दुकानों पर भी ग्राहक उमड़ रहे हैं।

बाजार में पिचकारियों के साथ अलग प्रकार के मुखौटे व नकली रंगीन बाल, बड़ा चश्मा, लोगों की पहली पसन्द बन चुका है। बाजार में छोटे बच्चों के लिये प्रेशर पिचकारी, पाइप पिचकारी, खिलौना तथा पिट्ठू बैग के साथ डोरेमोन, मोटू पतलू, सुपरमैन, एवेन्जर, स्पाइडर मैन, मिकी माउस पिचकारी उपलब्ध है। जिसकी अनुमानित कीमत 20 रूपये से लेकर 500 तक है। इसी कई तरह युवाओं के पसन्द की मुखौटे की एक अलग पहचान है जिसमें भूतों का मुखौटा, ड्रैगन मुखौटा प्रमुख है। रंगीन नकली बालों की काफी खींच है जिसकी कीमत बाजार में 100 रूपये से लेकर 200 रूपये तक है। रंग व गुलाल के बिना होली अधूरी है। बाजार में कलर स्प्रे, कलर फाग, मैजिक आई बैलून कलर के साथ हर्बल अबीर लोगों की पहली पसन्द बनी हुयी है जो बाजार में 20 रुपए से लेकर 50 रु0 प्रति 100 ग्राम उपलब्ध है। सुगन्धित कलर की कीमत बाजार में अलग-अलग है जो क्वालिटी के अनुसार बिक रही है। जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे खरीददारी में तेजी आती जा रही है।

## एटीएम बदल कर ठगी का सिलसिला जारी

**केराकत।** यूनियन बैंक के एटीएम के पास ठगों का गिरोह सीधे साधे उपभोक्ताओं को देख उनके एटीएम को बदल कर रुपए निकाल ले रहे है। शनिवार को कुसैला निवासी आरती देवी का एटीएम बदलकर 18 हजार तो एक दिन पूर्व पूरनपुर निवासी कमलेश प्रजापति का 44 हजार रुपए निकाल लिये गये। घटना हो जाने के बाद पीड़ित थाने के चक्कर काट रहे हैं।

## भरण पोषण का वारण्टी गिरफ्तार

**सुइथाकला।** परिवार न्यायालय का वारण्टी व चौकी क्षेत्र के जमदरा गांव निवासी अमजद खान 35 पुत्र वली मोहम्मद रविवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय को भेज दिया गया। बताया जाता है कि उक्त वारण्टी पत्नी के भरण पोषण का बकाएदार था। रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान वह चौकी प्रभारी सुनील कुमार व हमराहियों के हत्थे चढ़ गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा उसे न्यायालय भेज दिया गया।

# डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर होगी कार्रवाई : एसडीएम


शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते एसडीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**पवांरा।** होली व शब-ए-बरात त्योहार के मद्देनजर रविवार को थाना प्रांगण में एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया व सीओ अतर सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों संग शान्ति-समिति की बैठक आयोजित की गयी।

इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को होली पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का आह्वान किया गया। हिदायत दिया कि अपने बच्चों को होली के दिन नशे में होने पर मोटरसाइकिल न चलाने की सलाह दें। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने कहा कि होली के दिन डीजे पर अश्लील व भड़काऊ गाने बजाने पर कार्रवाई की जायेगी। कोई हुड़दंग करता है तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। सीओ ने कहा होली के दिन महिलाओं व लड़कियों को जबरदस्ती रंग नहीं लगायेंगे और न ही शराब पीकर अभद्रता करेंगे। शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्जकर सीधे जेल भेजा जायेगा। थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने कहा कि होली के दिन सभी जगह पुलिसबल तैनात रहेगी। लोग अपने-अपने घरों, गांवों में प्रेम तथा स्नेह पूर्ण से त्योहार मनायें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक बासदेव प्रसाद, उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक मंजय यादव, दीवान लक्ष्मण यादव, गेंदा सिंह, ग्राम प्रधान शिवाकान्त तिवारी, विजय यादव, प्रधान प्रेमबिहारी यादव, विक्रम त्रिपाठी, अमरजीत पटेल, सुरेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**



**सुइथाकला।** पूरा संभलशाह गांव में शुक्रवार की शाम विवाहिता का शव कमरे में संदिग्ध स्थिति में दुपट्टे से फंदे के सहारे लटका पाया गया था। पुलिस ने शनिवार की रात मायके पक्ष की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। इसमें आरोपित के तौर पर पति, ससुर व ननद को नामजद किया गया है। फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

गांव निवासी कुलदीप रजक ने दो वर्ष पूर्व सुल्तानपुर की 22 वर्षीय अंतिमा से प्रेम विवाह किया था। कुलदीप रोजी-रोटी के सिलसिले में सूरत (गुजरात) रहता है। अंतिमा घर पर ससुर अच्छेलाल, ननद पूजा व उसके दो वर्षीय बच्चे के साथ रहती थी। सास का पहले देहांत हो चुका था। शुक्रवार को दोपहर अंतिमा ननद के बच्चे को लेकर अपने कमरे में चली गई। देर शाम कमरे से बच्चे के लगातार रोने पर स्वजन ने अंतिमा को आवाज लगाई। दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। ससुर किसी तरह कुंडी तोड़कर कमरे में गए तो दुपट्टे से फंदे के सहारे अंतिमा का शव लटका मिला। खबर दिए जाने पर पुलिस के साथ ही मायके से मृत अंतिमा के पिता देवी प्रसाद, भाई विजय आदि आ गए। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि भाई विजय की तहरीर पर शनिवार की रात दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपित के तौर पर ससुर, पति व ननद को नामजद किया गया है। आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कृष्णानगर बाजार से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग रविवार भोर में गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में आरोपित शुभम यादव पुत्र अवध राज निवासी अमिलिया सानी कृष्णानगर बाजार में भागने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने तत्परता से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में होली व शब-ए-बरात पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनों पर्व पर बिजली पानी व साफ-सफाई पर विस्तार से चर्चा की गई। होलिका दहन व शब-ए-बरात एक ही रात को पड़ने पर सभी नगर वासियों से अपील किया कि दोनों समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार को सम्पन्न करायें नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन को लेकर किसी भी तरह का यदि विवाद होता है तो स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ल ने सभी नगर वासियों व ग्रामीण अंचलों से आए संभ्रांत लोगों से अपील किया कि होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए। नगर में होली खेलने के दौरान कपड़ों को फाड़ कर बिजली के नंगे तारों पर न फेंके इससे अप्रिय घटना हो सकती है। होली के दिन बच्चों को बाईक तभी दे जब बहुत ही जरूरी काम हो अन्यथा मत दें। बैठक में मुख्य रूप से अत्ताउल्लाह खान, श्याम बाबू सेठ, राजेश लोहिया, राजकुमार शर्मा, गौरी शंकर सोनकर, कफील अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# होली पर मिलावटी और अवैध शराब को लेकर अभियान शुरू

**आबकारी विभाग ने प्रशासन व पुलिस के साथ दुकानों की ली तलाशी**



**पवांरा।** आबकारी आयुक्त उत्तर-प्रदेश द्वारा होली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान एवं जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में रविवार को एसडीएम राजेश चौरसिया, सीओ अतर सिंह व आबकारी इन्स्पेक्टर मछलीशहर इन्द्रजीत कुमार द्वारा संयुक्त रुप से मछलीशहर तहसील अन्तर्गत आने वाले समस्त देशी शराब, विदेशी शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानदारों को सख्त हिदायत दिया गया कि दुकान पर भीड़ नहीं लगनी चाहिए। किसी प्रकार की मिलावटी व अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए तथा ओवर रेटिंग न किया जाय, जो रेट निर्धारित है उसी रेट पर बिकना चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। होली पर्व के दिन मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी और इस दौरान कहीं दुकान खुली पायी गयी तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस चेकिंग अभियान से दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा।

## संक्षेप

### घर में घुसी अनियंत्रित पिकअप, चार घायल



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाने से चंद कदम दूर खरका तिराहे के पास रविवार को एक अनियंत्रित पिकअप दीवार को तोड़ते हुए एक घर में जा घुसी। इस हादसे में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजने के बाद ड्राइवर को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार खरका तिराहे के पास एक ऑनलाईन डिलेवरी करने वाली एक कम्पनी की पिकअप का ड्राइवर अपने साथी को गाड़ी चलाना सिखा रहा था। इसी बीच गाड़ी अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गई जिसकी चपेट में आने से जगदीश कुमार पुत्र सोमारू उम्र 55, नीरज कश्यप पुत्र जगदीश 40, उमा देवी पत्नी जगदीश 50 घायल हो गई। पास में खड़ी दो बाइक भी छतिग्रस्त हुई है।

### होली महोत्सव में रासलीला देखकर ग्रामवासी मंत्रमुग्ध


कार्यक्रम को सम्बोधित करते भाजपा नेता अजय शंकर दुबे

**सुजानगंज।** अरुआ में संस्कृत मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जनपद के स्वयंसेवी संगठन मानव सेवा कल्याण संस्थान के बैनर तले दो दिवसीय होली महोत्सव का आयोजन 4 से 5 मार्च तक आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अजय शंकर दुबे ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान कलाकारों द्वारा होली संगीत, रासलीला और हास्य रस की प्रस्तुति की गई जिसे देखकर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामवासी झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पांडेय और जितेंद्र पटेल ने किया। इस दौरान मानव सेवा कल्याण संस्थान के सचिव कन्हैया लाल सोनी ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से हमारी संस्था ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया। उन्होंने होली के पर्व की विशेषता बताते हुए लोगों से शांतिपूर्वक होली मनाने का निवेदन भी किया और कहा कि आगे भी अपने भारत देश की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन भारत सरकार के सहयोग से अन्य जगहों पर भी किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष रमेश चंद्र विश्वकर्मा, लाल बहादुर पटेल, बेन बहादुर पटेल, राजेश चौरसिया, विकास मिश्रा, ग्राम प्रधान देवमणि पटेल, राजन सेठ, सुरेश सरोज, फूलचंद सरोज, सुनील चौरसिया और थानाध्यक्ष जलालपुर मयफोर्स फोर्स के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### शोक सभा का किया आयोजन

**मुफ्तीगंज।** यूपी वर्किंग जनर्लिस्ट यूनियन केराकत इकाई के तहसील अध्यक्ष डा. एसडी सिंह की अध्यक्षता में यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्रा की माता के निधन पर शोक सभा आयोजित की गयी जिसमें दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गयी। इस मौके पर रामनाथ यादव, जगदीश, गुप्त, राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, सुधीर यादव, मिथलेश गुप्त, अजय दूबे, नवीन सिंह, अमित सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांग किसान की चार बीघा सरसों की फसल काट ले गए दबंग



**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित लासा गांव में सरसों की खड़ी फसल को रात में पड़ोस के दबंग काट ले गए जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

लासा गांव निवासी अशोक विश्वकर्मा पुत्र पारसनाथ विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि उनकी 4 बीघा खेत में खड़ी सरसों की फसल को गांव के ही बंशराज पाल पुत्र राम अभिलाष ने रात में काट लिया है। डायल 112 व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षो को थाने लेकर चली गई। अशोक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि गांव के बंशराज पाल ने फर्जी कागजात तैयार कर न्यायालय को गुमराह कर रहे है। रात में खेत में खड़ी सरसों की फसल को काट ले गए।

वही बंशराज पाल का कहना है कि वह जमीन का बैनामा लेकर खेत में सरसों की बुआई कराई थी। फसल तैयार होने पर काट लिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि विवादित भूमि में खड़ी फसल रात में चोरी से काटना प्रथम दृष्टया अपराध की श्रेणी में आता है। सच्चाई का पता कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ढुलमुल रवैए से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## सामूहिक रास्ता रोके जाने का लगाया आरोप

**प्रार्थना पत्र देकर की कार्रवाई की मांग**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के कुकूहां गांव के एक व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर सामूहिक रास्ता रोके जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है।

उक्त थाना क्षेत्र के कुकूहां गांव के निवासी वीरेंद्र कुमार ने गांव के ही चुन्नी लाल व उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर सामूहिक रास्ता रोके जाने का आरोप लगाते हुए रविवार को थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। वीरेंद्र कुमार का आरोप है कि चुन्नी लाल व उनके परिवार के अन्य सदस्य द्वारा उक्त सामूहिक रास्ते से आने-जाने पर रोकते हैं। मना करने पर वह लोग झगड़े व मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। इसी रास्ते को रोकने के वजह से एक बार पूर्व में भी विवाद हो चुका है। वीरेंद्र कुमार ने पुलिस से उक्त प्रकरण को सुलझाने के लिए गुहार लगाई है। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि मामले की जानकारी मिल गयी है। दूसरे पक्ष को बुलवाया गया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डीजे पर नहीं बजेंगे उन्माद फैलाने वाले गाने

**जनसंदेश न्यूज**


शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते एसपी सिटी

**खेतासराय।** एसपी सिटी बृजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में रविवार को थाना परिसर में होली और शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसमें सख्त निर्देश दिया गया कि होली जुलूस में उन्माद फैलाने वाले गाने डीजे पर नहीं बजेंगे। बैठक में बिजली पानी और और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा भी छाया रहा।

एसपी सिटी ने सख्त लहजे में कहा कि अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। होली जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था का आश्वासन दिया। बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से छह इंस्पेक्टर, चार निरीक्षक, आठ सब इंस्पेक्टर, एक प्लाटून पीएसी, 11 महिला आरक्षी के अलावा क्यूआरटी और फायर ब्रिगेड की अतिरिक्त व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने होली और शब-ए-बारात का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की लोगों से अपील की।

लोगों की मांग पर नगर में साफ सफाई और समय पर बिजली, पानी उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में सीओ चोब सिंह, थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह, मानीकला के चौकी प्रभारी सकलदेव सिंह, पूर्व चेयरमैन वसीम अहमद, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, मो. असलम, संजय कुमार विश्वकर्मा, कपूर चंद्र जायसवाल, मो. असलम खान, डा. उमाशंकर, विक्की साहू, मो. सलीम, मतलूब अहमद, शक्ति यादव, कृपाशंकर राजभर, महमूद खान, बाबर आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया, नेक कार्य

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्यक्रम**

### अतरही गांव में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

### पाच सौ से अधिक जरूरतमंदों का हुआ उपचार


निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

**करंजाकला।** विकासखंड के अतरही माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्व. त्रिभुवन सिंह की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घघाटन जफराबाद के पूर्व विधायक डा. हरेंद्र सिंह ने किया।

पूर्व विधायक ने कहा कि असहाय जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म होता है। सरकार भी ग्रामीण स्तर तक बहुत स्वास्थ सुविधाएं चला रही है। विशिष्ट अतिथि मड़ियाहू विधायक डॉ. आरके पटेल ने कहा कि स्व. त्रिभुवन सिंह समाजसेवी व उद्योगपति के रूप में जाने जाते थे। हमेशा जरूरतमंदो की मदद किया करते थे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा नेता सुनील यादव मम्मन ने स्व. त्रिभुवन सिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विशाल स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा मिल जाती है। त्रिभुवन हॉस्पिटल की ओर से समय-समय पर गांव के एक बड़े तबके के लोगों को इलाज में मदद मिलती रहती है। स्वास्थ्य मेले में पांच सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गयी जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जयेश सिंह, फिजीशियन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. स्पृहा सिंह, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. उत्पल सिंह, आर्थो विशेषज्ञ डॉ. उत्तम सिंह, डॉ. रजनी चौरसिया, डॉ. एनके यादव, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. अभय सिंह, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. शशिकांत, डॉ. ममता यादव, डॉ. गौरव प्रकाश मौर्य समेत मौजूद अन्य चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले का संचालन सलमान शेख व संयोजक नितेश सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. जयेश सिंह, डॉ. स्पृहा सिंह, डॉ. आशीष कुमार सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्याम कन्हैया सिंह, राधेश्याम पांडेय, डा. एके तिवारी, पीएन सिंह, दिनेश चंद शर्मा, संकठा प्रसाद पांडेय, लाल साहब सिंह, सुभाष यादव, वैज्ञानिक धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, बृजभुवनन सिंह, कुमरेंद्र प्रताप सिंह, वेदप्रकाश सिंह, राहुल सिंह मौजूद रहे। अंत में सबके प्रति आभार डॉ. जयेश सिंह ने व्यक्त किया।

## होली के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने लिया नमूना

**केराकत।** होली का त्योहार आते ही खाद्य विभाग की टीम ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई हेतु नगर व आसपास के बाजारों में अभियान चलाकर आधा दर्जन दुकानदारों से नमूना लेकर सील कर उसे जांच हेतु भेज दिया। वहीं खाद्य विभाग की टीम की छापेमारी की सूचना पर मिलावटखोरों में खलबली मची रही।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी तुलिका शर्मा ने बताया कि आगामी त्योहार को देखते हुए विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान छेड़ा है। केराकत नगर, थानागद्दी व पराउगंज बाजार से आधा दर्जन दुकानदार पवन गुप्ता, भोलाराम, व्यास यादव, सुनील कुमार गुप्ता, उमाकांत सिंह व जितेन्द्र कुमार के दुकानों से खोवा, नमकीन, वनस्पति घी, मिल्क शेक के नमूने लेकर सीज किए गये। अब इसे जांच हेतु भेजा जाएगा। खाद्य विभाग की टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल राय, देवेश यादव, सुधीर राय, राजेन्द्र कुमार आदि रहे।

# शराब की ओवर रेटिंग को लेकर एसडीएम ने चेताया


शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की जांच करती एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा

**जनसंदेश न्यूज**

**गौराबादशाहपुर।** होली पर्व को देखते हुए बढ़ी हुई शराब की मांग को ध्यान में रखते हुए एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने कस्बा स्थित शराब की दुकानों पर अचानक पहुंची और जांच पड़ताल की।

इस दौरान एसडीएम ने दुकानदारों को स्टॉक का हिसाब रखने, ओवर रेटिंग न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी दुकान पर अवैध शराब बिकती हुई पाई गई तो सम्बंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को कहा कि यदि कहीं से भी ओवर रेटिंग की शिकायत प्राप्त हुई और जांच में ओवर रेटिंग करते हुए पाया गया तो त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम ने दुकानदारों के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री व रख रखाव को भी चेक किया। इस दौरान आबकारी इंस्पेक्टर आदित्य सिंह व केराकत थाने की पुलिस भी साथ में मौजूद रही।

# चार आरोपित गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद

**कार्रवाई**

आशनाई को लेकर सर्वजीत तिवारी की हुई थी हत्या

बरसठी के पुरेसवां गांव में गत 23 फरवरी को मिला था शव

**जनसंदेश न्यूज**



गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देते थानाध्यक्ष

**जौनपुर।** बरसठी थाना पुलिस ने रविवार को सर्वजीत तिवारी हत्याकांड का राजफाश कर दिया। सर्विलांस की मदद से चिह्नित किए गए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के अलावा तमंचा व कारतूस मिला है। सर्वजीत की हत्या आशनाई के चलते हुई थी।

प्रयागराज के सराय ममरेज के बैरहना पतैयां निवासी कोटेदार 38 वर्षीय सर्वजीत तिवारी का गत 23 फरवरी की सुबह बरसठी के पुरेसवां गांव स्थित प्रधान के तालाब के पास शव मिला था। उनकी बाइक वहीं पड़ी थी।

सर्वजीत तिवारी बुधवार की रात करीब नौ बजे स्वजन से बाजार में शामिल होने भदोही जाने की बात कहकर घर से निकले थे। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने मिले सुराग के आधार पर बरसठी के बसहरा गांव के नीरज कुमार गौतम, करन कुमार गौतम, शुभम गौतम व पतैयां के बंटी उर्फ आकाश गौतम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के अलावा 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। राजफाश करने वाली टीम में एएसआइ राज कुमार यादव, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल सुरेश यादव, दुर्गेश गौड़, अंकित राय, रघुराज सिंह, विजय प्रताप, संजय पटेल रहे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**बदलापुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बदलापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने इंदिरा चौक से दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर ग्राम पंचायत निवासी दाऊद शाह इदरीसी पुत्र जुबरैल उर्फ तसलीम है जिसके खिलाफ कोतवाली पुलिस ने नाबालिग की माँ की लिखित तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी

**संक्षेप**

### कम उम्र में शादी एक संज्ञेय अपराध : विजय पाण्डेय



**जौनपुर।** बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 कंपोजिट विद्यालय आदमपुर बरसठी सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर द्वारा बृहद जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि बाल विवाह घातक सामाजिक कुरीतियों से बच्चों को बहुत कम उम्र में ही शादी और गर्भधारण की समस्याओं में उलझा देता है। बाल विवाह बच्चों को अच्छी सेहत, पोषण व शिक्षा इन सारे अधिकारों से वंचित कर देता है और उन्हें परिपूर्ण व सबल मनुष्यों के रूप में विकसित होने का मौका नहीं देता। ऊंची प्रसूता व शिशु मृत्यु दर और पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला कुपोषण के पीछे यह एक बड़ा कारण है। बाल विवाह बच्चों पर कुछ सामाजिक और निर्णयकारी भूमिकाएं भी थोप देता है जबकि वह अभी इन जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से पूरी तरह तैयार नहीं होते हैं। हमारी समाज में बाल विवाह की प्रथा का पूरी तरह उन्मूलन करने के लिए भारत सरकार ने 1929 के बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के स्थान पर 2006 में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पारित किया था। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार प्रजापति प्रधान अध्यापक ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस, अध्यापकों, पंचायत सदस्यों और अन्य संबंधित पक्षों की जिम्मेदारियों अत्यधिक महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक सुभाष सरोज ने कहा कि बाल विवाह की सूचना निकट के थाने में या 1098 पर दे सकते हैं। 18 साल से कम उम्र की लड़की की शादी 21 वर्ष से कम बालक की शादी बाल विवाह नाबालिक में आएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुधई राम यादव ने कहा कि बाल विवाह करवाना या रचाना एक संज्ञेय अपराध और गैर जमानती अपराध है। बाल विवाह को निष्प्रभावी घोषित कर दिया जाएगा। बाल विवाह जागरूकता अभियान में हजारों बालिकाएं एवं महिलाओं की सहभागिता रही। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर सुशीला देवी, नीलम सिंह, संजय यादव, जवाहर लाल यादव, कंचन यादव, विजमा यादव, सावित्री गिरी, नीलम, राजेंद्र प्रसाद यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे। पूर्व चेयरमैन चाइल्ड वेलफेयर कमेटी मास्टर ट्रेनर बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान संजय उपाध्याय ने कहा कि बाल विवाह पर जागरुकता अभियान सतत चलता रहेगा।

### धर्मगुरुओं व पीस कमेटी के संग डीएम, एसपी ने की बैठक

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने आगामी होली एवं शब-ए-बरात पर्व को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिये धर्मगुरुओं एवं पीस कमेटी के पदाधिकारियों, सम्भ्रान्त नागरिकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक किया। जिलाधिकारी ने त्योहार के दिन पानी सप्लाई व विद्युत सप्लाई अनवरत सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने फूड सेफ्टी आफिसर को निर्देशित किया कि खोवा, मिठाई, नमकीन, तेल, मसालों व अन्य खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने हेतु टीमें बनाकर दुकानों पर निरीक्षण किया जाए। अस्पतालों में समुचित चिकित्सा व्यवस्था एवं 24 घण्टे डाक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाय जहॉ पर पूर्व में घटनाये हुयी हो उन मोहल्लों एवं ग्रामों में विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होने कहा कि छोटी से छोटी घटनाओं को भी प्रभावी रूप से समाधान किया जाय जिससे कोई बड़ा विवाद न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट में होली कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो कि 24 घण्टे सक्रिय रहेगा, जिसका सम्पर्क नम्बर 9454417117, 05452-260666 है। 3107 जगह होलिका दहन के लिए चिन्हित किये गए हैं। 74 जगह सवेदनशील चिन्हित किए गए है जिसके लिए आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद की खराब सड़को की स्थिति ठीक कराय जिससे त्यौहारो में दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों का निरीक्षण किया जाए और देखा जाए कि किसी भी दशा में नकली शराब न बिकने पाए, यदि ऐसा पाया गया तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि फायर की 10 गाड़ियां लगाई गई है। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर में साफ-सफाई का अभियान चलाया जाएं और प्रमुख स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करा लें।

## घर की सुरक्षा से लेकर बुलडोजर तक माडल का किया प्रदर्शन



**बदलापुर।** क्षेत्र के उमा बैजंती पब्लिक स्कूल शाहपुर में रविवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा दिखाकर लोगों को प्रभावित किया। बताते चलें कि इस दौरान कक्षा पांच से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. संजय दूबे ने सरस्वती पूजन के बाद फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि छात्रों में वैज्ञानिक शिक्षा का समावेश जरुरी है, ताकि वह वर्तमान दौर की चुनौतियों का सामना आगे चलकर कर सके। विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संचार विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा कि नवाकुंरों में एडीसन, एपीजे अब्दुल कलाम की सोच विकसित करने की जरुरत है। क्योंकि यही बच्चे आगे चलकर देश दुनिया में अपनी खुशबू बिखेर कर क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा लगाये गये माडल अपशिष्ट प्रबंधन का, वेस्ट रिसाइकिलिंग, जेसीबी, घर की सुरक्षा, वाटर प्यूरीफिकेशन, हाइड्रोलिक लिफ्ट, ब्रेन, हृदय, ग्लोबल वार्मिंग आदि सैकड़ों मॉडल प्रस्तुत किए गए। अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कृष्णदेव दूबे तथा संचालन प्रवक्ता डा. विजयशंकर तिवारी ने किया। स्वागत डायरेक्टर अशोक शुक्ल व आभार वाइस प्रिसिंपल दिनेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य रामकीर्ति दूबे, पूर्व प्रबंधक विनोद सिंह, विहिप के जिलाध्यक्ष रामसहाय पांडेय, लालबहादुर सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, प्रमोद यादव, शिव पूजन पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम नेहा मिश्रा के कार्यों को डीएम ने सराहा, दिया प्रशस्ति पत्र

**जौनपुर।** एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा को वादों का त्वरित निस्तारण करने के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रसन्नता जताई गई है। बता दें कि माह जनवरी में नए योजित 121 वादों के सापेक्ष 152 वादों तथा पांच वर्ष से अधिक पुराने 60 वादों का सफलता पूर्वक निस्तारण किया गया है जिससे लोगों को काफी सहूलियत महसूस हो रही है। एसडीएम नेहा मिश्रा द्वारा किये गए बेहतर कार्यो को देखते हुए जिलाधिकारी रहे मनीष कुमार वर्मा ने खुद प्रसन्नता जताई है एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि मेरा यही प्रयास है कि लोगों को दर दर न भटकना पड़े। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे, महिलाओं, बच्चों, वृद्धों की जरूरतों के प्रति खास ध्यान दिया जाए। क्षेत्र में अवैध और गलत कार्यो को करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



## ऐतिहासिक दो दिवसीय श्री मां शारदा श्रृंगार महोत्सव का समापन

**जौनपुर।** श्री माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर मंदिर का वार्षिक श्रृंगार महोत्सव धूमधाम से संपन्न हो गया। इस महोत्सव पर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। प्रथम दिवस पट खुलते ही माता का श्रृंगार एवं मंत्रोच्चारण द्वारा आरती की गई। इस अवसर पर आयोजित माता का श्रृंगार, हवन पूजन, अखंड रामायण पाठ एवं भव्य भंडारे में हजारों की संख्या से अधिक श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दो दिवसीय के प्रथम दिवस राम दरबार में कलश स्थापना एवं पूजन के लिए रविकांत जायसवाल पत्नी दीपमाला जायसवाल ने संकल्प कर अखंड रामायण पाठ आरंभ करवाया। अखंड रामायण पाठ मंदिर परिसरके राम दरबार से हुआ था।

इस अवसर पर देव-विग्रह सहित पूरे मंदिर परिषद को आकर्षण फूलों से सजावट की गई। दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में प्रसाद ग्रहण कर श्रृंगार महोत्सव को सफल बनाया। श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट परिवार द्वारा किए गए अतुलनीय प्रयासों की प्रशंसा की। महोत्सव के द्वितीय दिवस अखंड पाठ अयोध्या से आए हुए संतो द्वारा समापन के बाद हवन पूजन किया गया। मंदिर का भव्य भंडारा रविवार को दोपहर 1 बजे आरंभ हो गया। भंडारे के साथ आध्यात्मिक भजन संध्या आरंभ किया गया जिसमें गुरैनी जूनियर हाई सरकारी स्कूल शाहगंज की बच्चियों ने सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना के साथ नित्य परफॉर्मेंस दिया। प्रयागराज एवं बनारस से आये कलाकारों ने सुमधुर भक्ति संगीत गायन से पूरा माहौल भक्ति में कर दिया। देवी गीत गायक गुरमीत सिंह व उनकी सहयोगी टीम एवं बनारस से आई स्नेहा अवस्थी की प्रस्तुति से वहां आए लोग झूम कर नृत्य कर भजन संगीत का आनंद उठाया। जस्ट डांस के डायरेक्टर कृष्ण कुमारपांडे की टीम ने देव विग्रह की झांकी प्रस्तुत किया जिसमें राधा कृष्ण एवं भगवान शिवमसान की होली का नृत्य देखकर लोग भाव विभोर हो गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रौनक गुप्ता, शशांक सिंह रानू, ज्योति साहू, महेश, अनिल, चन्दन का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जायसवाल समाज के महामंत्री सुरेंद्र जायसवाल ने किया। भण्डारे का संचालन संदीप जायसवाल, सुशील जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, राजीव जायसवाल, रोहित जायसवाल किया।



**संक्षेप**

### एक दिन मेहमान हमारे घर पे भी बन जाइये: हबीबुल्लाह फैजी



**भदोही।** नगर के मर्यादपट्टी स्थित मदरसा जामिया शमसिया तेगिया में शनिवार की रात विगत वर्षों की तरह इस साल भी जश्न-ए-मेराजुनबी स. के पूरबहारा मौके पर जश्न-ए-दस्तार-फरागत का एहतमाम किया गया। जहां नातखानों ने एक से बढ़ कर एक कलाम पेश किए वहीं आलिमों ने की इस्लाही तकरीर कर शमा बांध दिया। कांफ्रेंस का आगाज कुरआन-ए-पाक की तिलावत से किया गया। शायर हबीबुल्लाह फैजी ने पढ़ा कि एक दिन मेहमान हमारे घर पे भी बन जाइये कि आशिकों की बस यही है इल्तेजा या मुस्तफा, बिल यकीन कोई नहीं है आप सा या मुस्तफा। इससे पहले फैयाज भदोहवी, नेहाल हबीबी, अरशद रजा झारखंडी आदि नातखानों ने नाते पाक का नजराना पेश किया। इसके बाद मौलाना रुहूल अमीन ने अपनी तकरीर के दौरान कहा कि ऐ दुनिया वालों अगर दुनिया के बारे में समझना चाहते हो तो कुरान पढ़ो, कुरान विज्ञान है, वैज्ञानिकों ने भी कुरान पर रिसर्च किया है। दुनिया मे कुरान की तरह कोई दूसरी किताब नहीं है। अल्लाह ने मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम आखरी नबी को दुनिया के लिए रहमत बना कर भेजा है। इसके बाद इस्लाही तकरीर करते हुए मौलाना सुहैल अहमद देहलवी ने लोगों को उनके हक व हुकूक की जानकारी दी। इस दौरान मौलाना रज्जब अली, मौलाना इफराद हुसैन, मौलाना कुतुबुद्दीन, विधायक जाहिद बेग, नूरैन खान, खुर्शीद खान, दानिश बेग, जमील नेता, डा.अफरोज, कमाल खान, हम्माद हुसैन,जुनैद अंसारी आदि रहे।

### दो आरोपियों पर हुई जिला बदर की कार्रवाई

**भदोही।** एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर मनबढ व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत दो शातिर, मनबढ व पेशेवर आरोपियों को जिला मजिस्ट्रेट गौरांग राठी ने यूपी गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत छः माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया। कार्यवाही के क्रम में थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए चौरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अनिल कुमार पुत्र होरीलाल निवासी कपालडीह के विरुद्ध व थाना कोईरौना व जनपद प्रयागराज क्षेत्र अंतर्गत अपने साथियों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए चोरी, नकबजनी व आयुध अधिनियम जैसे अपराधों से जनता में भय व आतंक व्याप्त कर गुंडागर्दी करने वाले अभ्यस्त, मनबढ आरोपी विजय गुप्ता उर्फ सिपाही पुत्र मिश्रीलाल गुप्ता निवासी नारेपार थाना कोईरौना के विरुद्ध चोरी जिला बदर की कार्रवाई की गयी। आरोपी विजय गुप्ता पर तीन व अनिल कुमार पर पाँच अपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

### अमीन संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष बने सतेंद्र श्रीवास्तव

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ का प्रांतीय उपाध्यक्ष भदोही के सत्येंद्र श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पचीस जनपदों के सक्रिय पदाधिकारियों की सूची जारी की। प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वह संघ की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सभी सदस्यों की भावनाओं व हितों का हमेशा ध्यान रखेंगे। सत्येंद्र कुमार के मनोनयन से जिला मंत्री विद्याधर चौबे, माया प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार उपाध्याय, राजमणि सरोज, अशोक कुमार पांडेय, प्रमोद लाल, रविंद्र सिंह, आदि संग्रह अमीनों ने प्रसन्नता व्यक्त की हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# जेस्ट पब्लिक स्कूल का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

मुख्य अतिथि के रुप में विधायक जाहिद बेग रहे मौजूद

वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखयी प्रतिभा

**जनसंदेश न्यूज**



जेस्ट पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**भदोही।** शहर के मोहल्ला आलमपुर में स्थित हाई जेस्ट पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रेयर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं स्कूल के शिक्षिकाओं द्वारा गाने की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रिंसिपल जाहिद अली अंसारी द्वारा एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

छोटे-छोटे बच्चों ने वेलकम डांस की बेहतरीन प्रस्तुति दी। उसके बाद आयोजित फैंसी ड्रेस रैंप वॉक में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने खूब जलवा बिखेरा। वाका-वाका डांस प्रोफार्मेंस को देखकर मौजूद सभी लोगों ने जमकर सराहना की। बीच में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उसके बाद एक बार फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें बच्चों द्वारा बैंक टू स्कूल, छूना है आसमान डांस की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के चेयरमैन हाजी मुजाहिदीन अली अंसारी ने कार्यक्रम में आएं सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर मुख्य रूप से हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, डा.शफात इमाम सिद्दीकी, नईम अंसारी डिजाइनर, मो.हसनैन अंसारी, शादाब हुसैन अंसारी गोल्डी, अब्दुल हन्नान अंसारी, रेहान हाशमी, आसिफ सिद्दीकी व राजू डायर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## हजरत आलम शहीद बाबा के आस्ताने पर जुटे अकीदतमंद

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** शहर के मोहल्ला आलमपुर स्थित हजरत आलम शहीद बाबा का सालाना उर्स शनिवार को बड़े ही अक ीदतो एहतेराम के साथ मनाया गया। उर्स की शुरूआत सुबह कुरान ख्वानी जो हुई तो जायेरिनो का मजारे पाक पर चादर चढ़ा कर फातेहा पढ़ने और नजरो नियाज का सिलसिला शुरू हो गया।

उर्स में जहां बूढ़े बच्चे जवान देखे गए तो वहीं काफी तायेदाद में हर वर्ग की महिलाएं भी मन कि मुरादों से भर्ती हुई नजर आईं। इस दौरान मजार परिसर के पास अस्थाई फूल माला व तबर्रुक की दुकाने लगी रही। उर्स के मौके पर बिस्कुट, पकौड़ी, खिलौने, खाजा व खजला कि दुकानों से लोग खरीदारी करते रहे तो वहीँ बच्चों ने झूले का आंनद लिया। इसी तरह बाद नमाज असर परंपरागत तरीके से गागर शरीफ उठाई गई जो मोहल्ले के विभिन्न रास्तो से होता हुआ देर शाम कार्यक्रम स्थल पहुंचा जहाँ बाद नमाज एशा महफिले शमा का आयोजन शुरू हुआ जो सुबह तक जारी रहा। इस मौके पर उर्स कमेटी के सरपरस्त शादाब हुसैन गोल्डी ने कहा हजरत आलम शहिद बाबा का सालाना उर्स बड़े ही अक ीदत व एहतेराम के साथ मनाया जाता है। इस दौरान निवर्तमान साभासद पति हन्नान अंसारी, कमेटी के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, जमालुद्दीन अंसारी, साबिर अली अंसारी, नसिरुद्दीन अंसारी, हाजी अब्दुस्सलाम अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी आदि लोगो ने आये हुए जायेरिनो का खैर मकदम किया।

## राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान और उनकी भूमिका पर हुई चर्चा

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

महिला सम्मान विषय पर हुई चर्चा

181,1098,102,108 एवं अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिलाओं को जागरूक किया

**ज्ञानपुर।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के साप्ताहिक आयोजन के चौथे दिवस जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर व जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया के देखरेख में आपकी सखी वन स्टॉप सेंटर पर 'इक्वल प्लेस इवेंट 'का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद की महिलाओं ने प्रतिभाग कर महिला सम्मान विषय पर चर्चा की तथा महिलाओं को समाज में सहभागिता निभाते हुए हर उस क्षेत्र तक पहुंचने का आवाहन किया। जिस क्षेत्र को अभी तक महिलाओं के लिए वर्जित माना जाता था।

विशेषकर कार्यस्थल पर महिलाओं की समान भागीदारी तथा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 को केंद्र में रखकर चर्चा की गई।समान काम के लिए समान वेतन तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की योगदान व उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की ओर से महिला कल्याण अधिकारी द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए। यह आयोजन महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित की गई थी। जिसमें एक मंच पर आकर प्रतिभागियों ने महिला समानता की बात करते हुए समाज में इनकी विशिष्ट भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान 181,1098 ,102 ,108 एवं अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिलाओं को जागरूक करते हुए प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर काउंसलर सत्येंद्र पांडेय, विकासखंड डीघ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरमैचा में तथा विकासखंड भदोही के ग्राम पंचायत सरोई में कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## घर के सामने सो रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**गोपीगंज।** कोइरौना थाना के दरवासी (सूफीनगर) में शनिवार की रात घर के सामने सो रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिए जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन फानन में गोपीगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दरवासी (सूफीनगर) गांव निवासी राजनाथ पाल उर्फ रजई के सिर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा गंभीर रूप से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया। गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे उसे उपचार के लिए गोपीगंज स्थित आनन्द नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंची कोइरौना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया जहां घटनास्थल से थोड़ी दूर पर हथौड़ी बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

# होलिका दहन स्थल का गोपीगंज पुलिस ने किया मुआयना

**जनसंदेश न्यूज**



होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते पुलिसकर्मी

**गोपीगंज।** होलिका दहन, शब ए बारात के पर्व एक ही दिन एक साथ पड़ने पर गोपीगंज पुलिस कोई कोर कसर सुरक्षा की दृष्टि को लेकर नहीं छोड़ रही है।

होली व शब ए बरात के मद्देनजर रविवार को गोपीगंज नगर सहित आसपास के क्षेत्र में चौकी प्रभारी मनोज राय मय हमराहीयों के साथ होलिका स्थल का जायजा लिया, वहीं आयोजकों से शांति एवं प्रेम सौहार्द के बीच त्यौहार मनाने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर रविवार को चौकी प्रभारी मनोज राय मयहमराहिओं के साथ नगर के सोनखरी, फूलबाग, सोनिया तालाब काली देवी सहित इत्यादि होलिका स्थलों पर व्यवस्था सुनिश्चित रखने का आह्वान किया गया। चौकी प्रभारी ने शब ए बरात व होली शांति पूर्वक मनाए जाने का आह्वान किया गया। होलिका दहन व शब ए बारात एक ही दिन होने के कारण विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई। कहा कि गोपीगंज नगर में हमेशा गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारा देखने को मिला है।

कहा कि आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि पर्व को शांतिपूर्वक सौहार्द के साथ मनाएं जाने मे सबका सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर दीवान एजाज खान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बनारस घराने को और समृद्ध बनाने की चाहत

**गुरुओं से जो कुछ भी मिला उसे आगे ले जाने की कामना**

**संगीत घरानेदारों ने ही इस वटवृक्ष को सींचा**

**युवा तबलावादक पं. प्रभाष महाराज से खास मुलाकात**





राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** बनारस घराने के कबीरचौरा निवासी युवा तबला वादक पं. प्रभाष महराज की बनारस संगीत घराने के तबला वादन के क्षेत्र को और भी समृद्ध करने की चाहत है। उनका कहना है कि आजकल के युवा बिना किसी साधना के उतना जल्दी हो सके नेम व फेम कमाना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए साधना भी जरूरी है। युवा पूछते हैं कि हम कब तक परिपक्व हो जायेंगे। लेकिन वे इतनी साधना नहीं करना चाहते। पं. प्रभाष महराज का कहना है कि हमें जो भी गुरुओं से मिला है उसे हम और भी आगे ले जाना चाहते है। युवा तबला वादक पं. प्रभाष महराज से खास मुलाकात हुई। 15 जुलाई 1983 को बनारस में पं बड़े रामदास दास के अत्यंत सम्मानित संगीत परिवार में संगीतकार की 15वीं पीढ़ी के रूप में पं. प्रभाष महराज का जन्म हुआ। संगीत विरासत का हिस्सा होने के नाते प्रभाष महराज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बनारस घराने के दिग्गजों जैसे दादा बंगाल टाइगर शीर्षक से सम्मानित तबला गुरु पं नन्हकू महाराज, पद्मविभूषण तबला सम्राट पं किशन महाराज और पिता सरोद वादक पं विकास महाराज से तबला वादन की शिक्षा प्राप्त की।





## कई विशिष्ट पुरस्कार भी मिले

संगीत में उनके विशिष्ट योगदान के लिए पं. प्रभाष महराज को कई पुरस्कार भी मिले इन पुरस्कारों में संत केशवदास रत्न सम्मान–बिहार सरकार जर्मनी का संसदीय बैच (जर्मनी संघीय गणराज्य) डॉ. राधा कृष्णन पुरस्कार, अवंतिका (नई दिल्ली) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सी.सी.आर.टी. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकारएन.सी.जेड.सी.सी. इलाहाबाद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तबला शिरोमणि, गोपियो, मॉरीशस/भारत सिटी कर्णिका टीवी नेटवर्क (भारत), सांस्कृतिक राजदूत पी.वी.सी.एच.आर. भारत/एशिया अवंतिका सम्मान (नई दिल्ली)।

## विदेशों में किया भारत का प्रतिनिधित्व

पं. प्रभाष महराज ने बांग्लादेश में ब्रुनेई दारुस्सलाम, ढाका, राजशाही और चटगांव में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस समारोह, ऑकलैंड, वेलिंगटन और न्यूजीलैंड की संसद में दिवाली उत्सव के दौरान गर्व से भारत और भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया है।

## सात साल की उम्र में हजारों लोगों के समक्ष किया तबला वादन



महज सात साल की छोटी उम्र में, प्रभाष महराज ने बनारस में हजारों दर्शकों के सामने अपना पहला तबला वादन दिया। भारत में सामाजिक अन्याय और दलितों की मशाल के खिलाफ लड़ने के लिए इकट्ठा हुए और बाद में महान शायर कैफी आजमी ने उन्हें सर्वोच्च प्रशंसा से सम्मानित किया । अपने 30 वर्षों के संगीत कैरियर में, उन्होंने भारतरत्न पं रविशंकर, भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, उस्ताद मुमताज हुसैन, पंडित विकास महाराज, वाइज गाइज, टॉम बेली, मिस्सी हिगिंस, जॉन हैंडी जैसे दिग्गजों के साथ गंगा जैसे कई मौकों पर तबला वादन किया।

### अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में रहे विजिटिंग प्रोफेसर

पं. प्रभाष महराज 16 वर्षों से अब तक भारत और भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए एक समझ और सम्मान पैदा करने के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में काम कर रहे हैं। कुछ विश्वविद्यालयों के नाम इस प्रकार हैं– बर्कले म्यूजिक कॉलेज (सैन फ्रांसिस्को) यूएसए कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए नॉर्थिज–कैलिफोर्निया, यूएसए सांता बारबरा विवि कैलिफोर्निया। यूएसए लोयोला मैरी माउंट यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया। यूएसए सैन डिएगो सिटी कॉलेज, कैलिफोर्निया। यूएसए ओचसेनहौसेन स्टेट म्यूजिक एकेडमी, जर्मनी यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड, न्यूजीलैंड।

### अब तक मिले छह स्वर्ण पदक

उन्हें भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 6 स्वर्ण पदक, विभिन्न छात्रवृत्ति और प्रमाणपत्र के साथ संगीत और समाजशास्त्र दोनों में दो मास्टर डिग्री से सम्मानित किया गया है। प्रभाष महाराज ने यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इटली, न्यूजीलैंड, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, ग्रीस, नीदरलैंड, मैक्सिको, दक्षिण अमेरिका, कनाडा, ब्रुनेई दारुस्सलाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, नेपाल, ओमान, दुबई में प्रदर्शन करने के लिए नियमित रूप से यात्रा की है।

### किन–किन महोत्सव में की भागीदारी

पं. प्रभाष महराज ने इतनी कम उम्र में ही अनगिनत संगीत महोत्सवों में भागीदारी कर संगीत का परचम फहराया। इनमें कालिदास संगीत समारोह, ताज महोत्सव, हरिदास संगीत सम्मेलन, जयपुर साहित्य और विरासत महोत्सव, आवास केंद्र–नई दिल्ली, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर–नई दिल्ली, बुद्ध महोत्सव, लखनऊ महोत्सव, सैन फ्रांसिस्को जैज महोत्सव, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, फ्रैंकफर्ट–जर्मनी, टैगोर सेंटर, भारतीय दूतावास–जर्मनी, तारानाकी–न्यूजीलैंड और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती हेलेन क्लार्क के साथ दिवाली उत्सव मनाने के लिए न्यूजीलैंड, वेलिंगटन की संसद में प्रदर्शन करने वाले पहले भारतीय तबला वादक होने का सम्मान मिला। अपने पिता पं. विकास महराज के साथ, वे 1990 में सामाजिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने हजारों निर्दोष जीवन को मुक्त करने के लिए कालीन, क्रॉकरी और चूड़ी उद्योगों में बाल श्रमिकों के खिलाफ मार्च किया, भूख हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने मां गंगा की रक्षा के लिए सुंदर लाल बहुगुणा के साथ कूच किया है। 1998 में, प्रभाष महराज ने पृथ्वी के चारों ओर पीने के पानी की नदियों को बचाने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगीतकारों होलीवाटर के बैंड का गठन किया। उनका सबसे प्रसिद्ध नारा "हम पेट्रोल के बिना जी सकते हैं लेकिन पानी के बिना जीवित नहीं रह सकते" अब दुनिया की आवाज बन गया है और दिन–ब–दिन सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ रहे हैं।

# अमेरिका–यूरोप का दबदबा दांव पर?

## यूक्रेन–रूस की जंग खोल रही है नये आयाम

**अमेरिकी अगुआई वाली अर्थव्यवस्था खतरे में है**

**रूस और यूक्रेन की जंग पूरी दुनिया की सोच बदल रही है**



यूक्रेन पर रूस के हमले का दूसरा साल शुरू हो चुका है। और उसे रोकने का प्रयास नाकाम हो गया है और लगता है कि दुनिया के देश इसे रोकने में दिलचस्पी भी नहीं ले रहे हैं। इस जंग के चलते दुनिया की आर्थिक स्थिति खराब होने की दुहाई भी दी जा रही है और रोकने का खांटी प्रयास भी नहीं हो रहा है। ऐसा लगता है कि इस युद्ध ने विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई को और गहरा कर दिया है। पश्चिमी देशों के राजनेता कहते हैं कि इस जंग से मौजूदा विश्व व्यवस्था या वर्ल्ड ऑर्डर को बहुत ज्यादा खतरा पैदा हो गया है।

उनका कहना है कि ये विश्व व्यवस्था नियमों पर आधारित है और उन नियमों में बदलाव के साफ संकेत दिख रहे हैं। विकसित देश (अमेरिका और यूरोपीय देश) भारत, चीन, दक्षिण अफ़्रीका और ब्राजील जैसे विकासशील देशों को इस बात के लिए राजी करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं कि वो रूसी आक्रमण के खिलाफ मोर्चेबंदी में उनके साथ आ जाएं।

पश्चिमी देश, यूक्रेन पर रूस के हमले को न केवल यूरोप पर हमला बता रहे हैं, बल्कि इसे लोकतांत्रिक दुनिया पर आक्रमण बता रहे हैं, और इसीलिए वो चाहते हैं कि दुनिया की उभरती हुई ताकतें यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की निंदा करें। लेकिन भारत और चीन के साथ-साथ, कई दूसरे विकासशील देश भी रूस और यूक्रेन के युद्ध को पूरी दुनिया के सिरदर्द के तौर पर नहीं देखते हैं। ये देश इस जंग को मोटे तौर पर यूरोप की समस्या मानते हैं। पिछले साल, स्लोवाकिया में एक सम्मेलन में शिरकत करते हुए, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप से गुजारिश की थी वो इस मानसिकता से ऊपर उठे कि, ४यूरोप की समस्या तो पूरी दुनिया का सिरदर्द है, मगर बाकी दुनिया की समस्याओं से यूरोप को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

यूरोप और अमेरिका में विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन को इस जंग के लिए जवाबदेह बनाने से भारत और चीन के इनकार ने नियमों पर आधारित मौजूदा विश्व व्यवस्था के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है। वो कहते हैं कि ज्यादातर विकासशील देशों ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर बहुत सोची-समझी निरपेक्षता का रास्ता चुना है जिससे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और स्थिरता के बजाय उनके अपने हित सधते हैं। और गैर-पश्चिमी देशों का ये रवैया आखिर में रूस को फायदा पहुंचाने वाला साबित हो रहा है।

सीरिया में फ्रांस के राजदूत रह चुके और पेरिस स्थित एक थिंक टैंक 'इंस्टीट्यूट मोंटेन्या' के विशेष सलाहकार मिशेल डुक्लो कहते हैं, आर्थिक मोर्चे पर रूस को उस सियासत से फायदा हो रहा है, जिस पर भारत और सऊदी अरब जैसे देश चल रहे हैं। अमेरिकी विद्वान जॉन इकेनबेरी दावा करते हैं कि अमेरिका की अगुवाई वाली मौजूदा विश्व व्यवस्था गहरे संकट में है। इकेनबेरी कहते हैं, अमेरिका ने मौजूदा विश्व व्यवस्था, दूसरे विश्व युद्ध के बाद के दौर में खड़ी की थी. पिछले 70 साल से ये विश्व व्यवस्था ही पश्चिम पर केंद्रित उदारवादी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की अगुवाई कर रही है, जिसे खुलेपन, वैश्विक नियमों और बहुपक्षीय सहयोग की बुनियाद पर खड़ा किया गया था।

वे कहते हैं, आज ये अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था भयंकर संकट की शिकार है. मध्य पूर्व, पूर्वी एशिया और यहाँ तक कि पश्चिमी यूरोप में लंबे समय से चली आ रही क्षेत्रीय व्यवस्थाओं में या तो बदलाव आ रहा है, या वो टूटकर बिखर रही हैं। ऐसा लग रहा है कि व्यापार, हथियार नियंत्रण और पर्यावरण से लेकर मानव अधिकार तक के वैश्विक अंतरराष्ट्रीय समझौते और संस्थाएँ कमजोर हो रहे हैं।

### क्या मौजूदा विश्व व्यवस्था के बिखर जाने का खतरा है?

अमेरिका का दबदबा केवल दो वजहों से है। उसकी सेना और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उसके शानदार आविष्कार और तरक्की, अमेरिकी ताकत के ये दो सबसे मजबूत स्तंभ हैं। बाकी बातें इन्हीं से जुड़ी हुई हैं– चाहे वो उसकी फिल्में हों या मीडिया की सॉफ़्ट पावर हो। चीन के अलावा आज बाकी दुनिया का सारा का सारा संचार और संवाद, पांच अमेरिकी कंपनियों के कब्जे में है।आज, यूक्रेन युद्ध वास्तव में कौन लड़ रहा है? यूक्रेन युद्ध में सबसे अहम किरदार एलन मस्क के स्टारलिंक सैटेलाइट अदा कर रहे हैं। ये अमेरिकियों की तकनीकी का विकास ही है, जिसके चलते अमेरिका ने अपने निजी क्षेत्र के जरिए भी उतनी ही उपलब्धियां हासिल की हैं, जितनी अपनी सरकारी ताकत के दम पर पाई हैं।

### भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलेगी?

जानकारों का मानना है कि अगले तीन साल में, या फिर ज्यादा से ज्यादा पांच वर्षों में भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बन जाना चाहिए. लेकिन उन्हें अफ़्रीकी संघ को भी शामिल करना चाहिए। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत के लिए सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने से भी बड़ी चुनौती क्या है? भारत को एक ऐसे आर्थिक और सियासी मॉडल की जरूरत है, जिससे उसका विजन यूं ही बरकरार रहे और देश में सियासी स्थिति जारी रहे. मेरी नजर में इसी में एक बड़ा सवाल छिपा है, मोदी के बाद कौन आएगा? किसके पास अगले 30 बरस की योजना है?

हालांकि, यूक्रेन में युद्ध की शुरूआत से बहुत पहले से ही मौजूदा विश्व व्यवस्था को चीन जैसी उभरती हुई वैश्विक शक्तियों से चुनौती मिल रही थी और, भारत जैसे देश ये सवाल उठा रहे थे कि आखिर संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में उभरती हुई ताकतों का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं हो?

दिलचस्प बात ये है कि विकासशील देशों के जानकार ये मानते हैं कि अमेरिका की अगुवाई वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के इस संकट से उभरते हुए देशों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। खास तौर से चीन, भारत और दूसरे गैर पश्चिमी विकासशील देशों के लिए इन मौकों की मदद से ये विकासशील देश विश्व व्यवस्था को नए स्वरूप में ढाल सकेंगे। इन देशों में नई विश्व व्यवस्था की मांग करने वाली आवाजें बुलंद होती जा रही हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में एलान किया था कि मैं साफ तौर पर देख सकता हूं कि कोरोना की महामारी के बाद हम बड़ी तेजी से एक नई विश्व व्यवस्था, एक नए समीकरण की तरफ बढ़ रहे हैं। ये इतना अहम मोड़ है कि भारतीय के तौर पर हम इस मौके को गंवाना नहीं चाहते हैं। दुनिया के मुख्य मंच पर भारत की आवाज बुलंद और स्पष्ट रूप से सुनाई देनी चाहिए। लेकिन, बड़ा सवाल ये है कि क्या नई विश्व व्यवस्था बनाने के लिए उभरते हुए देश, दूसरे विश्व युद्ध के बाद के नियमों और संस्थानों को सुधारने और पुनर्गठित करने का प्रयास कर रहे हैं? या फिर वो मौजूदा विश्व व्यवस्था की सत्ता में साझेदारी हासिल करना चाह रहे हैं?

# क्या उभर रही है एक नई विश्व व्यवस्था?

अब जो असली व्यवस्था उभर रही है वो यूरेशियाई विश्व व्यवस्था है। अगर आप इसमें रूस और चीन के जमीनी इलाके जोड़ दें, जो इस वक़्त सदी के सबसे अहम साझेदार बन रहे हैं, तो ये जमीनी इलाका पोलैंड की सीमा से भारत तक फैला हुआ है। ये नई विश्व व्यवस्था है। इस विश्व व्यवस्था में आप मध्य-पूर्व के साथी देशों के साथ ईरान और सीरिया को भी जोड़ सकते हैं। यूक्रेन युद्ध का खात्मा निश्चित रूप से दुनिया के सामरिक नक़्शे को नए सिरे से बनाएगा। इस जंग का असर एशिया पर भी पड़ने वाला है। अगर ये युद्ध रूस के खिलाफ जाता है, तो इसका नतीजा पूरे उत्तरी एशिया पर नजर आएगा। अगर जंग का फैसला रूस के हक में जाता है, वो अपने दम पर खड़े रहने में सफल होता है, और चीन के साथ अपने रिश्ते और मजबूत बना लेता है, तो हो सकता है कि एशिया के सामरिक समीकरण किसी और दिशा में आगे बढ़ जाएं। हालांकि ये बड़े बदलाव होने के लिए उस धुरी को अपनी जगह बदलनी होगी, जो पूरे माहौल को अपने काबू में रखती है। आम तौर पर ये बदलाव किसी युद्ध के बाद ही आता है।

अब ये है तो अफसोस की बात, मगर विश्व व्यवस्था को बदलने के लिए बदकिस्मती से आपको एक बड़े युद्ध, एक व्यापक संघर्ष की दरकार होगी। हालांकि, जरूरी नहीं है कि ये जंग तोपखानों की टक्कर की शक्ल में ही हो। ये युद्ध एक साथ कई मोर्चों पर लड़ा जाएगा। जैसे कि ये जंग आसमान या अंतरिक्ष में लड़ी जा सकती है। संचार की दुनिया में हो सकती है। ये जंग अर्थव्यवस्था, व्यापार या फिर दुनिया में डॉलर के दबदबे के खिलाफ लड़ी जा सकती है। मौजूदा विश्व व्यवस्था के खिलाफ शिकायतों का एक इतिहास है। इसकी बड़ी वजह संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की बनावट भी है। केवल पांच देशों को ही वीटो का अधिकार क्यों मिलना चाहिए?

संयुक्त राष्ट्र दुनिया नए आर्थिक बदलावों और उन देशों के सामरिक प्रभावों की नुमाइंदगी नहीं करता, जो उपनिवेशवाद के बाद की दुनिया में उभरे हैं, खास तौर से भारत की नुमाइंदगी। भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाना आगे बढ़ने का एक रास्ता हो सकता है। किसी-न-किसी तरह की नई व्यवस्था तो बनानी ही होगी। जब तक सुरक्षा परिषद में सुधार नहीं होगा, तब तक उस विश्व व्यवस्था को चुनौती मिलती रहेगी, जिसे आप अमेरिका के नेतृत्व वाली दुनिया कहते हैं।

एक तरह से देखें तो चीन की मौजूदगी उसकी ताकत की तुलना में ज्यादा है, क्योंकि, अभी हाल के वर्षों तक, अभी पिछली सदी के आखिर तक, चीन के पास न तो आज जैसी आर्थिक शक्ति थी, और न ही सियासी प्रभाव था. लेकिन, चीन ने भी अमेरिका के दबदबे को मानने से इनकार कर दिया था।

यूरोप सोचता है कि वो अमेरिका के साथ इस ब्रह्मांड का केंद्र है, और ये युद्ध एक निर्णायक मोड़ है। लेकिन, ये कोई अहम मोड़ नहीं है। ये एक गैर-जरूरी जंग है। लेकिन, जब आप इसकी तुलना इराक या अफगानिस्तान पर थोपे गए युद्धों से करते हैं, तो ये बहुत छोटी-सी लड़ाई लगती है। ये बात आपको इन युद्धों में मारे गए लोगों की तादाद से समझ में आ जाती है। भारत के विदेश मंत्री बार-बार कहते रहे हैं कि, ४हम किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं लेकिन अपनी जनता के हितों का ख़्याल रखना हमारी ज़िम्मेदारी है. अगर रूस से सस्ता तेल मिलता है, तो हम उसे खरीदेंगे। रूस से जितना तेल यूरोप खरीदता है, उसकी तुलना में भारत तो बहुत मामूली मात्रा में तेल खरीदता है।

### भारत–चीन की ज्यादा सुनी जाएगी

विकासशील देश सुधार चाहते हैं. ये नहीं कह सकते कि नियमों पर आधारित व्यवस्था पूरी तरह बेकार है। मिसाल के तौर पर तर्क दिया गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों (पी–5) में भारत को भी शामिल किया जाना चाहिए. क्योंकि ये दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। चीन को चाहिए कि वो भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखे. आप सुरक्षा परिषद में भारत को ले आएं और फिर आप अफ़्रीकी संघ को भी शामिल करें। यानी आप इसके सात स्थायी सदस्य बनाएं, ऐसे बहुत से वैश्विक संगठन हैं, जिनमें सुधार लाने की जरूरत है. जैसे कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन में। हर देश की अपनी राजनीतिक व्यवस्था होती है और वहां जबरदस्ती लोकतंत्र को बढ़ावा देना या थोपना अच्छा नहीं है।अब अमेरिकी लोकतंत्र को देखिए, जहाँ लोग कहते हैं कि वो अपने पास हथियार रखेंगे, चाहे वो जितने लोगों को गोली मार दें। क्योंकि, वो एक महान लोकतांत्रिक देश हैं और उन्हें बंदूक रखने का पूरा अधिकार है।

## हर साल दूल्हा–दुल्हन रह जाते हैं कुंवारे...

**मुकीमगंज से होली पर निकलने वाली होली बारात होती है अनूठी**

**बैंड-बाजे व नगाड़े पर डांस के बीच होती है अबीर गुलाल की बौछार**

**वाराणसी।** होली के दूसरे दिन मुकीमगंज से निकलने वाली अनूठी होली बारात में हर साल दूल्हा-दुल्हन कुंवारे रह जाते हैं। होली बारात में बाकायदा बग्घी पर सवार होकर मऊर लगाये दूल्हा भी शामिल रहता है। इस बग्घी के पीछे-पीछे हुड़दंगी बरातियों का हुजूम चलता है। सभी बैंड-बाजे व नगाड़े की थाप पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे से गले मिलते हुए चलते रहते हैं। यह बारात आपसी सौहार्द व एकता का परिचय भी देता है। यह बारात लगभग डेढ़ सौ साल से लगातार निकल रही है। होली बारात के अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता बताते हैं कि इस बार भी मुकीमगंज (नचनीकुंआ) की प्राचीन होली बारात धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली जायेगी। होली बारात नचनीकुंआ से निकल कर मुकीमगंज, गायघाट, तेलियानाला, मच्छोदरी, जतनबर आदि इलाकों से होती हुई पुनः मुकीमगंज नचनीकुंआ आकर समाप्त होती है। यहां पर बाकायदी शादी का मंडप भी बना रहता है। शादी की पूरी तैयारी रहती है। इसमें वर-वधू दोनों ही पक्ष के लोग शामिल रहते हैं। बारात जब मुकीमगंज पहुंचती है तो वर और वधू पक्ष में किसी बात को लेकर तकरार हो जाती है। इसके बाद ही वर पक्ष के लोग वहां से बिना शादी किये ही लौट जाती है। यह परम्परा विगत सैकड़ों साल से निरंतर चल रही है। इस बारात में क्षेत्रीय नागरिकों का भी सहयोग रहता है। इस बारात में कई बैंड पार्टियों के साथ ही नगाड़े की थाप भी गूंजती है।

# इस्कान मंदिर में मनायी गई फूलों की होली

**चैतन्य महाप्रभु की गौरंगा शोभायात्रा निकाली गई**





**वाराणसी।** चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्योत्सव गौर पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को भेलूपुर स्थित इस्कॉन मंदिर में फूलों की होली तथा महाभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। इस्कॉन मंदिर के चेयरमैन अच्युत मोहन प्रभु ने बताया की भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतार आज से 534 वर्ष पूर्व बंगाल के नवद्वीप में हुआ था। उन्होंने जाति पात और सांप्रदायिक भेदभाव से ऊपर उठकर हरिनाम संकीर्तन के द्वारा समाज में प्रेम, शांति, करुणा की स्थापना की। वैदिक शास्त्रों का कथन है की चैतन्य महाप्रभु स्वयं भगवान कृष्ण एवं राधारानी के युगल अवतार हैं। श्रीमद्भागवतम, महाभारत सहित कई पुराणों व ग्रंथों में भगवान के इस अवतार का वर्णन मिलता है । श्रीमद्भागवत में यह लिखा गया है कि कलयुग में भगवान श्रीकृष्ण गौर वर्ण में स्वयं अवतरित होंगे एवं हरिनाम संकीर्तन के प्रचार द्वारा कलयुग के जीवों का उद्धार करेंगे। अच्युत मोहन प्रभु ने समाज में मंदिर को मानवीय मूल्य की शिक्षा, वैदिक ज्ञान तथा आध्यात्मिक अनुशीलन के केंद्र के रूप अंत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज विश्व तथाकथित आधुनिकता की ओर अग्रसर है एवं भौतिक विकास के होने के बावजूद लोग गरीबी, बीमारी, मानसिक तनाव सहित विभिन्न कष्टों से पीड़ित हैं। उक्त समस्त भौतिक समस्याओं का निवारण सिर्फ अध्यात्मिक उपाय से ही संभव है और कलयुग में आध्यात्मिक उपाय बड़ा ही सरल है और इसका हर कोई पालन कर सकता है। वैदिक शास्त्रों एवं महान आचार्यों के कथनानुसार कलयुग में केवल और केवल भगवान का नाम लेकर हर कोई मानसिक शांति एवं आनंद की अनुभूति कर सकता है। चैतन्य महाप्रभु ने जीवों के कल्याण हेतु इस महामंत्र हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का सदा जाप करने को कहा। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी स्वयं कहा है की हरिनाम का सहारा लेकर जीव उनके परम धाम की प्राप्ति कर सकता है।